भाद्रपद शुक्ल पक्ष षष्ठी 09:53 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 9 सितंबर 2024

वर्ष 34, अंक 221, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान में शिक्षा आपातकाल घोषित 16

कंगना की फिल्म को मिला यूए सर्टिफिकेट 15

## बजरंग पूनिया को जान से मारने के धमकी कांग्रेस छोड़ने को कहा

चंडीगढ़, एजेंसी

- बजरंग ने सोनीपत के बहालगढ़ थाना में दर्ज कराई शिकायत पुलिस ने जांच शुरू की

कांग्रेस पार्टी में हाल ही में शामिल हुए ओलंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया को जान से मारने के धमकी मिली है। विदेशी नंबर से व्हाट्सएप पर धमकी दी गई है। बजरंग को धमकी में लिखा है कि बजरंग कांग्रेस छोड़ दो। वरना, तेरे और तेरे परिवार के लिए अच्छा नहीं होगा। ये हमारा आखिरी संदेश है। बजरंग ने सोनीपत के बहालगढ़ थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें पूनिया की ओर से शिकायत मिली है, जिसके बाद जांच शुरू की गई है। ओलंपियन पूनिया और विनेश फोगाट ने शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल होकर राजनीति में कदम रखा। कांग्रेस ने बाद में फोगाट को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जुलाना सीट से मैदान में उतारा, जबकि पूनिया को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। पूनिया ने टोक्यो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीता था। हरियाणा की 90 सीट के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा और आठ अक्टूबर को मतों की गिनती होगी।

## महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ी, आईसीयू में भर्ती

**अयोध्या, अमृत विचार:** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत रविवार शाम अचानक बिगड़ गई। उन्हें लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूरीनरी समस्या व मुंह के रास्ते कम आहार लेने की समस्या के चलते आईसीयू में डा. दिलीप दुबे की निगरानी में भर्ती किया गया है। वह इन दिनों ग्वालियर में थे। वहां भी इलाज चल रहा था। मेदांता के मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक स्थिति में सुधार नहीं होने के चलते उन्हें मेदांता अस्पताल में लाया गया। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### कश्मीर पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ ने पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों से कहा

## पीओके वाले हमारे, आइए बनें भारत का हिस्सा

जम्मू, एजेंसी



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के लोगों से भारत आने और इसका हिस्सा बनने के लिए कहा। उन्होंने पीओके के लोगों से कहा कि हम आपको अपना मानते हैं, जबकि पाकिस्तान आपको विदेशी मानता है।

भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह ठाकुर के समर्थन में रामबन विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद से जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने अनुच्छेद 370 को बहाल करने के चुनावी वादे को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि जब तक भाजपा है, यह असंभव है।

रक्षामंत्री ने कहा कि यहां अगली सरकार बनाने के लिए भाजपा का समर्थन करें, ताकि हम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास ला सकें। इतना विकास होगा कि पीओके के लोग देखकर कहेंगे कि हमें पाकिस्तान में नहीं रहना है, हम भारत चले जाएंगे। सिंह ने कहा कि पड़ोसी देश में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने हाल में एक हलफनामा दायर कर कहा कि पीओके एक विदेशी भूमि है। उन्होंने कहा, 'मैं पीओके के निवासियों को बताना चाहता हूं कि पाकिस्तान आपको विदेशी मान रहा है, लेकिन भारत में लोग आपको ऐसा नहीं मानते हैं। हम आपको अपना मानते हैं, इसलिए आइए और हमारा हिस्सा बनिए।' उन्होंने अफजल गुरु को फांसी दिए जाने के बारे में उमर अब्दुल्ला के बयान पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'उसके साथ क्या किया जाना चाहिए था? अगर उसे फांसी नहीं दी जाती तो उसे फूल-माला पहनाई जानी चाहिए थी?'

### पाकिस्तान घाटी में आतंकवाद बंद करे तो होगी बात

बनिहाल। राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बंद कर दे तो भारत उसके साथ बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। रामबन जिले के बनिहाल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के उम्मीदवार मोहम्मद सलीम भट के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे। कौन पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारना नहीं चाहेगा? क्योंकि मैं इस वास्तविकता को जानता हूं कि आप अपने मित्र को बदल सकते हैं, लेकिन अपने पड़ोसी को नहीं। हम पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध चाहते हैं, लेकिन सबसे पहले उन्हें आतंकवाद को रोकना होगा।'

### एक नजर

#### ईद मिलादुन्नबी का त्योहार 16 सितंबर को

**अजमेर।** अजमेर में इस्लामिक कलैंडर से रबी उल्ल अव्वल माह के आगाज हो जाने के बाद अब यह तय है कि 16 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी का जश्न मनाया जाएगा। अजमेर में दरगाह से जुड़े सूफी इंटरनेशनल संस्था ने पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव 'जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी' पर बहुत ही शानो-शौकत से जुलूस की तैयारी शुरू कर दी है। सूफी इंटरनेशनल के साथ अन्य मुस्लिम संगठनों ने तय किया गया कि हर साल की तरह इस साल भी दरगाह के नजदीकी ढाईदिन के झौपड़े से जुलूस शुरू होगा और दरगाह शरीफ के मुख्य दरवाजे निजामगेट के आगे से होता हुआ दरगाह बाजार, धानमंडी, दिल्ली गेट, गंज गुरुद्वारे, महावीर सर्किल होते हुए ऋषि घाटी बाईपास स्थित कुतुब साहब के चिल्ले पर संपन्न होगा। जहां सलातो सलाम पेश किया जाएगा।

#### छत्तीसगढ़: वज्रपात से सात लोगों की मौत, तीन घायल

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार-भाटपारा जिले में रविवार को वज्रपात से सात लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार शाम मोहतारा गांव में उस समय घटी, जब ये लोग खेत में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ये लोग भारी बारिश के बीच अपने खेत के पास एक तालाब के किनारे खड़े थे। तभी आकाशीय बिजली गिरी।

## सत्ता तो विरासत में मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं : मुख्यमंत्री

### अखिलेश पर कसा तंज, अंबेडकरनगर में कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

संवाददाता, अंबेडकरनगर



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि सत्ता तो विरासत में मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं। योगी ने कहा कि जो लोग सत्ता को अपनी जागीर समझते थे, वे अब सत्ता में वापस आने के लिए अराजकता पैदा करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के शासनकाल में गुंडे और माफिया अपनी समानांतर सरकार चलाते थे, लेकिन 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद से हालात बदल गए और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होने लगी।

रविवार को मुख्यमंत्री ने अंबेडकरनगर के हीड़ी पकिड़िया में 1231 करोड़ रुपये की लागत वाली 6,778 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के बाद अखिलेश पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार चलाने के लिए जज्बा चाहिए, दिल चाहिए और दिमाग भी चाहिए। सत्ता विरासत में मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि जब अंबेडकरनगर में हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष और टांडा निवासी हमारे प्रमुख कार्यकर्ता की हत्या हुई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। तब भी मुझे आंदोलन करने के लिए यहां आना पड़ा था।

योगी ने कहा 2017 से पहले पुलिस भागती थी और गुंडे उन्हें दौड़ाते थे, मगर 2017 के बाद से गुंडे-माफिया भाग रहे और पुलिस उन्हें दौड़ा रही। अगर किसी अपराधी ने कहीं कोई दुस्साहस किया तो सरकार किसी भी हद तक जाकर उसके दुस्साहस का जवाब देगी। मुख्यमंत्री ने सुल्तानपुर में सर्राफा व्यवसायी के यहां हुई डेढ़ करोड़ रुपये की लूट मामले के आरोपी मंगेश यादव की पुलिस मुठभेड़ में मौत पर अखिलेश द्वारा सवाल उठाए जाने की तरफ इशारा करते हुए कहा आप मुझे बताएं कि अगर कोई डकैत पुलिस से मुठभेड़ में मारा जाता है, तो सपा को बुरा क्यों लगता है। आप इन लोगों से पूछिए कि अपराधियों के साथ क्या होना चाहिए?

उन्होंने कहा कि क्या अयोध्या में निषाद जाति की एक बेटी के साथ सपा के एक नेता ने जो किया, वह ठीक था। हमारे मंत्री डॉ. संजय निषाद अयोध्या में उस बेटी की हालत देखकर रो पड़े थे, लेकिन सपा अब भी चाहती है आरोपी पर कोई कार्रवाई न हो। मुख्यमंत्री ने सपा पर गुंडों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा बेटी तो सबकी बेटी होती है। उसकी रक्षा पूरे समाज का दायित्व बनता है, लेकिन सपा इसका महत्व कहां समझ पाएगी। उसके यहां तो गुंडों की फौज थी। जो जितना बड़ा गुंडा और माफिया होता था, पार्टी में उसे उतना ही बड़ा ओहदा दे दिया जाता था।

### 2017 के बाद माफिया मुक्त हो गया है प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंबेडकरनगर में दावा किया कि 2017 के बाद उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त हो गया है। योगी ने सपा, कांग्रेस और बसपा पर अपने-अपने शासनकाल में तुष्टिकरण के अलावा और कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों की सरकार में कोई भी आयोजन नहीं करने दिया जाता था। न होली, न दीपावली, न दशहरा, न दुर्गा पूजा, न नागपंचमी और न ही कृष्ण जन्माष्टमी या शिवरात्रि... कोई भी त्योहार आप शांतिपूर्ण तरीके से नहीं मना सकते थे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 2017 के बाद त्योहारों में विघ्न डालने वाले और बेटियों व व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले गायब हो गए हैं। योगी ने मतदाताओं से कटेहरी विधानसभा सीट पर प्रस्तावित उपचुनाव में भाजपा का समर्थन करने की अपील की।

### हरियाणा विस चुनाव

## कांग्रेस-आप में समझौता, पांच सीटों पर लड़ेगी आप

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सीट समझौते पर सहमति बन गई है। आप ने हरियाणा में 10 सीटों पर चुनाव लड़ने की पेशकश की थी। सूत्र बता रहे हैं कि अब पांच सीटों पर बता बनी है। दोनों दल लोकसभा चुनाव की तर्ज पर विधानसभा चुनाव भी साथ मिलकर लड़ेंगे। संभावना है कि गठबंधन की घोषणा सोमवार को हो सकती है।

रविवार को दूसरे दिन भी हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया और आप नेता राघव चड्ढा के बीच बैठक हुई। सूत्रों का दावा है कि आप 10 सीटें मांग रही थी, लेकिन कांग्रेस ने उनको इतनी सीटें देने से साफ इनकार दिया। कांग्रेस ने पांच सीटों का ऑफर दिया है, जिस पर आप ने सहमति जताई है। सूत्रों का दावा है कि इन सीटों पर पंजाब के साथ लगी पिहोवा, कलायत, जींद और एनसीआर में गुरुग्राम, ओल्ड फरीदाबाद और पानीपत ग्रामीण देने पर सहमति बनी है। उधर, आप पार्टी की ओर से पंजाब के साथ ही लगती गुहला चीका सीट भी मांगी है, लेकिन इस पर सहमति नहीं बनी है।

## घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ के सरोजनी नगर में शनिवार को गिरी इमारत में आठ लोगों की जान जाने की घटना को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हादसे पर दुख व्यक्त किया है।

प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख, जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। रक्षामंत्री एवं लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह भी फोन पर जहां घटना के बाद राज्य सरकार से अपडेट ले रहे हैं। इस मामले में रात 2.30 बजे ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी एमके सिंह की तहरीर पर सरोजनी नगर थाने में मालिक राकेश सिंघल पर गैर इरादतन हत्या समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

### सरोजनी नगर हादसा

- प्रधानमंत्री ने की मुआवजे की घोषणा, राष्ट्रपति ने भी जताया दुख

#### योगी ने अस्पताल पहुंच घायलों का लिया हालचाल



**लखनऊ।** गोरखपुर दौरे के बाद रविवार को एयरपोर्ट पर उतरते ही मुख्यमंत्री सीधे सरोजनी नगर हादसे में घायलों का हालचाल लेने लोकबंधु अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न वार्ड में भर्ती 10 मरीजों के पास जाकर एक-एक का हाल जाना। उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके बाद योगी ने यहां वार्ड में मौजूद मरीजों के परिजनों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। हर किसी की हरसंभव मदद की जाएगी।

#### जांच समिति के अध्यक्ष होंगे गृह सचिव डॉ. संजीव गुप्ता

मुख्यमंत्री ने सरोजनी नगर हादसे की गहन जांच के लिए रविवार को तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। जांच समिति में गृह सचिव डॉ. संजीव गुप्ता को अध्यक्ष तथा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के सचिव बलकार सिंह व लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) विजय कनौजिया को सदस्य नियुक्त किया गया है।

## स्कूल के वॉट्सएप ग्रुप से गणेश जी की तस्वीर हटाने पर प्रदर्शन, प्रिंसिपल गिरफ्तार

**कोटा।** एक सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य को स्कूल के व्हाट्सऐप ग्रुप से गणेश चतुर्थी के शुभकामना संदेशों को हटाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पोस्ट हटाने के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। ग्रामीणों ने लटूरी गांव के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य शफी मोहम्मद अंसारी को हटाने की मांग को लेकर स्कूल के सामने प्रदर्शन किया। डीएसपी नरेंद्र नादर ने बताया कि प्रधानाचार्य ने स्कूल के व्हाट्सऐप ग्रुप से भगवान गणेश की तस्वीर वाली पोस्ट हटा दी। इस ग्रुप में अभिभावक और शिक्षक सदस्य हैं। बपावर थानाधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि अंसारी को सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

- प्रिंसिपल शफी मोहम्मद अंसारी को सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में किया गया गिरफ्तार

## टीएमसी के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार देंगे इस्तीफा

कोलकाता, एजेंसी



- आरजी कर मामले में पार्टी के रुख से थे नाराज

तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि वह राजनीति भी छोड़ देंगे।

सरकार ने तृणमूल सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखे पत्र में उनसे राज्य की सुरक्षा के लिए कुछ करने का आग्रह किया। उन्होंने दो पन्नों के पत्र में कहा कि मैं वर्तमान परिस्थितियों में (पार्टी में) और नहीं रह सकता। राज्यसभा सांसद ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को सांसद पद छोड़ने के अपने फैसले के बारे में सूचित करने के लिए पत्र लिखा है और जल्द ही राज्यसभा के सभापति से मिलकर अपना त्यागपत्र सौंपेंगे। पूर्व नौकरशाह ने कहा कि मैंने सोचा था कि आप चल रहे आंदोलन में पुरानी ममता शैली में हस्तक्षेप करेंगी, लेकिन मैंने ऐसा नहीं देखा।" उन्होंने डॉक्टर की हत्या के बाद के घटनाक्रमों से निपटने के राज्य सरकार के तरीके की आलोचना की।

## भारत में मंकीपॉक्स का एक संदिग्ध मिला

**नई दिल्ली।** भारत में मंकीपॉक्स का संदिग्ध मामला सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे लेकर जानकारी दी है। हालांकि संदिग्ध रोगी के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं दी है। मंत्रालय ने बताया कि संदिग्ध ने हाल ही में मंकीपॉक्स का संक्रमण झेल रहे एक देश की यात्रा की थी। फिलहाल उसे मंकीपॉक्स के लिए तय किए गए एक अस्पताल में आइसोलेट किया गया है।



- विशेष अस्पताल में किया गया आइसोलेट स्वास्थ्य मंत्रालय अलर्ट

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि फिलहाल संदिग्ध रोगी की हालत स्थिर है। एमपॉक्स की मौजूदगी की पुष्टि के लिए मरीज के नमूनों का परीक्षण किया जा रहा है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि उसके लक्षण एनसीडीसी द्वारा पहले से बताए गए लक्षणों के अनुरूप ही हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि इसे लेकर पर्याप्त सावधानी बरती जा रही है। और सभी प्रोटोकॉल का ध्यान रखा जा रहा है।

## पटना जा रही मगध एक्सप्रेस की कपलिंग टूटी, ट्रेन दो हिस्सों में बंटी

पटना, एजेंसी



घटना के बाद अफरातफरी मच गई और यात्री बोगियों से बाहर आ गए। ● एजेंसी

बिहार के बक्सर जिले में त्रिवेणीगंज और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशनों के बीच रविवार सुबह नई दिल्ली से इस्लामपुर जा रही मगध एक्सप्रेस की कपलिंग अचानक टूट गई, जिससे ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई।

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्रा ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 11.08 बजे तुरीगंज और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। सरस्वती चंद्रा ने बताया कि डाउन लाइन में त्रिवेणीगंज-रघुनाथपुर के बीच ट्रेन के इंजन से 13वें नंबर के डिब्बा एस-7 और इंजन से 14वें नंबर के डिब्बा एस-6 के बीच का कपलिंग अचानक टूट गई। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। बचाव दल के साथ-साथ तकनीकी दल भी मौके पर पहुंच गए और इसे जल्दी ही ठीक कर दिया गया। चंद्रा ने कहा कि डाउन लाइन पर ट्रेन यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ। रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि घटना के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच कराई जाएगी।

## सपा के पूर्व मंत्री यासर की गिरफ्तारी पर रोक

लखनऊ, विधि संवाददाता

- पेपर लीक की फर्जी पोस्ट डालने का मामला, हाईकोर्ट ने दी चेतावनी



**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सपा नेता व पूर्व मंत्री यासर शाह को बड़ी राहत देते हुए, पुलिस भर्ती का पेपर लीक होने सम्बंधी फर्जी पोस्ट मामले में उनकी गिरफ़्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। साथ ही न्यायालय ने यासर शाह को चेतावनी देते हुए ताकीद किया है कि वह भविष्य में सोशल मीडिया पर कोई सामग्री डालने को लेकर सतर्कता बरतें।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यासर शाह की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से हुसैनगंज थाने में 22 अगस्त 2024 को दर्ज कराई गई एफआईआर को चुनौती दी गई थी। प्रभारी मीडिया सेल सत्येन्द्र कुमार द्वारा दर्ज कराई उक्त एफआईआर में तमाम सोशल मीडिया हैंडल्स को नामजद करते हुए आरोप लगाया गया है कि अभियुक्तों द्वारा पेपर लेएक की फर्जी अफवाह फैलाते हुए, पैसों की मांग की जा रही है। उक्त एफआईआर में यासर शाह द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर किए गए ट्वीट की भी शिकायत की गई है, कहा गया है कि यूजर द्वारा भर्ती के पेपर लीक का असत्य कथन कहते हुए, अपमानजनक पोस्ट की गई है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से याचिका का विरोध किया गया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात पारित अपने आदेश में कहा कि मामले में याची की भूमिका सिर्फ एक ट्वीट तक सीमित है जो कि आपत्तिजनक हो सकता है लेकिन दूसरी तरफ हम संविधान में प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को भी अनदेखा नहीं कर सकते। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने याची को अंतरिम राहत दी, हालांकि विवेचना में कोई हस्तक्षेप नहीं किया है।

## एनईईटी की मेरिट सूची से मिलेगा नीट पीजी काउंसिलिंग में मौका

### प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग अभ्यर्थियों की आपत्ति के बाद डीजीएमई कार्यालय ने किया दावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं की शुचिता पर उठ रहे सवालों के बीच प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग (पीएमएसएच) के अभ्यर्थियों के नीट पीजी मामले को लेकर शासन सतर्क हो गया है। इससे पहले की प्रभावित अभ्यर्थियों की नाराजगी बढ़ती रविवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सावधानी बरतने की पहल करने का दावा कर दिया। दरअसल, नीट पीजी काउंसिलिंग में पीएमएसएच के चिकित्सकों की मेरिट सूची सवालों



के घेरे में है। अधिक रैंक वाले अनुत्तीर्ण चिकित्सकों को मेरिट सूची में शामिल किए जाने के आरोप लग रहे हैं।

अभ्यर्थियों की शिकायत और 'अमृत विचार' में खबर प्रकाशित होने के बाद रविवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कहा कि प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग (पीएमएसएच) के अभ्यर्थियों को नेशनल इलीजिबीलिटी-कम-इंट्रेन्स टेस्ट (एनईईटी) की मेरिट सूची के आधार पर नीट पीजी काउंसलिंग में शामिल होने का मौका मिलेगा। अधिकारियों का दावा है कि नीट पीजी काउंसिलिंग में पीएमएसएच के अभ्यर्थियों की जारी सूची को लेकर अभ्यर्थी चिकित्सकों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। कांउसिलिंग में उन्हीं अभ्यर्थी को मौका मिलेगा, जो लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही उन्हें एनईईटी द्वारा प्राप्तांक के साथ विस्तृत परिणाम की कॉपी उपलब्ध हो जाएगी। इसके बाद राज्य में अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार की जाएगी। परिणाम में पीएमएसएच के उत्तीर्ण अभ्यर्थी को ही राज्य सरकार की ओर से विशेष भारांक देकर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। उक्त सूची में शामिल अभ्यर्थियों को सीट लॉक करने का मौका मिलेगा।

### आपत्ति दर्ज कराएंगे पीएमएसएच अभ्यर्थी

स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक प्रशिक्षण द्वारा जारी अनियमित्ताओं से भरी सूची पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए जल्द ही पीएमएसएच अभ्यर्थी राजधानी पहुंचेंगे। अभ्यर्थियों का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा और चिकित्सकों के कैरियर से जुड़े मामले में लापरवाही बरतना चिंतनीय है।

### परीक्षा में आए सवालों पर भी उठी थी आपत्ति

11 अगस्त को दो पाली में संपन्न नीट पीजी की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र भी सवाल उठ चुके हैं। एनईईटी की ओर से वेबसाइट पर अपलोड प्रश्नों पर अभ्यर्थियों ने विरोध दर्ज कराया था। विरोध के बाद आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, नई दिल्ली ने जांच की थी, इसके बाद प्रकरण निस्तारित कर दिया गया था।

## एक नजर

### उन्मुखीकरण गोष्ठी में लोगों को दी जानकारी

**हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक बावन की ग्राम पंचायत सोनेपुर में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले सभी आवास विहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जाने हेतु उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ग्रामीणों को आवास की पात्रता व अपात्रता के संबंध में जानकारी दी गई। बताया कि सरकार द्वारा विगत कई वर्षों से इस कई बिन्दुओं पर छूट दी गई है। उपस्थित लोगों की शंकाओं का समाधान भी बीडीओ डॉ राम प्रकाश ने किया। इस अवसर पर सचिव अनिल चौरसिया, सुरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत में बना रहे आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। जिसे इसी माह में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

### किशोरी से छेड़छाड़ करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार।** गांव निवासी युवक पर घर के आंगन में सो रही किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। पिता ने उसके विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज करवाया है। ग्राम अटवा निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर मे बताया है कि बीती शनिवार की रात गांव का युवक इकबाल उसके घर में घुस आया और आंगन में सो रही उसकी पुत्री से छेड़छाड़ करने लगा। शोर सुनकर जब परिजन जाग गये तो आरोपी मौके से भाग निकला। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दीपक बने सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव

**हरदोई, अमृत विचार।** समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कुलपति प्रोफेसर बी. पाण्डेय ने नगर के सीएसएन कॉलेज के हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दीपक कुमार राय को समाजवादी शिक्षक सभा में राष्ट्रीय सचिव नामित किया है।

# त्योहारों पर लोगों को घर पहुंचने में होगी मुश्किल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** आगामी दीपावली और छठ के त्योहार को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा लगातार फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों के संचालन को लेकर निर्देश जारी किए जा रहे हैं। मुरादाबाद मंडल से होकर दर्जनों फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन संचालित होगी, लेकिन इनमें से किसी भी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का ठहराव अब तक हरदोई रेलवे स्टेशन पर नहीं दिया गया है।

दीपावली के त्योहार को लेकर हरदोई से होकर जाने वाली अधिकांश ट्रेनों में यात्रियों को लंबी-लंबी वेटिंग का सामना करना पड़ रहा है। रेल यात्री फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन की प्रतीक्षा में है लेकिन मण्डल



▸▸ हरदोई रेलवे स्टेशन पर अब तक किसी भी फेस्टिवल एक्सप्रेस का नहीं दिया गया ठहराव

रेल कार्यालय मुरादाबाद द्वारा हरदोई रेलवे स्टेशन पर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का ठहराव नहीं दिया गया। हरदोई के अतिरिक्त सीतापुर और शाहजहांपुर में फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का ठहराव को रेल प्रशासन द्वारा मंजूरी दी गई है। त्योहार पर दिल्ली और पंजाब आने और जाने वाले रेल यात्रियों की संख्या सबसे अधिक होती है। ऐसे में कई रेल यात्री ने तो त्योहार को देखते हुए 120 दिन पहले अपना आरक्षण करा लेते हैं जबकि कुछ रेल यात्री कार्यालय और निजी संस्थानों में अवकाश को लेकर असमंजस में रहते हैं जिसके चलते उन्हें ट्रेनों में लंबी-लंबी वेटिंग का सामना करना पड़ जाता है।

### त्योहार पर दिल्ली व पंजाब से घर आते हैं यात्री

**हरदोई।** रेल प्रशासन द्वारा हरदोई से होते हुए दिल्ली आजमगढ़ के लिए स्पेशल ट्रेन के संचालक को अनुमति दी गई है जबकि अंबाला से खड़कपुर के लिये विशेष ट्रेन का संचालन किया गया है। इसके साथ मुरादाबाद मंडल से होकर गुजरने वाली दर्जन भर ट्रेनें शामिल फेस्टिवल स्पेशल में शामिल है लेकिन हरदोई में किसी भी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का ठहराव न होने से यात्रियों में मायूसी है। रेल यात्री लगातार हरदोई रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे हैं लेकिन रेगुलर ट्रेन तो छोड़िए हरदोई में फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का भी ठहराव रेल प्रशासन द्वारा नहीं दिया जा रहा है। हरदोई से सैकड़ो की संख्या में छात्र दिल्ली व हरियाणा उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं जो की दीपावली के त्योहार पर अपने घर त्यौहार मनाने के लिए लौटते हैं और वापस अपने कॉलेज जाते हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रमिक पंजाब व दिल्ली हरियाणा की फैक्ट्री में कार्य कर रहे हैं जो कि त्योहार पर अपने घर पर आते हैं। रेल प्रशासन द्वारा ट्रेनों में वेटिंग टिकट पर की गई सख्ती के बाद यात्रियों में वेटिंग टिकट लेकर ट्रेन में यात्रा करने पर भय की स्थिति बनी रहती है वहीं अधिकांश ट्रेनें त्योहार पर पहले से ही फुल हो चुके हैं। ऐसे में फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन हरदोई में ठहराव न होने से यात्रियों में काफी मायूसी है। यात्रियों ने रेल प्रशासन से मांग किया कि हरदोई रेलवे स्टेशन पर भी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का तहराव किया जाए जिससे दिल्ली अमृतसर अंबाला हरिद्वार से हरदोई आने वाले रेल यात्रियों को त्यौहार पर सुविधा मिल सके हालांकि अब देखने वाली बात यह होगी की रेल प्रशासन यात्रियों से मांग पर विचार करके हरदोई में फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का ठहराव देता है या त्यौहार पर रेल यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

# समूहों के आर्थिक क्रिया कलापों का हो प्रचार : डीएम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की ओर से की जा रही नियमित समीक्षा के परिणाम स्वरुप जनपद में समूह गठन के कार्य में तेजी आई है। अब तक कुल 19 हजार 329 समूहों का गठन हो चुका है। समूह गठन के उपरांत अब पूरा जोर ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित इन समूहों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने पर है।

जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम व अन्य सम्बंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि समूहों द्वारा की जाने वाली रोजगार परक आर्थिक क्रियाकलापों का सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि आमजन इन समूहों से सीधे जुड़ सके तथा समूहों को आर्थिक लाभ हो व आमजन को अच्छी गुणवत्ता का सामान प्राप्त हो सके। उन्होंने एनआरएलएम को एक सोशल मीडिया एकाउन्ट बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इन महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित उत्पादों की विभिन्न त्योहारों, पर्यटन स्थलों व प्रदर्शनियों में बिक्री की व्यवस्था की जाये। समूहों की दीदियों को रोस्टर के अनुसार उत्पाद बिक्री के लिये स्थान उपलब्ध कराया जाये ताकि समूहों की उत्पाद बिक्री में वृद्धि हो और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आय बढ़े।

# जानलेवा हमले में घायल अधेड़ की मौत

## तहरीर देने पर भी पुलिस नहीं दर्ज कर रही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** घर में घुसकर फावड़े और लाठी-डंडे से किए गए हमले में घायल अधेड़ की रविवार को घटना के 8वें दिन मौत हो गई। हमले के बाद से कार्रवाई के लिए पुलिस से गुहार लगा रही पत्नी की सुनवाई नहीं हुई। अब अधेड़ की मौत के बाद भी पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है।

मामला कासिमपुर थाने के महमूदपुर धतिगढ़ा का है। गांव की शर्मा देवी पत्नी रतिराम का कहना है कि 1 सितम्बर को उसी के गांव की गुड्डी पत्नी निरंजन उसके घर पहुंच कर गाली-गलौज करने लगी। वहीं से बात इतनी बढ़ गई कि गुड्डी और बाहर खड़े उसके पति निरंजन, पुत्र कौशल उर्फ मलिखे, जसवंत व शुभम के अलावा रामजी और श्यामजी फावड़ा व लाठी-डंडे ले कर उसके घर में घुस पड़े और पति रतिराम के ऊपर हमला कर दिया। उसके चिल्लाने की आवाज सुन पुत्र दयाराम और पड़ोसी दौड़, हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। शर्मा देवी का कहना है कि खून से लथपथ उसका पति ज़मीन पर गिर पड़ा, उसी बीच हमलावर धमकी देते हुए भाग गए। रतिराम को सीएचसी से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया। शर्मा देवी का कहना था कि उधर उसका पति मौत और ज़िंदगी से जूझ रहा था, वहीं दूसरी तरफ वह रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर लगाती रही। आखिरकार रविवार की सुबह रतिराम ज़िंदगी से हार गया। मौत की खबर सुनते ही गांव में कोहराम मच गया। रतिराम की पत्नी शर्मा देवी का आरोप है कि पुलिस हमलावरों को बचाने के लिए उसके पति की मौत के मामले में खेल कर रही है, दबाव बनाने के लिए उसने घुड़की देना शुरू कर दी।

### पुलिस की गाड़ियां गांव के लगा रहीं चक्कर

महमूदपुर धतिगढ़ा के रतिराम की लखनऊ में हुई मौत की खबर सुनकर पुलिस एक-दम से अर्लट हो गई। कासिमपुर के अलावा आस-पड़ोस के थानों की पुलिस की गाड़ियां वहां चक्कर लगा रहीं है। गांव को छावनी जैसा बना दिया गया। वहां के लोगों का कहना है कि अगर पुलिस शुरु से अलर्ट रहती तो शायद इस तरह की नौबत नहीं आती।

# ढाबे पर बैठकर मुफ्त में शराब पीने व खाना खाने वाला दरोगा निलंबित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ढाबे पर बावर्दी बैठकर शराब पीने, खाना खाने और ढाबा मालिक द्वारा पैसे मांगने पर वर्दी का रौब गांठने वाले दरोगा को एसपी ने निलंबित कर दिया है। दरअसल पाली थाने में तैनात एसआई मृत्युंजय प्रताप नारायण सिंह की इस हरकत की जांच सीओ (शाहाबाद) अनुज कुमार मिश्रा ने की और उनकी रिपोर्ट पर एसपी ने एक्शन लिया।

एसपी नीरज कुमार जादौन से शिकायत की गई थी कि पाली थाने में तैनात एसआई मृत्युंजय प्रताप नारायण सिंह मुफ्त में ढाबे पर शराब पीने और फिर खाना खा लेते हैं और पैसे मांगने पर वर्दी का रौब गांठने लगते है। एसपी ने सीओ (शाहाबाद) अनुज मिश्रा को मामले की जांच सौंपी। उनकी जांच रिपोर्ट आने पर एसपी ने कार्रवाई करते हुए एसआई मृत्युंजय प्रताप नारायण सिंह को निलंबित कर दिया और उसके बाद की शुरुआती जांच सीओ (लाइन) अंकित मिश्रा को सौंपते हुए उनसे 7 दिनों में रिपोर्ट तलब की है। एसआई की इस हरकत से एक्शन में आए एसपी की कार्रवाई से पुलिस महकमें में सन्नाटा है।



निलंबित दरोगा मृत्युंजय प्रताप नारायण सिंह।

> पुलिस महकमें का अधिकारी हो या कर्मचारी, उसे अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पूरा ध्यान रखना होगा, इसमें कोई उदासीनता और शिथिलता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अगर कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> –नीरज कुमार जादौन, एसपी

# मां का इलाज कराने आये युवक को हास्पिटल से भगाया, नहीं दी दवाई

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सरकारी हास्पिटल के डाक्टर तानाशाही पर उतारू है। युवक बुखार से तप रही अपनी मां को दवाई दिलाने पहुंचा, वहां काफी भीड़ थी, युवक ने हालत काफी खराब होने का हवाला देते हुए जल्द देख लेने को कहा, उसी बात पर फिजिशियन का असिस्टेंट बिगड़ गया और गाली-गलौज करते हुए मारने के लिए हाथ तक उठाया और फिर धमकाते हुए वहां से भगा दिया। युवक अपनी शिकायत ले कर सीएमओ के पास पहुंचा, जहां उसे बताया गया कि साहब सण्डीला गए हुए है। अब वह सोमवार को अपनी शिकायत दर्ज कराएगा।

जानकरी के अनुसार अहिरोरी ब्लाक के नयागांव निवासी रामसनेही की पत्नी रामवती काफी समय से बुखार आ रहा था। इधर-उधर से काफी इलाज कराया गया, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। उसके बाद शनिवार को उसका बेटा रजनीश अपनी मां रामवती को इलाज के लिए 100 बेड हास्पिटल उठा लाया। रजनीश ने बताया कि फिजिशियन डा. प्रतीक नलवा के पास काफी भीड़ थी, उसने अपनी मां की बिगड़ती तबियत का हवाला देते हुए जल्दी देख लेने को कहा, बस इसी बात पर वहां फिजिशियन का अस्सिटेंट बिगड़ पड़ा और उसने रजनीश को मारने के लिए हाथ उठाते हुए उसे भाग जाने की धमकी दी, साथ ही दोबारा उधर दिखाई न देने की धमकी दी। डाक्टर के असिस्टेंट की इस हरकत पर वहां मौजूद लोग सकते में आ गए, उन्होनें कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो लोग सरकारी हास्पिटल में आने से डरेंगे। रजनीश अपनी शिकायत लेकर सीएमओ के पास पहुंचा, जहां उसे बताया गया कि साहब सण्डीला गए हुए है। उसने सोमवार को उनसे मिलने की बात कही है।

# जमीन पर पड़ा था महिला का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बेटी की मौत की खबर सुन कर पहुंचे पिता को अपनी बेटी का शव ज़मीन पर पड़ा हुआ था, उसके पिता ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है, जबकि उसके पति ने फांसी लगा कर आत्महत्या करने की बात कही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लोनार थाने के सरैंया मजरा शाहपुर नाऊ निवासी सतीश चन्द्र की 28 वर्षीय पुत्री कृष्णा की शादी कोतवाली देहात के ईश्वरी पुरवा निवासी मनोज के साथ करीब तीन साल पहले हुई थी। कृष्णा के एक दो साल की बेटी है। पिता सतीश चन्द्र ने बताया कि रविवार की सुबह उसे ससुराल वालों ने सूचना दी कि कृष्णा ने आत्महत्या कर ली। इसका पता होने पर उसके पिता और मायके वालें सरैंया पहुंचें, जहां देखा कि कृष्णा का शव वहीं ज़मीन पर पड़ा हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से कृष्णा के ससुराल वाले दहेज़ की मांग करते हुए उसे मारते-पीटते थे, आरोप है कि कृष्णा के ससुरालियों ने दहेज़ की मांग पूरी न होने पर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। उसका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लखीमपुर खीरी बार्डर तक परखी पुलिसिंग

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी नीरज कुमार जादौन शनिवार की रात लखीमपुर खीरी बार्डर तक पहुंच कर वहां बैरियर ड्यूटी, पिकेट और गश्त की हकीकत जानी। मातहतों से कहा कि ड्यूटी के दौरान पूरी तरह से अलर्ट रहें। एसपी ने पिहानी कोतवाली के बैरियर और पिकेट ड्यूटी के अलावा वहां गश्त को देखा। एसपी लखीमपुर खीरी बार्डर पर पहुंचें और बैरियर ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवानों से बात की। ला एंड आर्डर को मज़बूत रखने के ज़रूरी दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि देर रात में निकलने वाली गाड़ियों की सही तरीके से तलाशी लें, किसी के दबाव में बिल्कुल भी न आए। गश्त कर रहे जवानों से वार्ता कर आवश्यक निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### लिव इन में रह रही आशा बहू की मौत पर पार्टनर गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** पार्टनर के साथ लिव इन में रह रही आशा बहू की ज़हर खाने से हुई मौत के मामले में कोतवाली देहात पुलिस ने उसके पुत्र की तहरीर पर आशा बहू के पार्टनर पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। बतातें चलें कि गुरुवार को कोतवाली देहात के महोलिया शिवपार स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास हरिओम की दुकान के पास सुरसा थाने के रोझिहाई की रहने वाली आशा बहू सरिता उर्फ शांता ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सरिता के पुत्र शोभित ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी मां कोतवाली देहात के नरेश नगर नानकगंज ग्रंट निवासी रामचंद्र करुणाकर के साथ लिव इन में रहती थी। रामचंद्र करुणाकर उसकी मां का उत्पीड़न कर रहा था। उसी के चलते उसने सुसाइड कर लिया। शोभित की तहरीर पर रामचंद्र करुणाकर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस ने आशा बहू के आरोपी पार्टनर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आगे की जांच की जा रही है।

### बहनोई के घर रह रहे साले ने फांसी लगाकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** कई वर्षों से अपने बहनोई के घर पर रह रहे साले का शव गांव के बाहर कब्रिस्तान में फांसी पर लटका मिला। कहा जा रहा है कि उसने आत्महत्या की, पुलिस सारे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। पिहानी कस्बे के मोहल्ला मीर सराय निवासी राधेश्याम (50) की शादी नहीं हुई थी। राधेश्याम कई सालों से बहनोई जागन के घर करावां थाना मझिला में रह कर मज़दूरी करता था। शनिवार की शाम राधेश्याम रोज़ की तरह घर से निकल गया, लेकिन काफी देर बाद तक वापस नहीं लौटा। उसका बहनोई जागन कुछ गांव वालों के साथ उसे ढूढने लगा। उसी बीच रात में देखा गया कि उसका शव गांव के बाहर कब्रिस्तान में गमछे से फांसी पर लटक रहा था। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लिया और जांच-पड़ताल करते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### युवक और उसके साथियों पर छेड़छाड़ का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला से एक युवक और दो साथियों द्वारा छेड़छाड़ करने एवं गाली गलौज करने का मामला प्रकाश में आया है। महिला ने आरोपियों के खिलाफ उच्च अधिकारियों से शिकायत की है। शाहाबाद कोतवाली के पश्चिम की ओर एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि उसका पति बीमार रहता है। वह किराए पर ई-रिक्शा चलवाकर अपनी आजीविका चलाती है। आषाढी के दिन संकटा देवी मंदिर से मनोज कुमार रिक्शा लेकर आ रहा था। गिगियानी मोहल्ले में उसका रिक्शा पलट गया, जिसमें जोगीपुर नौसारा की सियाराम की पत्नी घायल हो गई। रिक्शा पलटने में उसका कोई दोष नहीं था। फिर भी उसने सियाराम की पत्नी को इलाज के लिए 5000 रुपये दिए। लेकिन सियाराम का लड़का अजय कुमार उससे एक लाख रुपए की मांग कर रहा है। शनिवार की रात अजय अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और रुपए की मांग की। महिला ने असमर्थता जताई तो अजय कुमार ने उसे जाति सूचक गालियां देते हुए छेड़छाड़ की। महिला का आरोप है कि छेड़छाड़ करने पर वह चीखने चिल्लाने लगी तो उपरोक्त अजय अपने साथियों के साथ जान माल की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़ित महिला ने उच्च अधिकारियों से घटना की शिकायत की है।

### हत्याकांड के मुख्य आरोपी के निर्माणाधीन मकान पर चला बुलडोजर

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** पाली थाना क्षेत्र के खेमपुर गांव में हुए अमन हत्याकांड के मुख्य आरोपी रिजवान अली के निर्माणाधीन मकान पर रविवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। इससे पहले प्रशासन ने नोटिस चस्पा कर आरक्षित भूमि पर किए गए कब्जे को हटाने की चेतावनी दी थी। ज्ञात हो कि बीती 29 जून की रात को पाली थाना क्षेत्र के खेमपुर गांव में रिजवान अली पुत्र अबरार अली ने गांव निवासी अमन पुत्र देव कुमार पर अपने 6 अन्य साथियों के साथ हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान अमन की मौत हो गई थी।

# खेत में पड़ा मिला अधेड़ का शव, शरीर पर चोट के निशान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अधेड़ का शव खेत में पड़ा मिला। उसका गला सूजा था, आंख, नाक व मुंह से खून बह रहा था। शव के पास चप्पल, तौलिया और बीड़ी का बंडल का पड़ा मिला। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने हत्या की आशंकर जाहिर की है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने से पहले कुछ कहना जल्दबाज़ी होगी।

पिहानी कोतवाली के रसूलपुर मजरा दानपुर निवासी जगन्नाथ (55) का शव शनिवार की शाम को गांव के किनारे खेत में पड़ा मिला। वहां पहुंचने वाले लोगों का कहना है कि जगन्नाथ का गला सूजा हुआ था, लग रहा था कि उसे घोंटा गया हो, उसकी आंख, नाक और मुंह से ब्लीडिंग होना हत्या की अटकलों को हवा देने के लिए काफी है। इतना ही नहीं शव के पास में चप्पल, तौलिया और बीड़ी का बंडल पड़ा हुआ था, जबकि उसके घर वाले ही नहीं बाहर वाले बता रहें हैं कि जगन्नाथ पान-बीड़ी कुछ भी नहीं करता था, फिर उसके पास बीड़ी कहां से आई, मतलब साफ है कि उसके साथ कोई दूसरा ज़रूर रहा होगा। पुलिस हर एक क्लू को तलाशते हुए उसकी पड़ताल कर रही है। खेती-बाड़ी करने वाले अधेड़ के परिवार में उसकी पत्नी सरला, एक बेटा मनोज और तीन बेटियां है।

### श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार।** भाद्रपद मास के प्रत्येक रविवार को हत्याहरण तीर्थ पर भक्तों व साधु संतों की भारी भीड़ जुटी। भक्तों ने तीर्थ के सरोवर में स्नान कर मंदिरों में पूजा अर्चना की। बताते चलें कि नैमिषारण्य की परिधि में पड़ने वाले पौराणिक हत्याहरण तीर्थ स्थल पर भाद्रपद में प्रत्येक रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचती है। भाद्रपद मास के तृतीय बड़े रविवार को तीर्थ पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ पहुंचने लगी थी। श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया और तीर्थ के चारों तरफ स्थित हनुमान मंदिर, श्रीराम, माता सीता व लखन जी, शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर, काली मंदिर में पूजा अर्चना की। लोगों ने तीर्थ स्थल पर लगे मेले का भी लुफ्त उठाया और खरीदारी की।

# इवेंट पर नहीं पहुंचा सिपाही एसपी ने किया निलंबित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** 112 पर तैनात एक सिपाही इवेंट पर नहीं पहुंचा पता करने पर मालूम चला कि वह अत्यधिक शराब के नशे में है इसकी जानकारी मिलने पर उनका परीक्षण कराया गया जिसमें शराब की पुष्टि होने पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें निलंबित कर दिया।

जानकारी के अनुसार शाहाबाद क्षेत्र अंतर्गत डायल 112 नंबर पर तैनात सिपाही अशोक कुमार सिंह अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। इसकी जानकारी जब पुलिस अधीक्षक को लगी तो उन्होंने तत्काल उनके चिकित्सकीय परीक्षण कराने के निर्देश दिए। प्रीक्षण में शराब की पुष्टि हुई जिस पर पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने उन्हें निलंबित कर दिया। बताते चलें गत दिवस शराब के नशे में एक दरोगा ने ढाबे पर खाना खाया और उसके पैसे भी नहीं दिए इसकी सूचना मिलने पर एसपी ने सीओ से जांच कराई। मामला सही पाए जाने पर उक्त दरोगा को उन्होंने लंबित कर दिया था। गौरतलब हो कि कार्य में लापरवाही पर लगभग एक दर्जन पुलिस कर्मियों को एसपी निलंबित कर चुके हैं।

## बैठक

### पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में सैनिकों के लिए कैंटीन खुलवाने की मांग

# जिले में सैनिक स्कूल खुलवाने के होंगे प्रयास

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक रविवार को एक लॉन में हुई। जिसमें जिले में सीएसडी कैंटीन की सुविधा बहाल करने की मांग की गई। साथ ही जिले में सैनिक स्कूल खुलवाने के लिए संबंधित मंत्रालय से पत्राचार करने पर भी चर्चा की गई।

संगठन के संरक्षक ऋषी बाबू बाजपेई ने कहा कि जिले में पूर्व सैनिकों की संख्या बहुत अधिक है। इसके बावजूद उनके इलाज के लिए यहां पर कोई भी निजी अस्पताल ईसीएचएस के पैनल में नहीं है, इस कारण पूर्व सैनिक व उनके आश्रितों को इलाज के लिए राजधानी दौड़ना पड़ता है। अखिलेश अवस्थी ने जिले में सीएसडी कैंटीन पुनः खुलवाने की मांग की। जनपद में सैनिक स्कूल खुलवाने के लिए संबंधित मंत्रालय से पत्राचार कर इसकी शुरुआत कराने की बात कही गई है। अन्य राज्यों में बने शस्त्र लाइसेंसों को जनपद में नवीनीकरण कराने के लिए अभिलेखों में दर्ज कराने की बात कही गई। दिवंगत हुए पूर्व सैनिकों के परिजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मनोज पांडेय को पूर्व सैनिक कल्याण संस्थान का अध्यक्ष चुनने पर बधाई दी गई। बैठक में अध्यक्ष दीपक शुक्ला, उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी, महामंत्री अनिल कुमार, शिव प्रकाश मिश्रा, सहित अनेक पूर्व सैनिक मौजूद रहे।



नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज पांडेय का सम्मान करते पूर्व सैनिक। अमृत विचार

### गला घोंट कर की गई थी युवक हत्या, केस

**हरदोई, अमृत विचार।** भाभी को साथ लेकर घर से निकले देवर कर शव खेत पर पड़ा मिला था, जबकि भाभी लापता थी। युवक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या की बात सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने युवक के पिता की तहरीर पर बहू के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। बताते चलें कि शनिवार को मल्लावां पुलिस ने उन्नाव बार्डर पर आलापुर कोट के पास खेत में 25 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला था। शव की शिनाख्त राहुल पुत्र रामलाल निवासी हयात नगर भौंरा ज़िला उन्नाव के रूप में हुई थी। मल्लावां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। रविवार को उसकी रिपोर्ट में कहा गया है कि गला घोंट कर हत्या की गई।



## एक नजर

### किसानों को उपलब्ध कराएं गुणवत्तायुक्त कीटनाशक

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला कृषि अधिकारी विनीत कुमार ने कीटनाशक विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि किसानों को कीटनाशक दवाएं खरीदने करने पर कैश मेमो/केडट मेमो या पक्की रसीद जरूर दें। इसके साथ ही कृषकों को निर्धारित मूल्य पर गुणवत्ता युक्त कीट नाशक रसायन उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है, इसलिए किसानों को निर्धारित मूल्य पर गुणवत्ता युक्त कीट नाशक रसायन उपलब्ध कराना करायें और किसी विक्रेता संबंध में शिकायत मिलने एवं जांच में दोषी पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ हवा दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**हरदोई, अमृत विचार।** राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ हवा दिवस के मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें समस्त ब्लॉकों के चिकित्सा प्रभारी, शिक्षा विभाग तथा नगर पालिका के अधिकारी एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार ने प्रदूषण से होने वाली बीमारियों दुष्प्रभावों के बारे में परिचर्चा की गई एवं उससे बचाव के उपाय के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत सात से 13 सितंबर के मध्य प्रत्येक ब्लॉक पर दो विद्यालयों में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा और बच्चों के मध्य जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण विषय पर वाद विवाद पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा और विजयी विधर्थियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### युवती लापता, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के एक मोहल्ला निवासी युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। कोतवाली पुलिस अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती कर तलाश शुरू कर दी है। नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने बताया कि पिहानी थाना के एक गांव की रहने वाली उसकी 21 वर्षीय भांजी उसके साथ ही रहती थी। शनिवार को वह और उसकी पत्नी राशन लेने कोटेदार के यहां गए थे। घर पर वह अकेली थी। वापस आने पर उसकी भांजी घर पर नहीं मिली। खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़ित मामा ने बताया उसे विश्वास है कोई अज्ञात व्यक्ति उसे फुसलाकर भगा ले गया है।

# हरदोई के महाराजा का काटा गया केक

## श्री विनायक समिति के 25वें भव्य श्री गणेश उत्सव की शुरुआत, हुए कार्यक्रम

संवाददाता, हरदोई,



गणेशजी की आरती करते श्रद्धालु। अमृत विचार



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विजयी प्रतिभागी को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री विनायक समिति के तत्वावधान में संस्थापक सोमेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में 25वें भव्य श्री गणेश उत्सव की शुरुआत हुई। गणेश चतुर्थी के पर्व पर भव्य दरबार बप्पा का सजा। प्रातः प्राण प्रतिष्ठा संस्थापक सोमेंद्र अग्रवाल ने की। दोपहर सहस्त्रार्चन के द्वारा श्री गणेश जी का पूजन हुआ। रात्रि आरती 7:30 बजे संपन्न हुई। जिसमें विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, राजेंद्र पटेल, महेंद्र पटेल, विमलेश गुप्ता, अजय अग्रवाल, श्री प्रकाश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, ओम ज्वेलर्स, प्रमोद कुमार सिंह और समिति के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने की। जिसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

कार्यक्रम में अयोध्या से आए देश दीपक मिश्रा ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में अनुषा त्रिवेदी, वैष्णवी रस्तोगी, शोभित कुमार ने रिद्धि सिद्धि के दाता के भजन गाए। डॉ डीपी सिंह ने हरदोई के महाराजा का केक काटा। गणेश चतुर्थी को भव्य रूप से मनाया गया। रात्रि के कार्यक्रम में भव्य नृत्य का प्रदर्शन हुआ। पंडाल में प्रतिदिन पतंजलि योग शिविर की तरफ से योग प्रातः 5:30 बजे से होता है एवं चारक हॉस्पिटल लखनऊ की तरफ से 11 सितंबर को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# त्रयोदश गणेश महोत्सव में बच्चों ने नृत्य व गायन से किया मंत्रमुग्ध

संवाददाता, हरदोई



शंकर जी के भेष में प्रस्तुति देता बच्चा।

**अमृत विचार।** गजानन सेवा समिति द्वारा आयोजित त्रयोदश गणेश महोत्सव के दूसरे दिन रविवार की शाम गायन प्रतियोगिता के नाम रही। प्राइमरी, जूनियर व सीनियर वर्ग की गायन प्रतियोगिता में बच्चों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोहा। प्राइमरी वर्ग में अमोघ, रिचिक, जूनियर वर्ग में परी पाल, अदिति मिश्रा, संकल्प दुबे, हर्षाली अवस्थी वेदांत सहित सात व सीनियर वर्ग में सरस्वती, आन्या, सुमित, देवांश, शुभम, संध्या सहित अठारह बच्चों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक की भूमिका निर्णायक रवि तिवारी और परितोष अवस्थी ने निभाई। संचालन कुलदीप द्विवेदी व पंकज अवस्थी ने संयुक्त रूप से किया।

सांस्कृतिक टीम से आलोकिता श्रीवास्तव, नवल किशोर अभिलाष गुप्ता, सृष्टि मिश्रा, दिव्यांशी व कर्ण सिंह राणा का सहयोग रहा। समिति के अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि कल 9 सितंबर को जयपुर से पधार रहीं प्रख्यात भजन गायिका सुरभि चतुर्वेदी की भजन संध्या आयोजित होगी। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष पंकज चतुर्वेदी, प्रभाकर पाठक, जेके सेठ, संजीव रस्तोगी, मातृशक्ति अध्यक्ष सुहाना जैन, अशोक सिंह लालू, राज मोहन पांडेय, अनुराग, अंबुज शुक्ला, अनुपम पांडेय, राजू मिश्रा, राजू श्रीवास्तव, कपिश चतुर्वेदी, यश चतुर्वेदी, नमन चतुर्वेदी, राजे गुप्ता, टिंकू द्विवेदी, ओम टण्डन, शैलेन्द्र अवस्थी, अंशू द्विवेदी, नीरज शुक्ला, कमल शुक्ला मौजूद रहे।

# गणपति बप्पा के दरबार में चित्रकला व नृत्य में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई



गणेश उत्सव के दौरान आयोजित नृत्य कला प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा।

**अमृत विचार।** श्री गणेश उत्सव सेवा समिति में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी ही धूमधाम से समिति के सदस्यों द्वारा बप्पा का दरबार सजाया गया। महोत्सव के प्रथम दिवस ही चित्रकला एवं सीनियर वर्ग की नृत्य कला प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें नगर के प्रत्येक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

सर्वप्रथम दोपहर के समय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम स्थान सेंट टेरेसा स्कूल की आध्या गुप्ता ने प्राप्त किया व द्वितीय स्थान रामप्यारी की रिंकी यादव ने प्राप्त किया व तृतीय स्थान एसबी पब्लिक स्कूल के हर्षित कुमार ने प्राप्त किया। इसके बाद संध्या के समय बप्पा की आरती के पश्चात सीनियर वर्ग की नृत्य कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि मुंबई से आए भोजपुरी एक्टर नवीन शर्मा मौजूद रहे। डांस में प्रथम स्थान आयशा नायक व द्वितीय स्थान मेघावी गुप्ता तथा तृतीय स्थान अंशिका जोशी को प्राप्त हुआ। इसके साथ साथ ग्रुप डांस में सुपर आईडल ग्रुप का व डुएट डांस में करिश्मा व नंदनी का चयन हुआ। इस अवसर पर मुंबई से पधारे डांस जज शुभम वैसवाल ने प्रतिभाग करने वाले बच्चों का चयन किया एवं समिति ने गौरव गुप्ता के साथ उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में श्यामधर तिवारी, राहुल गुप्ता, ऋषभ खन्ना, डॉ अभिषेक त्रिपाठी, वेद प्रकाश, बबलू सिंह, अभिषेक सोनी, रितेश गुप्ता, पवन तिवारी, सौरभ गुप्ता, विजय प्रताप सिंह, सहित समिति के सदस्य व नगर के भक्तगण मौजूद रहे।

### गजानन के दरबार में मारपीट

**हरदोई, अमृत विचार।** गणेश महोत्सव की तैयारियों के बीच गजानन के दरबार में इकट्ठा हुए कुछ युवकों के बीच आपसी खुन्नस बाज़ी के चलते लात-घूसे चलने लगे। इसका पता होते ही आयोजन समिति के ज़िम्मेदारों ने उन्हे वहां से खदेड़ कर बाहर कर दिया, लेकिन बाहर पहुंच कर उनके बीच खूब कसरत से मारपीट हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बारे में पुलिस का कहना है कि फिलहाल उसे ऐसी कोई जानकारी नहीं है, तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि शहर के मोहल्ला वंशीनगर में गणेश महोत्सव की तैयारियां हो रहीं हैं। गजानन का दरबार लगभग तैयार हो चुका है। बात रविवार की है, वहां बनाए गए दरबार में तमाम युवक इकट्ठा थे, उसी दौरान आपसी खुन्नस बाज़ी के चलते करन और विक्की नाम के दो युवकों के बीच गाली-गलौज होने लगी, कोई कुछ समझ नहीं पाया कि लात-घूसे चलने लगे। पाण्डाल में भगदड़ जैसे हालात बनने पर वहां पहुंचे आयोजन समिति के ज़िम्मेदारों ने दोनों को वहां खदेड़ कर बाहर कर दिया, वहां भी उनके बीच खूब कसरत से मारपीट हुई, उसी बीच किसी ने वीडियो बना कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस बारे में कहा जा रहा है कि हर साल वंशीनगर में गणेश महोत्सव मनाया जाता है, उसके बाद भी वहां पुलिस की सुरक्षा का कोई बंदोबस्त नहीं था, जबकि पुलिस का कहना है कि उसे ऐसी कोई जानकारी नहीं है, तहरीर आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



राम वाटिका चौक में आरती में भाग लेते भक्तगण। अमृत विचार

## गणेश जी की महाआरती में उमड़ी भक्तों की भीड़

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के राम वाटिका मैदान में चल रहे गणेश महोत्सव के दूसरे दिन गणपति बप्पा की महा आरती में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। शाम को गणेश पूजन आरती के बाद छप्पन भोग का प्रसाद भोग गणपति महाराज को लगाया गया। मेहमान कलाकारों द्वारा बिहारी जी के भजनों ने समा बांध दिया। कस्बे के राम वाटिका में चल रहे पंच दिवसीय गणेश महोत्सव के दूसरे दिन काशी व लखनऊ आए कुशल पुरोहितों और ब्राह्मणों ने आयोजकों द्वारा गणेश जी का मंत्रोपचार के साथ पूजन करवाया। उसके बाद गणेश जी की महा आरती हुई। महाआरती में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। महा आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। शाम को गणपति पूजन और आरती के साथ गणपति जी को छप्पन भोग लगाया गया। तत्पश्चात बिहारी जी सकीर्तन मंडल के मेहमान कलाकारों द्वारा एक शाम बिहारी जी के नाम का आयोजन किया गया। जिसमें भजन कीर्तन के माध्यम से कलाकारों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की। इस अवसर पर आयोजक मंडल के प्रकाश रस्तोगी, विश्वनाथ बाजपेई, अनिल मराठा, रमन गुप्ता, पंकज गुप्ता, दीपक वर्मा, बलराम रस्तोगी, रमेश गायकवाड, यश वर्मा, मोहित सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों की सहायता के लिए शिविर आज से

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना को दिव्यांगजन के हितार्थ ऑनलाइन वेबसाइट संचालित की गई है। वेबसाइट पर दिव्यांगजन के आवेदन सुगम्य बनाये जाने हेतु प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक किया जायेगा।

शिविरों में कृत्रिम एवं सहायक उपकरण हेतु पात्र दिव्यांगजनों के समस्त अभिलेख प्राप्त कर पोर्टल पर ऑनलाइन कराया जायेगा साथ ही जिन दिव्यांगजन का दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हुआ है उनका चिकित्सीय परीक्षण कराकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी कराये जाएंगे। बताया कि दिव्यांग पंजीकरण शिविर आयोजन 9 सितम्बर को विकास खण्ड सुरसा, बावन व टड़ियावां में किया जायेगा। 10 को विकास खण्ड हरियावां, अहिरोरी व शाहाबाद, 11 को टोडरपुर, बिलग्राम व साण्डी, 12 सितम्बर को पिहानी, माधौगंज व भरखनी, 13 को हरपालपुर, मल्लावां व बेहंदर, 18 को भरावन व कछौना तथा 19 को सण्डीला मे इन शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा है कि उक्त शिविरों में दिव्यांगजनों के परीक्षण एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु जिम्मेदार चिकित्सक एवं कर्मचारियों की ड्युटी लगायें। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिएं है कि शिविर में डाक्टरो, कर्मचारियों के लिए कुर्सी, मेज, कम्प्यूटर हेतु विद्युत व्यवस्था तथा दिव्यांगों के बैठने के लिए कुर्सी तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था कराई जाए।

# आज से चलेगा अभियान खोजे जाएंगे टीबी मरीज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में 9 सितंबर से शुरू होने वाले एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) अभियान के तहत टीबी मरीजों की खोज होगी। अभियान के दौरान कुल आबादी की 20 फीसदी आबादी की स्क्रीनिंग होगी। इसमें संवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर लक्षण युक्त लोगों की जांच की जाएगी। अभियान के लिए 348 टीम गठित कर दी है।

सीएमओ डॉ. रोहताश कुमार ने बताया कि अभियान का माइक्रो प्लान तैयार कर लिया है। संवेदनशील क्षेत्रों में 9 सितंबर से 20 सितंबर तक अभियान चलेगा। इसमें 10 लाख 38 हजार आबादी की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके लिए 348 टीमें बनाई गई हैं।

# बुखार से पीड़ित विवाहिता की मौत, जांच-पड़ताल शुरू

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शादी के 60वें दिन दुल्हन की मौत हो गई। पिता की गैर मौजूदगी में पुलिस शव को अपने कब्ज़े में लिए रही। रविवार को तीसरे दिन उसके पिता के बिहार से आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है। पति का कहना है कि पत्नी को तेज़ बुखार आ रहा था, जिससे उसकी मौत हुई है।

करीब दो महीने पहले ही बघौली थाने के बघौली कस्बा निवासी विनोद द्विवेदी की शादी बिहार के नरेंद्रपुर थाना शाहजौर ज़िला भागलपुर के दिलीप की 22 वर्षीय पुत्री सरस्वती के साथ हुई थी। विनोद का कहना है कि पत्नी सरस्वती को कई दिनों से तेज़ बुखार आ रहा था। उसने इलाज कराया, लेकिन फायदा नहीं हुआ। शुक्रवार को सरस्वती की मौत हो गई। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में ले लिया। मृतका के पिता दिलीप को पता चला तो उसने शव का पोस्टमार्टम न कराने को कहा था। रविवार को सरस्वती का पिता बिहार से बघौली पहुंचा, उसके बाद पुलिस ने तीसरे दिन शव का पोस्टमार्टम कराया है। पति ने बुखार से मौत होने की बात कही है, पति दिलीप ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान पर उठे सवाल

संवाददाता, हरदोई



सड़क किनारे रखी गुमटी हटाता बुलडोजर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में चल रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान पर हर कोई उंगली उठा रहा है, ऐसा करने के लिए लोग मजबूर है। शहर के सर्कुलर रोड पर कई नामी घरानों से जुड़े लोगों के मैरिज हाल और मैरिज लान है, उन्होंने नगर पालिका परिषद की हद पर कब्ज़ा कर रखा है, जिसकी वजह से वहां जब कोई धूम-धड़ाका होता है तो रास्ता निकलने में जो दिक्कतें होती है। लेकिन अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया।

**छोटे अतिक्रमण पर कार्रवाई और बड़े लोगों को दी जा रही छूट**

रविवार को सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार द्विवेदी की मौजूदगी में लखनऊ चुंगी से बिलग्राम चुंगी तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान देखने को मिला कि बुलडोज़र आम लोगों पर खूब गरजा, लेकिन जब उन्हीं नामी घरानों के मैरिज हाल हो या लॉन, उनके सामने पहुंचा तो उसका मुंह बंद हो गया, मतलब अतिक्रमण हटाओ अभियान की टीम वहां सामने से सेल्यूट करते हुए आगे बढ़ गई। ऐसा होता देख लोग खुल्लमखुल्ला कह रहें है कि सरकार को आम लोगों से ही दिक्कत हो रही है और खास लोग उसके खास बनें हुए है, तभी तो उन्हें छुआ ता नहीं जा रहा है।

इस संबंध में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विनोद सोलंकी ने बताया कि कुछ लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर स्वतः अतिक्रमण हटा लेने का कुछ दिन का समय मांगा है। समय सीमा समाप्त होने के बाद अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बलपूर्वक उसे हटाया जाएगा और जुर्माना भी लगाया जाएगा।

**अभियान** सम्मेलन में बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता, राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा-

# 10 हजार नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य पूरा करेंगे

संवाददाता, हरदोई



कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल।

**अमृत विचार।** सदर विधानसभा के हरियावां ब्लाक के डिधिया स्थित डिग्री कालेज में रविवार को विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नितिन अग्रवाल राज्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता देख राज्यमंत्री ने जमकर तारीफ की। कहा कि कार्यकर्त्ताओं की वजह से डिग्री कालेज का हाल भी छोटा पड़ गया। श्री अग्रवाल ने 10 हज़ार लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा। कहा कि उन्हे उम्मीद है कि इस लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सकता है। राज्यमंत्री ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी लोकसभा चुनाव में हरियावां मण्डल से भाजपा का प्रत्याशी 4 हज़ार से अधिक वोटों से जीता। स्थानीय मण्डल के कार्यकर्ताओं से कहा कि उनके कोड पर भाजपा की सदस्यता में हरियावां मण्डल में कम से कम 10 हज़ार से अधिक कार्यकर्ता उनके रेफरेंस कोड से जोड़ना हैं। साथ ही कहा हर कार्यकर्ता कम से कम 100 सदस्य जरूर बनाएंगे। साथी कहा पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा अगर कहीं सदस्य नए बने हैं तो वह हरदोई सदर है। इस दौरान राजीव सिंह टेनी को सदस्यता अभियान की क्षेत्रीय जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने दी गई जिम्मेदारी को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की बात कही।

# ग्राम प्रधान और सचिव पर लाखों के गबन का आरोप

संवाददाता, टोंडरपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों में घोटाले की शिकायत जिलाधिकारी से की गई। नगला भगवानपुर निवासी विपिन कुमार त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि जिम्मेदारों की मिलीभगत से ग्राम पंचायत में जमकर खेल किया गया।

पूर्व में नंदलाल के बाग से लेकर बंधा के खेत तक मनरेगा के तहत कच्ची सड़क का निर्माण कार्य पहले ही पूरा हो चुका था, निर्माण के लगभग 25 दिन बाद दोबारा फिर उसी सड़क पर मिट्टी कार्य खानापूर्ति करते हुए कागजों में दिखाकर मोटी रकम निकाली गई है। ऐसा तीन बार किया जा चुका है। 5 सितंबर को फिर इसी कार्य पर लगभग 25 फिट साफ-सफाई कर पुनः मास्टर रोल जमा किया गया। हैंडपंप रिबोर लगभग आधा दर्जन सही कराना बाकी है। ग्राम पंचायत में कई जगह हैंडपंप खराब पड़े हैं। ग्रामीण पानी के लिए तरसते रहे, लेकिन जिम्मेदारों ने सरकारी धन का बंदरबाट कर लिया। विकास खंड अधिकारी टोंडरपुर ने बताया कि संयुक्त टीम गठित कर मौके की जांच कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### संयुक्त घोषणा पत्र पर किए गए हस्ताक्षर

**हरदोई, अमृत विचार।** जीडीसी के प्राचार्य डा. नेत्र पाल सिंह ने बताया कि शनिवार को डायट एवं जीडीसी के मध्य शिक्षा, शिक्षण, प्रशिक्षण एवं नवाचार के क्षेत्र में आपसी नालेज शेयरिंग एंड बेस्ट प्रैक्टिसेज स्कर्ट सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मेमोरेण्डम ऑफ अण्डर स्टैंडिगं या संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। यह एमओयू शिक्षण के क्षेत्र में अनुसंधान एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए पारस्परिक सहयोग की स्वीकृति प्रदान करता है। यह दोनों संस्थान एससीईआरटी एवं विश्वविद्यालय से जुड़े होने के कारण पूर्व सेवा एवं सेवारत प्रशिक्षण के साथ-साथ अनुसंधान कार्य में भी पारस्परिक सहयोग प्रदान करते रहेंगे। इस माध्यम से दोनों संस्थान परस्पर शिक्षण की आधुनिक तकनीकि एवं ज्ञान का हस्तांतरण सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर डायट के प्राचार्य योगेन्द्र सिंह व जीडीसी के प्राचार्य डा .नेत्रपाल सिंह ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की आईक्यूएसी के सदस्य एवं प्राध्यापक मौजूद रहे।

### मेधावी छात्रों व वृक्ष प्रेमियों को करेंगे सम्मानित

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** भरावन के गोड़वा स्थित भुइयेश्वर महादेव मंदिर की समिति की बैठक का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया। समिति के सदस्य आदेश तिवारी ने दशहरा पर आयोजित होने वाले झांकी व जागरण कार्यक्रम में विकासक्षेत्र के पांच-पांच मेधावी छात्र, उन्नतशील किसान, महिला कार्यकत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन व वृक्ष प्रेमियों को सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा। सदस्य रितेश पंसारी ने आयोजन समिति बनाने की बात कही। संरक्षक वैभव अवस्थी ने कहा कि इस वर्ष झांकी के 50 वर्ष पूरे हो जाएंगे। पूर्वजों ने पहली बार बैलगाड़ी से झांकी निकाली थी। तब से लगातार इसका आयोजन किया जा रहा है। कहा कि इस बार स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में दशहरे में झांकी व जागरण का भव्य आयोजन किया जाएगा। साथ ही सम्मान समारोह के लिए लोगों की सूची बनाने के लिए सदस्य धीरज अवस्थी को इसकी जिम्मेदारी दी। इस मौके पर अनिल सिंह, नीशू द्विवेदी, अनुभव बाजपेई, विवेक पांडे, प्रफुल्ल मिश्र, दीपक, सनी, पवन शंकर, अर्पित, अभिषेक बाजपेई, अवधेश, आदेश, हिमांशु मिश्र मौजूद रहे।

### सण्डीला में जुलूसे मोहम्मदी को लेकर हुई बैठक

**सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार।** नगर में बारह वफात जुलूसे मोहम्मदी को लेकर अंजुमन तहरीक परचमें मोहम्मदी कमेटी की बैठक कमेटी अध्यक्ष फ़रीद उद्दीन अहमद के घर पर सम्पन्न हुई। जिसमें नगर की कई अंजुमनों के ज़िम्मेदार शामिल हुए। बैठक में हर साल की तरह इस साल भी ईद मिलादुन्नबी का जुलूसे मोहम्मदी 16 सितंबर सोमवार की सुबह निकाले जाने फैसला किया गया। इस अवसर पर तहरीक परचमें मोहम्मदी अध्यक्ष फ़रीद उद्दीन अहमद ने तमाम अंजुमनों के लोगों से अपील करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से ईद मिलादुन्नबी मनायें और समाज में अमन भाईचारगी का संदेश दें। बैठक में मुख्य रूप से डॉक्टर ज़ुबैर सिद्दीकी, चौधरी नदीम साग़री, मुईज़ साग़री चिश्ती, अंसार अंसारी, ताहिर अंसारी, हाफ़िज शाह आलम, फरहत महमूद आदि जुलूस के जिम्मेदार शामिल रहे।

### गायों का हुआ पूजन, वृद्धों को दिए वस्त्र

**हरदोई, अमृत विचार।** श्री गोविंद वृद्ध जनसेवा एवं गौ-विज्ञान समिति का 5वां वार्षिकोत्सव रविवार को सैय्यापुरवा निकट मंगली पुरवा फाटक श्री गोपाल गौशाला में मनाया गया। हवन पूजन के साथ गायों की सेवा की गई। भंडारे का आयोजन किया। संस्था के अध्यक्ष गोविंद गुप्ता ने कहा कि उनका लक्ष्य सभी वृद्धजनों की सेवा करना है। उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि गो माता की सेवा सबसे उत्तम सेवा है। महिला सभा की अध्यक्ष विनीता पांडेय ने आए हुए लोगों का आभार जताया। संस्था के प्रबंधक सोनू ने आए हुए लोगों का आभार जताया। 21 वृद्ध महिलाओं को वस्त्र वितरित किए गए। इस मौके पर प्रवीण गुप्ता, आरपी सिंह, मीनू सैनी, अनीता मिश्रा, प्रहलाद गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### नारायण सेवा समूह ने किया भंडारे का आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** नारायण सेवा समूह की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर नारायण सेवा समूह के सदस्यों ने पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरित किया। डॉ जय राम गुप्ता व प्रियम मिश्रा ने बताया कि पिछले 15 वर्ष से नारायण सेवा समूह एक भंडारा और एक वस्त्र वितरण का कार्यक्रम कर रहा है. इस साल अप्रैल से नारायण सेवा समूह ने 200 से 300 लोगों को भोज्य पदार्थ हर महीने में अलग-अलग चीजें वितरण का कार्य भी शुरू किया है। इस मौके पर बृजपाल सिंह, नरेश कुमार, मनमोहन सिंह, नितिन मिश्रा, अभिनव सिंह, रामशंकर शुक्ला, सुमेर सिंह, रामआसरे रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### ताजपुर सलौली में बकरी उठा ले गया जंगली जानवर

**सकरन, अमृत विचार :** सकरन इलाके में जंगली जानवर ने दूसरे दिन भी एक बकरी का शिकार किया। वन विभाग की टीम कॉम्बिंग के हवालों तक ही सीमित रही। सकरन थाना क्षेत्र के ताजपुर सलौली में जंगली जानवर ने फिर हमला किया। एक बकरी को अपना निवाला बनाया। गांव निवासी शम्भू लाल के मुताबिक, उनकी बकरी घर के बाहर बंधी हुयी थी। देर शाम जंगली जानवर बकरी को उठा ले गया। गन्ने के खेत में ले जाकर उसने बकरी का शिकार किया। वन दरोगा नरेन्द्र पाल यादव ने मौके पर पहुंचकर तलाश की, लेकिन जानवर नहीं मिल सका। बता दें कि बीते दिन इसी इलाके में रामचन्द्र की बकरी को भी जंगली जानवर उठा ले जा चुका है। शरीर के अवशेष गांव के बाहर एक खेत में मिले थे।

### बेलगवां गांव में मांस बेचते पकड़े गए दो युवक

**इमलिया सुल्तानपुर, अमृत विचार :** थाना इमलिया सुल्तानपुर की काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र के बेलगवां गांव में शनिवार को ग्रामीणों ने मांस बेच रहे बाइक सवार दो व्यक्तियों को पकड़ लिया और फिर इसकी सूचना काजीकमालपुर चौकी पुलिस को दी। काजीकमालपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्तियों से करीब 25 किलोग्राम मांस और मोटरसाइकिल सहित अपनी हिरासत में ले लिया और मांस को जांच के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी इमलिया दयाशंकर मित्रा ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर दो बाइक सवारों को गांव से मांस बेचते पकड़ा गया है। पकड़े गए मांस को जांच के लिए लैब भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर स्पष्ट हो जाएगा कि यह मांस किसका है। उन्होंने बताया कि गड़बड़ी पाए जाने के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

# 24 घंटे में दंपति समेत चार ने तोड़ा दम

## सकरन विकासखंड के दो गांवों में तेज बुखार के बाद गई लोगों की जान, बदतर हो रहे हालात

संवाददाता सकरन, सीतापुर

**अमृत विचार:** सकरन विकास खंड क्षेत्र में बुखार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। 24 घंटे के भीतर इसकी चपेट में आने के बाद पति-पत्नी समेत चार लोगों की मौतें हो गयीं। 100 से अधिक तेज बुखार की चपेट में हैं। इनका इलाज क्षेत्र और आसपास इलाकों में चल रहा है।

विकास खंड सकरन में बुखार के प्रकोप से हो रही मौतों का सिलसिला अभी जारी है। क्षेत्र के मदनापुर मजरा कल्ली गांव निवासी परिजनों के मुताबिक, 53 वर्षीय गेंदा देवी को शुक्रवार बुखार आया था। इनका इलाज गांव के एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा था। शनिवार देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। इसी के

**▸▸ अलग-अलग स्थानों पर 100 से अधिक लोग हैं संक्रमण से पीड़ित**

कुछ घंटों के बाद संक्रमित पति रामकुमार (55) ने भी दम तोड़ दिया। ग्राम पंचायत दुगाना के मजरा कोरियनपुरवा निवासी राधार (55) की मौत रविवार की सुबह हो गयी। इसी ग्राम पंचायत के मजरा दुगनिया निवासी विजय यादव (30) की मौत भी रविवार सुबह हुई। इस गांव के अलावा सात गांव में 100 से अधिक लोग बीमार है, जिनका अलग-अलग स्थानों पर इलाज चल रहा है।

**रामपुर मथुरा में तेजी से बढ़ रहा संक्रमण:** यहां तेजी से संक्रमण बढ़ा है। इसका कारण बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों में रुका हुआ पानी है। गांव के भीतर सड़ रहे पानी के कारण शुकुलपुरवा, कनरखी, अटौरा, बगस्ती, अंगरौरा, कलुआपुर, तुलसीपुर खरिका, केवड़ा, अफसरियां सहित अन्य गांवों के लोगों को बुखार और डायरिया की शिकायत है। सीएचसी में भारी भीड़ उमड़ रही है।

### एक दिन पहले इन्होंने तोड़ा दम

कस्बा सकरन निवासी प्रहलाद वर्मा, ग्राम पंचायत प्यारापुर के मजरा लालूपुरवा निवासी कल्लू राम यादव, रकबा मजरा अदवारी निवासी शहीद गुब्बारावाला और इसी गांव के बाबू यादव की मौत तेज बुखार आने के बाद हो चुकी है।

### झोलाछाप की बल्ले-बल्ले

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डॉक्टरों के न होने से झोलाछाप को फायदा हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि चिकित्सक के स्वास्थ्य केंद्र पर न होने के कारण दवाएं मिलने में दिक्कत हो रही है। इसका फायदा झोलाछाप उठा रहे हैं। यहीं लापरवाही लोगों की जान पर आ बनी है।

> दो गांवों में बुखार से पीड़ित मरीजों के बढ़ने की सूचना मिली थी। इसको लेकर स्वास्थ्य टीम भेजकर दवाइयों का वितरण करवाया जा रहा है।
> –**डॉ. अनिल कुमार सचान,** सीएचसी अधीक्षक, सकरन

# गजानन को मोदक का भोग लगाकर खुशहाली की प्रार्थना

संवाददाता नेरी, सीतापुर

**अमृत विचार:** महोली के उमाशंकर इंटर कॉलेज आफ साइंस व नेरी में शिव कावरिया समिति द्वारा आयोजित गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश महोत्सव का शुभारंभ विशाल शोभा यात्रा के साथ किया गया। शोभा यात्रा कॉलेज प्रांगण से प्रारंभ हुई और नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए बाबा बैजनाथ धाम पहुंची जहां दर्शन पूजन के बाद वापस कॉलेज पहुंची। यहां विधि विधान से गणेश भगवान की मूर्ति स्थापित की गई। तीन दिवसीय गणेश महोत्सव कार्यक्रम के दौरान नगर के श्रद्धालु यहां उपस्थित होकर कीर्तन भजन और दर्शन पूजन में भाग लेंगे। नेरी में शिव शिवाला मंदिर में गणेश जी की स्थापना पूजन अर्चन के साथ की गई। लोगों ने गणेश जी को मोदक का भोग लगाकर सभी की खुशहाली की प्रार्थना की। श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि मूर्ति विसर्जन 17 सितम्बर मंगलवार को मढ़िया घाट पारस बाबा पर होगा। उसके बाद मंदिर पर विशाल कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा।


गणपति बप्पा के दरबार में उमड़े भक्त। अमृत विचार

# भूख में कमी या वजन घटना टीबी के लक्षण: डॉ. जामिद

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा व वॉलिंटियरों को सक्रिय क्षय रोग खोजी अभियान को सफल बनाने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षणदाता रितेश मेहरोत्रा व इंद्रेश भार्गव ने आगामी सोमवार से प्रारंभ होने वाले सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान को सफल बनाने के लिए आशाओं व वॉलिंटियरों की 21 टीमों को प्रशिक्षित किया। इस मौके पर उन्होंने आशाओं को प्रशिक्षित करते हुए कहा कि सभी टीमें चयनित क्षेत्र में घर-घर जाकर संदिग्ध टीबी मरीजों की खोज करेंगी।

आशाओं को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी डॉ. जामिद अली ने टीबी के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी बुखार आना, रात में पसीना आना, भूख में कमी या वजन घटना टीबी के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने इस मौके पर क्षय रोगियों के लिए चलाई जा रही निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत रोगियों को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित सभी आशाओं को जागरूक करते हुए बताया कि टीबी रोग को देश से हटाने के लिए सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान चलाया जा रहा है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। इस मौके पर आशा, वॉलिंटियर और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।


चिकित्सा शिविर में बीमारियों की जानकारी देते चिकित्सक। अमृत विचार

# रामपुर मथुरा में पाइप लाइन बनी अवरोधक

## कई ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन डालने के बाद नहीं हुई पटान, आवागमन में परेशानी

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार:** जलजीवन मिशन योजना अंतर्गत हर घर स्वच्छ जल के लिए डाली जा रही पाइपों ने मार्ग व्यवस्था को बाधित कर दिया है। सड़कों का सही से दुरुस्तीकरण न होने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत में पानी की टंकी का निर्माण व जल सप्लाई के लिए सड़क खोदकर पाइप डाले जा रहे हैं। पाइप के बाद सड़कों को दुरुस्त नहीं कराया जा रहा। इससे आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तब जबकि ग्राम पंचायत में जिम्मेदारों द्वारा ग्राम प्रधान से पाइप डालने व सड़क मरम्मत को लेकर अनुबंध भी किया गया है। इसके बावजूद लापरवाही के चलते गड्ढे हो गए हैं। बारिश का पानी भरने से सबसे अधिक समस्या रोजमर्रा काम पर निकलने वालों के अलावा छात्रों को हो रही है। हादसों में राहगीर चोटिल भी हुए हैं। कालिकन निवासी कल्यान ने बताया कि मुख्य मार्ग से गांव आने के लिए खड़ंजा लगा हुआ था, जिसको खोदकर पाइपलाइन डाली गई है। ईटों को दोबारा न लगने से बीच में नाली बन गई है। अब तो ईंटे भी गायब हो गए हैं। जिससे लोगों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यही हाल मथुरा पुरवा का है। यहां के सर्वेश ने बताया कि पाइप डालने के बाद इस मार्ग पर लगातार हादसे हो रहे हैं।


संतराम।


रामकिशोर।


केशव राम।


पाइप लाइन डालने से खराब हुआ रास्ता। अमृत विचार

# महिलाओं ने शराब के ठेके पर जड़ा ताला

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में शराब की दुकान को मोहल्ले से हटाने की मांग को लेकर रविवार सुबह महिलाओं ने शराब की दुकान पर ताला जड़ हंगामा किया। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे अधिकारी ने महिलाओं को शांत कराते हुए कार्रवाई का भरोसा दिया।

इचौली मोहल्ले की दर्जनों महिलाएं पति द्वारा घर के जेवर, अनाज, बर्तन आदि बेचकर शराब पीने से परेशान थीं। वे इचौली में संचालित ठेके पर पहुंचीं और उस पर ताला जड़ दिया। आक्रोशित महिलाओं का कहना था कि यहां शराबियों के चलते माहौल भी तेजी से बिगड़ रहा है। बढ़ते हंगामे की सूचना पर आबकारी अधिकारी पहुंचे और प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं को एक माह में ठेका स्थानांतरित करने का भरोसा दिया। इचौली में आबादी के करीब स्थित सरकारी शराब ठेका होने से लोगों में बढ़ रही नशे की लत से परेशान महिला ज्ञानवती, लक्ष्मी, पूनम, सुनीता, कल्ला, कमला, पूजा, नेहा, रामकली सहित अन्य महिलाओं ने प्रदर्शन किया। उधर, नशे के विरुद्ध महिलाओं के विरोध की सूचना मिलते ही समाजसेवी अतुल वर्मा समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और आबकारी अधिकारी अरुण सिंह से बात की। आबकारी अधिकारी अरुण ने एक माह में ठेका स्थानांतरित करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद आक्रोशित महिलाओं ने प्रदर्शन खत्म करते हुए ठेके का ताला खोला दिया।

**सेल्समैन ने दी विभाग को जानकारी:** सेल्समैन दुर्गेश ने संचालक रमाकांति को घटना से अवगत कराया। संचालक ने आबकारी अधिकारी अरुण सिंह को इस बाबत पूरी जानकारी दी। इसी के बाद आबकारी अधिकारी ने आरक्षी राजेंद्र प्रसाद को मौके पर स्थिति का जायजा लेने भेजा।


एकत्रित लोगों से जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

## पांच शातिर गिरफ्तार, चोरी और लूट की घटनाओं का हुआ खुलासा

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस ने रामकोट व थानगांव इलाके में हुई वारदातों का खुलासे करते हुए पांच आरोपी गिरफ्तार किये हैं। इनके कब्जे से सोने–चांदी के गहने व नकदी बरामदगी हुई है। सीओ नगर अमन सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा चाणक्यपुरीन निवासी विनय कुमार मिश्रा की पत्नी की गले की चेन छीन ली गई थी। इस मामले में रामकोट के गद्दी टोला निवासी विवेक यादव व प्रदीप वर्मा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से 4600 नगदी मिली है। बताया कि आरोपी विवेक थाने का हिस्ट्रीशीटर है। इसी कड़ी में थानगांव पुलिस टीम द्वारा 27 अगस्त को प्रेमनारायण तिवारी निवासी ग्राम कोदौरा के घर तथा दिनांक 29 अगस्त को वीरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम गोड़ैंचा के घर में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा किया। पुलिस ने रामप्रकाश उर्फ प्रकाश पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम ग्वारी थाना थानगांव, आशीष उर्फ ननका पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम शुक्नलपुरवा नई बस्ती मजरा क्योड़ा थाना रामपुर मथुरा, संदीप पुत्र लल्ला निवासी ग्राम लोनियनपुरवा मजरा ग्वारी थाना थानगांव और नौशाद पुत्र मजीद निवासी ग्राम बकहुआ बाजार थाना सदरपुर को गिरफ्तार किया। इनके पास से 75 हजार की नकदी, असलहा, कारतूसें, बाइक और अन्य सामान बरामद किया है।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि **शहजाद अहमद पुत्र शरीफ अहमद, निवासी– मोहल्ला–मुट्टीगंज पोस्ट, नवाबगंज जिला गोंडा** के स्थाई निवासी हैं। इनके पासपोर्ट संख्या L1669325 में त्रुटिवस पिता का नाम शरीफ अहमद के स्थान पर मोहम्मद शरीफ दर्ज हो गया है आधार कार्ड मे शरीफ अहमद दर्ज है जबकि मोहम्मद शरीफ और शरीफ अहमद एक ही व्यक्ति हैं, उपरोक्त पासपोर्ट संख्या में मोहम्मद शरीफ के स्थान पर शरीफ अहमद किया जाना न्याय हित में है, शहजाद अहमद पुत्र शरीफ अहमद मोहल्ला मुट्टीगंज, पोस्ट नवाबगंज जिला गोंडा

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा पुत्र जियाउल हक शादीशुदा है। जियाउल हक और उसकी पत्नी परिवार के सदस्यों के साथ में झगड़ा प्रसाद करती है। शराब पीने का आदी है। गलत संगत में पड़कर लेनदेन करता है। परेशान होकर अपने पुत्र जियाउल हक व उसकी पत्नी से संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से दोनों को बेदखल करता हूं। इनके दोनो पति पत्नी द्वारा किए गए अच्छे बुरे कर्म के स्वयं दोनों जिम्मेदार होंगे। मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई वास्ता नहीं होगा। **इकरामुल हक पुत्र मोहम्मद इब्राहिम, निवासी – मोहल्ला नसरत नगर कबीरा, कस्बा, थाना मल्लावां, जिला हरदोई**

**सूचना**
पहले मेरा नाम MUHAMMAD SAAD AKHTAR था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD SAAD AKHTAR ANSARI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MOHAMMAD SAAD AKHTAR ANSARI S/O: AQEEL AKHTAR ANSARI R/O- 544/642 BISMIL COLONY LUCKNOW

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया का ग्रीन कार्ड कही खो गया, खोज बीन के बाद भी नहीं मिला है। **अनिल कुमार (फार्मासिस्ट) पता–ग्राम व पोस्ट सेठमऊ, थाना सतरिख, जिला बाराबंकी।**

**सूचना**
मेरी एचडीएफसी लाइफ पॉलिसी सं0– 10053999 में त्रुटिवश मेरा नाम मास्टर प्रशांत व जन्मतिथि 06/02/2004 दर्ज है, भविष्य में सभी अभिलेखों में मुझे **विक्रान्त कुमार गुप्ता पुत्र लक्ष्मी शंकर गुप्ता नि0 13/625, अंबेडकरनगर, रायबरेली** उ0प्र0 व जन्मतिथि 30/01/2005 से जाना पहचाना जाए

**NOTICE**
This is to inform that DEVANSH SRIVASTAVA with Unique ID 7251971 has passed his high school in 2020. His father's name has printed on the marksheet as and pass certificate as SUBASH JI SRIVASTAVA whereas correct father's name is SUBHASH JI SRIVASTAVA.

**सूचना**
पहले मेरा नाम NAJIM था अब मैने बदलकर अपना नाम NAJIM ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। NAJIM ALI S/O: NAJISH R/O- AURAMAU, POST BHATAULY BEHANDER, HARDOI

**सूचना**
मेरे पुत्र अब्दुल बासित खान के विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश MD ZAFAR KHAN अंकित हो गया था जबकि सही नाम MOHD ZAFAR KHAN है। – मो0 जफर खान पुत्र नईमुद्दीन खान, निवासी–160, अमन इन्क्लेव, हरदोई रोड, दुबग्गा, लखनऊ।

**सूचना**
मेरा नाम **नरेन्द्र कुमार सिंह पुत्र स्व. रूद्र कुमार सिंह, ग्राम– बदरपुर, पोस्ट कुसम्ही, थाना– डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर** है। हाईस्कूल मार्कसीट में नरेन्द्र कुमार हो गया जो गलत है। हमें नरेन्द्र कुमार सिंह के नाम से जाना जाए।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम अमृता मिश्रा पुत्री श्री संदीप कुमार मिश्रा है। जोकि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या 3531 1996 9303 में उसका नाम लक्ष्मी अंकित हो गया है। जोकि गलत है, मेरी पुत्री को उसके सही नाम अमृता मिश्रा पुत्री संदीप कुमार मिश्रा के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। एतद द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताये स्वयं मेरे द्वारा पूरी की गई है। **–अमृता मिश्रा पुत्री संदीप कुमार मिश्रा, निवासी– ग्राम बेलहा, पोस्ट कनकारी जिला सीतापुर। मोबाइल नंबर– 7380608087**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र अंकित कुमार की गलत आचरण से परेशान होकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से उसे बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए कृत्यों का अंकित कुमार स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **–बाबूलाल यादव पुत्र पितम्बर, निवासी– ग्राम पूरे आशाराम मजरे कोरिहर थाना गुरुबख्शगंज परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली।**



## क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!**

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

**अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –**
**7080239313**
**7570060266**

**आलमबाग**
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

# ढूंढे नहीं मिल रहे नाइजीरियन से मिलने आए दो विदेशी

## सीतापुर कारागार में निरुद्ध 12 बंदियों पर है तीसरी आंख की नजर


कारागार सीतापुर। अमृत विचार

जीशान कदीर, सीतापुर

**अमृत विचार:** कारागार में नाइजीरियन से मिलने आए दो विदेशी गेट तक तो पहुंचे, लेकिन आगे नहीं बढ़ सके, कड़ी सुरक्षा को भांप रफूचक्कर हो लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इन दिनों 12 बंदियों की निगरानी सख्त कर दी गई है। तीसरी आंख पर उच्चाधिकारी भी नजर बनाए हुए हैं।

मामला बीते कुछ समय पूर्व का है। कारागार में निरुद्ध नाइजीरिया के आईलैंड, लोगोस्ट्रीट विक्टोरिया निवासी ओसोजीयू और ओलिवर से मिलने दो विदेशी आए, नियमों के तहत कारागार से सूचना खुफिया विभाग और जिला पुलिस को दी गई। फिर कैमरे से भी निगरानी शुरू कर दी गई। स्थितियों को भांपते हुए दोनों विदेशी कारागार परिसर से रफूचक्कर हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए कारागार प्रशासन ने उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराया। शासन के निर्देश पर 12 बंदियों की निगरानी बढ़ा दी गई है।

**संदिग्ध कॉल से रहें सावधान वरना हो जाएंगे परेशान:** अचानक दस से अधिक नंबरों का फोन आता है अथवा लोकल नंबरों से आधी रकम पर सामान लेने की बात कही जाती है तो सावधान हो जाइए। सीतापुर और आसपास जनपदों में ऐसे गिरोह सक्रिय रहे हैं। जो फोन नंबरों के सहारे पलक छपकते ही लाखों के वारे-न्यारे कर जाते हैं। कुछ ऐसी वारदात नाइजीरियन, सीतापुर के व्यापारी खुशीराम अग्रवाल और आरक्षी मधु प्रकाश के साथ कर चुके हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ये गिरोह सीतापुर सहित आसपास जनपदों में सक्रिय रहा है। गिरोह के सदस्य लोकल के नौजवानों को फेस बुक पर चैटिंग कर अपने जाल में फंसा लेते हैं। फिर इनसे सिम उपलब्ध कराकर पैसों की ठगी करते हैं। रिकवरी न होने से बचते हैं, ताकि मौका निकालकर फिर भीड़ का हिस्सा बन जाएं और वारदातें करते रहें। जानकारों की मानें तो शातिर गिरोह देश से करोड़ों रुपये ठगकर विदेशी खातों में स्थानांतरित कर चुका है।

### इन लोगों पर है तीसरी आंख की पैनी नजर

ओलिवर, ओसीजीयू, प्रयागराज निवासी महेंद्र मिश्रा, वाराणसी निवासी रवीन्द्र पटेल उर्फ राजू, मेरठ निवासी शारिक चौधरी, कपिल, बिजनौर निवासी साहिल, शामली निवासी सुरेंद्र, हरदोई निवासी ज्ञानेंद्र सिंह, बहराइच निवासी जगन्नाथ गिरी, लखीमपुर खीरी निवासी इकरार, लखीमपुर खीरी निवासी छोटकन उर्फ छोटकन्ना।

"कारागार में निरुद्ध नाइजीरियन से मिलने दो विदेशी आए थे। जेल मैनुअल के आधार पर विदेशियों को कारागार के भीतर आने की तभी अनुमति मिलेगी, जब लोकल पुलिस और गुप्तचर एजेंसियां जांच पड़ताल कर लेती हैं, जांच से पहले ही दोनों अचानक परिसर से चले गए। इस बात की सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई थी। बीते दिनों हुई इस घटना को आधार मानकर बंदियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है।"
–सुरेश सिंह, जेल अधीक्षक

### नाइजीरियन को पकड़ने में भिड़े थे एसओजी प्रमुख

पुलिस सूत्रों को मुताबिक, नाइजीरियन गिरोह बनाकर एक स्थान पर रह रहे थे। पकड़े गए आरोपी जब रास्ते में दबोचे गए तो एसओजी प्रभारी सतेंद्र विक्रम सिंह की शर्ट तक फट गई। जांच पड़ताल में पता चला कि टूरिस्ट वीजे से आए विदेशियों के वीजे की सीमा भी समाप्त हो चुकी है।

### आजीवन कारावास के कैदी बरेली स्थानांतरित

कारागार डीजी के आदेश पर जिले में निरुद्ध आजीवन कारावास के कैदियों को बरेली जेल स्थानांतरित किया जा रहा है। अब तक 40 से अधिक कैदी गैर जनपद भेजे जा चुके हैं। अन्य का चिन्हीकरण किया जा रहा है।

## एक नजर

### कोल्ड स्टोर में काम कर रहे जेई की मौत

**महमूदाबाद, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक कोल्ड स्टोर में काम कर रहे जेई की मौत हो गयी। रायबरेली के ग्राम डांडी पोस्ट लोधीपुर निवासी उदयभान (52) पुत्र भगवानदीन महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेमरा स्थित वैभव लक्ष्मी कोल्ड स्टोर में जेई के पद पर कार्य करता था। बताते हैं कि अचानक उसके सीने में दर्द उठा। आनन फानन में उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंचे मृतक के बेटे रजनीश और अतुल का रो– रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम न करवाने से मना करने पर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा करके शव को परिजनों को दे दिया।

### करंट की चपेट में आकर युवक की गयी जान

**हरगांव, अमृत विचार:** इलाके के इस्माइलपुर गांव निवासी समीर अहमद (22) कस्बे के मोहल्ला रामपुर बरौरा में स्थित आरजू खान की वेल्डिंग मटेरियल के कारखाने पर वेल्डिंग का कार्य करते थे। रविवार को दिन में वह वेल्डिंग कर रहे थे। इसी दौरान करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गये जिससे अफरातफरी हो गयी। वर्कशॉप में कार्य कर रहे अन्य मजदूरों द्वारा आनन फानन में युवक को सीएचसी ले जाया गया। चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सीएचसी के चिकित्सक के मेमो पर पहुंची पुलिस शव का पीएम करवाना चाह रही थी लेकिन मृतक के परिजन पोस्टमार्टम कराने के इच्छुक नहीं थे, इसलिए लिखित में पुलिस को देकर शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया।

# बदल रहा है सियार का व्यवहार, बढ़ी समस्याएं, वन विभाग कर रही कॉबिंग

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


सियार के हमले में घायल पिपरी शादीपुर निवासी प्रभांशु मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बाघ के हमले बढ़ चले हैं। जिले में सियारों का मिजाज भी बदला है। हिंसक हो रहे जानवरों के बीच वन विभाग इलाकों में कॉबिंग कर रहा है। जंगली जानवर कैसे हमलावर हो रहे हैं, इसको लेकर विशेषज्ञ अपनी राय दे रहे हैं।

बहराइच के बाद अब सीतापुर में भी जंगली जानवर हमलावर हो रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, हमला करने वाले जानवर भेड़िये और सियार दोनों हैं। हालांकि हमला करने वालों की पुष्टि वन सियार के रूप में कर रहा है। सवाल बड़ा है कि सियार इतने हमलावर कैसे हो गए। रेउसा और पिसावां विकास खंड क्षेत्र की स्थित हाल-फिलहाल बड़े सवाल खड़े कर रही है। जिला वन अधिकारी नवीन खंडेलवाल का कहना है कि वैसे तो सियार काफी लुकछुप कर निकलने वाला जंगली जानवर है, ये बकरी अथवा छोटे पशुओं पर हमला कर सकता लेकिन मनुष्यों पर नहीं। हो सकता है कि कुत्तों और अन्य के संपर्क में आने के कारण इसकी प्रवृत्ति बदल रही हो, क्योंकि रैबीज तो एक से दूसरे में जाते ही हैं। उधर, भेड़िया के हमले को डीएफओ ने एक सिरे से नकारा है। इनका कहना है कि जिले में एक भी भेड़िया नहीं हैं तो हमला भेड़िया कैसे कर सकता है।


घायलों का हाल लेतीं महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य।

### सिधौली में बढ़े जंगली जानवर

**महमूदाबाद, अमृत विचार:** सिधौली में जंगली जानवर का खौफ है। नारायणपुर में शनिवार को जानवर के हमले से घायलों की सेहत में सुधार हुआ। क्षेत्रीय विधायक ने उनका हाल जाना। नारायणपुर निवासी सुमन (25) खाना खाने के बाद बाहर चौकी पर बर्तन रखने गई थी। इस दौरान जंगली जानवर हमलावर हो गया था।


राहत कार्यों का जायजा लेते कारागार राज्यमंत्री। अमृत विचार

### कारागार मंत्री ने टटोली राहत कार्यों की नब्ज

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों का हाल कारागार राज्यमंत्री ने जाना। लोगों को राहत और खाद्य सामग्री वितरण के निर्देश भी दिये गए। कारागार मंत्री लहरपुर तहसील क्षेत्र स्थित शारदा नदी के किनारे के गांव रतौली पहुंचे। उन्होंने कटान कर रही नदी के किनारों का निरीक्षण किया। इस दौरान सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे कटान रोधी कार्य व शारदा नदी में बाढ़ बचाव कार्य के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता सिंचाई शारदा नहर प्रखंड विशाल पोरवाल, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, सहायक अभियंता पुष्कर वर्मा सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 12 करोड़ की लागत से होगा लहरपुर का विकास

**तैयारी**

▸▸ बोर्ड बैठक में तय हुए कई प्रस्ताव कूड़े से भी मिलेगी निजात

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर


बोर्ड की बैठक में शामिल अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद सभागार में बोर्ड बैठक अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद की अध्यक्षता में हुई। अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार पटेल द्वारा पिछली बोर्ड बैठक को पढ़कर सुनाया, जिसकी सर्वसम्मत से पुष्टि की गई।

नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में सफाई व्यवस्था को लेकर सभी सदस्यों द्वारा सफाई कर्मचारी बढ़ाने सफाई उपकरण ठेलिया ई रिक्शा आदि क्रय करने के लिए सभासद मनीष शुक्ला, हक नवाज, मोहम्मद मोइन खान द्वारा प्रस्ताव रखा गया। इसको सभी सदस्यों ने सर्वसम्मत से पास किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा अपने-अपने वार्डों में कराए जाने के लिए विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव दिए गए। अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद द्वारा बताया गया कि 12 करोड़ की कार्य योजना नगर के विभिन्न स्थानों पर नाला-नाली व इण्टरलाकिंग लगवाए जाने के लिए शासन को भेजी गई है। स्वीकृत होने पर नगर का चौमुखी विकास किया जाएगा। प्रकाश व्यवस्था के लिए मोहसिन खातून, शन्नों आदि सदस्यों द्वारा मजाशाह चौराहे पर स्थित गेट के ऊपर प्रकाश व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव रखा गया। इसको लेकर अवर अभियंता को आंगणन तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया। सभासदों ने मजाशाह चौराहे व पाटन दिन चौराहे पर फौव्वारा लगाने का प्रस्ताव किया। जिसका सभी सदस्यों ने सर्वसम्मत से प्रस्ताव को पास किया। शाकुलीपुर वार्ड सदस्य द्वारा नगर में पाइप लाइन विस्तार कराने का प्रस्ताव रखा गया।

### आमजन की सुविधाओं के लिए लगेंगे डीपफ्रीजर

लहरपुर में जल्द ही नागरिकों की सुविधाओं के लिए फ्रीजर लगाए जाएंगे। इसको लेकर नगर पालिका की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ है। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही व्यवस्था स्थापित की जाएगी।

### चौराहे पर होगी प्रकाश सुविधा कूड़े के ढेरों से मिलेगी निजात

कस्बे के लिए सात मीटर ऊंची हाइड्रोलिक सीढ़ी व दो हत्थू सीढ़ी खरीद की जाएंगी। साथ ही विद्युत पोल पर लाइटें भी लगेंगी। ताकि सभी को पर्याप्त प्रकाश मिल सके। इसके अलावा अन्य विकास कार्यों पर ध्यान दिया जाएगा ताकि किसी को भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। अध्यक्ष ने बताया कि नगर में कूड़ा डंप करने की समस्या पहले से ही चली आ रही है, इसके लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत तहसील से भूमि की मांग की गई है। जैसे ही तहसील से भूमि उपलब्ध हो जाएगी, नगर को कूड़े से निजात मिल जाएगी।

# विद्युत लाइन व पोल बन रहे हादसों के सबब

## कसरैला से ब्लॉक परसेंउ मार्ग पर बढ़ रही हैं समस्याएं, लोगों में नाराजगी

संवाददाता तालगांव, सीतापुर


मुख्य मार्ग पर पेड़ों को छूते हाईटेंशन तार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के कसरैला से ब्लॉक परसेंडी क्षेत्र के परसेंडी तक मार्ग के किनारे हाईटेंशन विद्युत लाइन लोगों के लिए मुसीबत बन गयी है। इसकी चपेट में आए दिन ग्रामीण आ रहे हैं। ओवरलोड वाहनों में एक दूसरे को क्रास व ओवरटेक करते समय बिजली के तारों से टकराने का खतरा बढ़ चला है।

पांच कसरैला-परसेंडी मार्ग डामरीकरण व चौड़ीकरण कराया गया था। उस समय मार्ग तो दुरुस्त कर लिया गया लेकिन बिजली के पोल को नहीं हटाया गया। जिसका नतीजा किनारे लगे पेड़ की डालियां भी तार को छूने लगीं। ऐसे में पेड़ों में करंट उतरने लगा। 3 माह पूर्व रसूलपुर मजरा महमूदपुर निवासी बाइक सवार जानीपुर गांव के निकट खम्भे की चपेट में आकर घायल हो गया। हादसे में महिला की मौत हुई। बिजली के तार की चपेट में आने से जानीपुर गांव के निकट गन्ने से भरे ट्रक में आग भी लग चुकी है। इसमें ट्रक जलकर खाक हो गया था। क्षेत्र के अनिल, सुखराम, परवेश, दिनेश, आलोक आदि का कहना है कि ये प्रमुख मार्ग है। इसी मार्ग पर ब्लाक, थाना, अस्पताल, बीआरसी सहित तमाम प्रमुख कार्यालय हैं।

इसी मार्ग से होकर वाहन गुजरते हैं। बिजली के तार और खंभों से टकराने का सिलसिला बढ़ चला है। मार्ग के किनारे लगे बिजली के खंभों को सड़क से दूर किया जाएं। अन्यथा हादसे रोके नहीं जा सकते।


बदमाशों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीण। अमृत विचार

### ग्रामीणों ने बदमाशों को खदेड़ा, बड़ी वारदात टली

**संवाददाता सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** सदरपुर में ग्रामीणों की सजकता से एक बड़ी वारदात टल गई। पुलिस ने भी सक्रियता दिखाते हुए इलाके में कॉम्बिंग की पर असलहाधारी पकड़े नहीं जा सके। देर रात तक ग्रामीण लाठी–डंडे लेकर मुस्तैद रहे। घटना सदरपुर थाना इलाके के सुहैला गांव में शनिवार देर रात की है। ग्रामीण गुड्डू पुत्र अशोक के मुताबिक, घर के बाहर बंधे मवेशी से दूध दुह रहा था। इसी दौरान आधा दर्जन असलहाधारी आ गए। ग्रामीण कि निगाह पड़ते ही वो हालात भांप गया और घर के अंदर घुसकर चीख–पुकार करने लगा। शोरगुल सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। इकजाई ग्रामीणों को बाहर निकलता देख बदमाश पीछे हट गए। इसी बीच थानाध्यक्ष राकेश सिंह फोर्स सहित आ पहुंचे, देर रात गांव के बाहर खेत खंगाले गए लेकिन बदमाश भागने में सफल रहे।


लहरपुर स्थित भदफर पुलिस चौकी के निकट भरे पानी से शिकार की तलाश में मगरमच्छ बाहर आ गया। ग्रामीणों ने मगरमच्छ को बाहर देखकर इसकी सूचना वन विभाग को दी। टीम मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ को पकड़ती इससे पहले ही वह पानी में चला गया। अमृत विचार

# नई तकनीकियों से परिचित हुए किसान

संवाददाता सीतापुर


ग्रामीणों को जाानकारी देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सौ दिवसीय कार्ययोजना अंतर्गत, कृषि विज्ञान केंद्र कटिया ने ओरीपुर गांव में गुणवत्ता बीज उत्पादन तकनीक पर पांच दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को नवीनतम बीज उत्पादन तकनीकों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम संयोजक एवं फसल वैज्ञानिक डॉ. शिशिरकांत सिंह ने बताया कि किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के चयन, बीज उपचार, मिट्टी परीक्षण व जल प्रबंधन के बारे में बताया गया। डॉ. दयाशंकर ने बताया कि गुणवत्ता बीज उत्पादन न केवल किसान की पैदावार को बढ़ाता है बल्कि यह क्षेत्रीय विकास के लिए भी अहम है। डॉ. आनंद सिंह ने अपने व्याख्यान में गुणवत्तायुक्त चारा बीज उत्पादन पर जानकारी दी। शैलेंद्र सिंह ने बीज उत्पादन, भंडारण एवं बाजार की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की। सचिन प्रताप तोमर ने मिट्टी परीक्षण के महत्व पर जोर दिया। डॉ. रीमा ने मोटे अनाजों के बीज उत्पादन की भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने फसल प्रबंधन पर गहन तकनीकी जानकारी साझा की। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ओरीपुर और आस-पास के गांवों से 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

## सार-संक्षेप

### अंजुमनें कराएं अपना रजिस्ट्रेशन

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार:** मरकजी कमेटी जुलूस ए मोहम्मदी के कजियार स्थित चौराहे पर कैम्प कार्यालय का उद्घाटन किया। कमेटी के सदर हाजी मुजीब अहमद ने बताया कि मरकजी कमेटी के कैंप कार्यालय में संपर्क करके अंजुमनें अपना रजिस्ट्रेशन करा सकती हैं। साथ ही कमेटी के सदस्यों से अपनी परेशानियों को साझा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जुलूस को बेहतर बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। कमेटी के सदस्य कैंप कार्यालय पर मौजूद रहेंगे। जनरल सेक्रेटरी इकबाल अहमद ने कहा कि जुलूस में बड़ी गाड़ियों और पिकअप का इस्तेमाल न किया जाए। साथ ही साउंड सिस्टम भी दूर ही रखें। इस अवसर पर मसूद आलम अंसारी, अब्दुल कय्यूम अंसारी, कारी सलाहुद्दीन, निहाल, अयाज अहमद, मो. सलीम अड्डू, शमीम बेग, नूरुल हक खां, मो. नबी मोल्हे, एहराज बेग बब्बू, कारी असद, अकीलुर रहमान, मुमताज गाजी व शाहनवाज अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### साक्षरता दिवस पर बच्चों को बांटीं किताबें


बच्चों को किताबें बांटतीं आरुषि तिवारी। अमृत विचार

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार:** जिले के कस्बा कमलापुर में छात्रा आरुषी तिवारी द्वारा साक्षरता दिवस पर विकास खण्ड कसमण्डा के केवलपुर छरासी रूठा छोटा पतारा गनेशपुर की स्लम बस्ती के बच्चों को किताबें, कॉपियां, स्कूली बैग और खाद्य सामग्री बांटी गईं। इसमें पुलिस परामर्श की काउंसलर माण्डवी मिश्रा ने भी योगदान दिया। आरूषी तिवारी ने बताया कि जल्द ही इन बच्चों के लिए एक ऐसी जगह की व्यवस्था कराई जाएगी, जहां बच्चे बैठकर शिक्षा प्राप्त कर सकें।

### मच्छरों से बचाव के लिए कराई फॉगिंग


गांव में होती फॉगिंग। अमृत विचार

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार:** सकरन ब्लॉक का अधिकांश इलाका नमी वाला इलाका है। जिसके रहते यहां मच्छरों की बड़ी संख्या पाई जाती है। यही सब तमाम बीमारियों का कारण बनती है। विकास क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय ताजपुर ने स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराया। साथ ही गांव में फागिंग भी कराई गई। सार्थक प्रयास में खंड शिक्षाधिकारी सकरन ओमकार सिंह, मोहित जायसवाल, शिक्षक संजय कुमार, शिक्षक आराध्य शुक्ल, विद्या सागर शामिल रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

**लापरवाही**

महमूदाबाद ब्लॉक में सिर्फ स्कूल और पंचायत भवन तक सिमटे, गांवों में बजबजा रहे नाले, कूड़े के अंबार से बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

# सफाई कर्मचारियों की आवाजाही न होने से बढ़ रही महामारी

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर


कफील काजी।


रिजवान अंसारी।


बांसुरा गांव में जलभराव के बीच निकलता ग्रामीण। अमृत विचार


बांसुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम के बाहर लगा कूड़े का ढेर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** महमूदाबाद तहसील के कई गांव बाढ़ व कटान से प्रभावित हैं। ऐसे में संक्रमण बढ़ चला है। सफाईकर्मियों की आवाजाही न होने से हाल बेहाल है।

तहसील क्षेत्र का सबसे संक्रमित ब्लॉक क्षेत्र रामपुर मथुरा है। यहां के कई गांव में तेज बुखार और डायरिया के मरीज हैं। इनका इलाज स्वास्थ्य केंद्र के अलावा झोलाछाप भी कर रहे हैं। रामपुर मथुरा ब्लॉक क्षेत्र के बांसुरा गांव वासी कफील काजी का कहना है कि सफाई कर्मी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति काफी लापरवाह हो गए हैं। गांव की नई बाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम के बाहर व सार्वजनिक स्थानों पर व्याप्त गंदगी इसके सबूत है। घर के सामने कीचड़ और जलभराव के कारण आवागमन बाधित है, पानी में ईंट डाल कर उस पर से निकलना पड़ रहा है। खुरवल गांव निवासी रिजवान अंसारी कहते हैं कि गांव में सफाइकर्मी कम आते हैं। देवरिया गांव निवासी गुड्डू, रामनिवास, बालकरण, ब्रजमोहन आदि का कहना है कि गांव में नालियां चोक होने के कारण गंदगी सड़क और घरों के बाहर तक आ गई है।

**114 ग्राम पंचायत में 170 सफाईकर्मी नियुक्त:** महमूदाबाद और रामपुर मथुरा विकास खंड में 114 ग्राम पंचायतों में कुल 170 सफाईकर्मियों की नियुक्ति है। महमूदाबाद विकास खंड के हेलेपारा, नबीगंज, भुसना, सुहेल, अहिबनपुर, खुरवल, हरैया और गुड़ैचा गांव में सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी बढ़ी है। 70 ग्राम पंचायत वाले विकास खंड रामपुर मथुरा में 63 सफाईकर्मी हैं।

**यहां शौचालयों का है बुरा हाल:** बांसुरा, बहादुरगंज, महिमापुर, चांदपुर फरीदपुर, सिरकुंडा आदि गांवों में शिक्षण संस्थानों के आसपास व उनमें बने शौचालयों की स्थिति काफी खराब है। डीपीआरओ निरीश चंद्र साहू का कहना है कि दोनों ब्लॉक क्षेत्रों की जिन ग्राम पंचायतों में गंदगी से जुड़ी शिकायतें मिल रही हैं, उनको चिन्हित कर साफ - सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

## एक नजर

### युवक ने किशोरी से की छेड़खानी, केस दर्ज

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी अपने दूसरे घर से भूसा लेने गई थी। मौका देख गांव के ही युवक मोनू कोरी ने उसको पीछे से पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगा। अचानक पीछे से पकड़े जाने पर लड़की ने शोर मचाया तो वो उसे छोड़कर भाग गया। परिजनों ने इसकी शिकायत कोतवाली में की। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अभियोग पंजीकृत कर युवक को हिरासत में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक ओपी तिवारी ने बताया कि मामले में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है ।

### स्वयंसेवी संस्थाओं के आवेदन आमंत्रित

**बाराबंकी :** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ .अतुल अवस्थी ने बताया है कि निराश्रित व बेसहारा गोवंश हेतु जनपद अन्तर्गत संचालित अस्थायी गौ आश्रय स्थल, वृहद गौ 'सरंक्षण केन्द्र के संचालन के लिए इच्छुक स्वयं सेवी संस्थाओं के आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। इच्छुक स्वयं सेवी संस्थायें मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में आवेदन पत्र 17 सितंबर तक प्रस्तुत कर सकते हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ .अतुल अवस्थी ने बताया कि संस्थाओं के आवेदनों की जांच के बाद उनके संचालन हेतु उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रारूप एवं सेवा-शर्ते तथा अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

### भाकियू ने बैठक में समस्याओं पर की चर्चा

**हैदरगढ़ बाराबंकी :** भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट की तहसील व ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक बछरावां रोड पर कस्बे के सुभाष वार्ड में मकदूम मर्द शाह बाबा की मजार पर सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार व जन समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष जावेद खान, जिला उपाध्यक्ष शिव मोहन वर्मा, तहसील अध्यक्ष सलमा बानो, ब्लाक अध्यक्ष अन्नू सिंह, मेवालाल रावत, अरविन्द सिंह, शरबेश, शिव बरन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वित्तीय अनियमितताओं पर किया गया जवाब-तलब

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:**

**अमृत विचार:** पटेल महिला महाविद्यालय प्रबंधसमिति के वर्तमान सचिव व प्रबंधक ने पूर्व सचिव से विद्यालय में वित्तीय अनियमितता को लेकर एक सप्ताह में जवाब-तलब किया है।

गौरतलब है कि पटेल महिला महाविद्यालय की पूर्व सचिव कृष्णा चौधरी पर महाविद्यालय में वित्तीय अनियमितताएं, कर्मचारियों का वित्तीय शोषण आदि का आरोप संस्था के सदस्य और पूर्व कुलपति अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद डॉ. शिवमोहन सिंह ने लगाया था। साथ ही पत्र भेजकर कृष्णा चौधरी से स्पष्टीकरण मांगा था लेकिन लंबे समय से टाल-मटोल कर अब तक उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया है। इस पर पटेल महिला महाविद्यालय प्रबंधसमिति के वर्तमान सचिव व प्रबंधक उमाशंकर वर्मा ने पूर्व सचिव द्वारा महाविद्यालय में की गई गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में उन्हें एक सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर देते हुए विधिक कार्यवाही की चेतावनी दी है।

# चोर के शक में ग्रामीणों ने पकड़ा, पेड़ से बांधकर की पिटाई

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी।**

- चोरी की वारदातों से संदिग्ध व्यक्ति ग्रामीणों को लग रहा चोर
- पकड़े गए युवक को पुलिस के कर दिया हवाले

**अमृत विचार :** ताबड़तोड़ चोरी से परेशान ग्रामीण रात भर जागने को मजबूर तो हैं ही रात घिरते ही उन्हें गांव दिखने वाला हर संदिग्ध व्यक्ति चोर नजर आ रहा है। इसी के चलते सामान्य लोग भी उनके निशाने पर आ रहे हैं। एक सप्ताह के भीतर तीसरी बार बड्डूपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में ग्रामीणों ने एक व्यक्ति की पेड़ से बांधकर पिटाई कर दी।

ग्रामीणों के मुताबिक चोर होने के शक में हम सभी ने मिलकर उसकी पिटाई शुरू कर दी, जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को छुड़ाकर थाने ले लाई। इसके बाद में पुलिस को युवक के बारे में पता चला कि वह मंदबुद्धि है। वहीं पुलिस ने युवक को पीटे जाने की बात से इनकार किया है। वहीं गांव वालों का कहना है कि चोर होने की आशंका पर ही सभी ने उसकी पिटाई की और पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मल्लावां में शनिवार रात एक संदिग्ध व्यक्ति ग्रामीणों को दिखा। ग्रामीणों ने इससे पूछताछ की तो वह अपने बारे में कुछ बता नहीं सका। इसके बाद लोगों ने उसे चोर होने के शक में पेड़ से बांध दिया और उसकी पिटाई भी शुरू कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस इस संदिग्ध व्यकित को लेकर थाने चली गई। यहां पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया युवक चोर नहीं है बल्कि मंदबुद्धि है। जो टहलते हुए गांव पहुंच गया था। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि गोवर्धन के घर के पास यह अकेला नहीं उसके साथ कई और साथी भी थे, वहीं गोवर्धन की बेटी ने एक व्यक्ति के होने की बात कही है। इससे पूर्व सरैंया दलजीत गांव में भी चोर होने के शक में एक युवक को पेड़ से बांधकर उसकी पिटाई की गई थी। इसके कुछ ही दिन बाद ग्राम झरसवां में गैस चूल्हे बेचने निकले आठ लोगों को ग्रामीणों ने शक के आधार पर रोक लिया और इनकी तलाशी ली। इसके बाद उनको पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। बता दें कि बड्डूपुर थाना क्षेत्र में इस समय चोरों का आतंक इस कदर है कि ग्रामीण रात भर जागकर अपने घरों की रखवाली कर रहे हैं, इस दौरान खासकर रात में दिखने वाला हर अंजान व्यक्ति उन्हे चोर नजर आता है और वह उससे चोर की तरह व्यवहार कर रहे हैं। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि शनिवार रात पेड़ से बांधा गया व्यक्ति चोर नहीं बल्कि मंदबुद्धि युवक है। जिसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया था, जबकि उसकी पिटाई नहीं की गई है। चोरी के मामलों के लेकर गांव में गश्त बढ़ा दी गई है, जल्द चोरों को पकड़कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 73.44 लाख रुपये का बाहर से हो गया भुगतान

## 37 ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में धांधली: कम्प्यूटर सिस्टम से भुगतान करने की व्यवस्था को चुनौती

**रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी:**

- कुल 441 बार हुआ ट्रांजेक्शन जिम्मेदार बोले-होगी जांच

**अमृत विचार:** शासन की बनाई हुई व्यवस्था को पंचायती राज विभाग के कर्मचारी चुनौती दे रहे हैं। उन्हें कार्रवाई का जरा सा भी डर नहीं रह गया है। तभी तो सख्त आदेश के बावजूद 37 ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों का भुगतान सचिव और प्रधान के डिजिटल सिग्नेचर होने के बाद भी 73 लाख 44 हजार रुपये से अधिक का भुगतान ग्राम पंचायत के पंचायत सचिवालय के कम्प्यूटर सिस्टम नहीं बल्कि बाहर से कर दिया गया है। यह कोई एक ट्रांजेक्शन का मामला नहीं है। बल्कि 441 बार भुगतान बाहर से ऑनलाइन किया गया है। अब इन भुगतानों के पारदर्शिता पर सवालियां निशान उठ रहे हैं। हालांकि जिम्मेदार अधिकारी ने मामले की जांच कराने के साथ संबंधित पर कार्रवाई होने की बात कही है।

पंचायती राज विभाग में व्यवस्था है कि ग्राम सचिवालयों में पंचायत गेटवे पोर्टल इंस्टाल कराकर ई-ग्राम स्वराज से संबंधित सभी कार्य ग्राम सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर से ही कराया जाए। इस संबंध में पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने जुलाई 2024 में हुए भुगतान की समीक्षा की तो जिले की 37 ग्राम पंचायतों की मनमानी व धांधली सामने आई है। ग्राम पंचायतों ने दूसरे स्थान से एक-दो नहीं बल्कि 73 लाख 44 हजार 333 रुपये का भुगतान कर दिया गया। यह भुगतान एक बार में नहीं बल्कि 441 बार में अलग-अलग तिथियों में किया जाना बताया जा रहा है। इस लापरवाही पर निदेशक ने सवाल भी उठाए हैं और बाराबंकी सहित अन्य जिलों में इस तरह के मामले सामने आने पर पत्र भेजकर कहा है कि सचिवालय से भुगतान की निगरानी जिला पंचायत राज अधिकारी की है। वहीं विभागीय सूत्रों की मानें तो निदेशक ने संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव पर कार्रवाई के लिए भी निर्देशित किया है। इसके बाद से विभाग में हड़कंप मच गया है।

### अयोध्या मंडल के कई अन्य जिले भी इसमें शामिल

बाराबंकी के अलावा इस मामले में मंडल के कई अन्य जिले भी इसमें शामिल हैं। जिन्होंने दूसरी स्थानों से ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों का भुगतान कर दिया है। इनमें अमेठी जिले में तीन ग्राम पंचायतों में चार बार में 82 हजार 683 रुपये, अयोध्या में 19 ग्राम पंचायतों में 200 बार में 38 लाख 2 हजार 651 रुपये, आंबेडकरनगर में 82 ग्राम पंचायतों में 459 बार में 86 लाख 7 हजार 845 रुपये और सुल्तानपुर जिले में 12 ग्राम पंचायतों में 50 बार में 22 लाख 69 हजार 847 रुपये का भुगतान बाहर से किया जाना शामिल है।

> संबंधित सचिव पर होगी कार्रवाई जून माह में कुछ ग्राम पंचायतों में ऐसे मामले पकड़ में आए थे। जिसमें 18 सचिवों को नोटिस दी गई थी। इनमें आठ सचिव ग्राम विकास के भी थे। जुलाई माह में बाहर से भुगतान होने के संबंध में निदेशालय से इस संबंध में कोई पत्र कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है। फिर भी अपने स्तर से भी जांच कराएंगे। संबंधित दोषियों पर कार्रवाई भी होगी।
>
> **-नीतेश भोंडेले,** जिला पंचायत राज अधिकारी, बाराबंकी।

### ग्रामीणों को आता देख भागे मछली चोर

**बनीकोडर बाराबंकी:** असंद्रा थाना क्षेत्र में बीती रात तालाब से मछली चोरी करने आए चोरों ने ग्रामीणों को आते देख पिकअप छोड़कर भाग खड़े हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। दांदूपुर मजरे लकड़िया गांव के निवासी सुरेश सिंह तालाब में मत्स्य पालन करते हैं। उन्होंने बताया कि बीती रात कुछ लोग पिकअप लेकर तालाब से मछली चोरी करने आए थे। वे लोग तालाब में जाल डालकर मछलियां पकड़ने लगे। इसी बीच तालाब की रखवाली कर रहे चौकीदार को इसकी जानकारी हो गई। उसने सुरेश सिंह को इसकी सूचना दी। सूचना पर सुरेश सिंह और अन्य लोगों वहां पहुंचे तो सभी चोर पिकअप छोड़कर फरार हो गए।

### कुड़वा गांव में फांसी के फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक महिला का शव ससुराल में फांसी के फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार यह घटना थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़वा की है। यहां के रहने वाले धर्मेन्द्र सिंह का परिवार शनिवार की रात खाना खाकर सो गया। सुबह पत्नी गायत्री के कमरे से बाहर न आने पर परिजनों ने दरवाजा खोला तो गायत्री को साड़ी से बने फंदे से लटकते देखा। यह देख घर में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला ने यह कदम क्यों उठाया, इसका पता नहीं चल सका है।

## पुलिस ने दबोचे तीन वांछित अभियुक्त

**बाराबंकी:** थाना कुर्सी पुलिस टीम ने वांछित दो अभियुक्तों आफताब आलम, वजीर आजम पुत्र सलाउद्दीन निवासी टिकैतगंज थाना कुर्सी को जीआईसी स्कूल तिराहे के पास से गिरफ्तार किया है। वहीं थाना असन्द्रा पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट व एससी, एसटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मनोज पाल पुत्र स्व. रामधीरज पाल निवासी ग्राम मानपुर मकोहिया थाना असन्द्रा को रारी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है।

# नाबालिगों के हाथों में ई-रिक्शा की स्टेयरिंग




कस्बे के मार्गों पर बेखौफ होकर ई-रिक्शा चला रहे नाबालिग बच्चे। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** नाबालिग चालक बेखौफ होकर अपने ई-रिक्शा सड़कों पर दौड़ाते हुए यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं लेकिन इन पर कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। शायद जिला प्रशासन के जिम्मेदारों को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

देवा क्षेत्र के देवा विशुनपुर मार्ग, देवा कुर्सी मार्ग, देवा चिनहट और देवा बाराबंकी मार्ग सहित अन्य मार्गों पर सैकड़ों ई-रिक्शा पर नाबालिग फर्राटा भरते नजर आते रहते हैं। यह ई-रिक्शा कम दूरी तय करने वाले यात्रियों के लिए मुफीद साबित हो रहे हैं तो अधिकतर ई-रिक्शा को नाबालिक लड़के चला रहे हैं। इन लड़कों में अनुभव की कमी यात्रियों की जान जोखिम में डाल सकती है। बीते महादेव बीसलपुर मार्ग पर सलारपुर गांव के पास एक नाबालिक ई-रिक्शा चालक अपने वाहन का नियंत्रण खो बैठा और उसका वाहन पलट गया। जिसमें सवार चार महिलाओं को मामूली चोटे आई थीं। इसके बाद वह सब महिलायें अपने-अपने घर चली गईं थीं। इस संबंध में पुलिस को किसी प्रकार की सूचना नहीं दी गई। इसी तरह कस्बे के मुख्य मार्गों व कस्बा में अक्सर पुलिसकर्मी मौजूद देखे जाते हैं इसके बाद भी इन लोगों द्वारा नाबालिक ई-रिक्शा चालकों पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

बता दें कि तीन दिन पहले बड्डूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सड़क दुर्घटना में ऑटो सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। देवा क्षेत्र में तो नाबालिक ई-रिक्शा चालकों की भरमार है जो किसी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

**जोखिम में जान**

- क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर भर रहे फर्राटा, वाहन मालिक व जिम्मेदार भी लापरवाह

**क्या बोले जिम्मेदार**

नाबालिकों द्वारा वाहन चलाने पर वाहन स्वामी को 25 हजार रुपये का जुर्माना और 3 साल की सजा का प्रावधान है। नाबालिक चालकों द्वारा वाहन चलाने पर बराबर नजर रखी जाती है। अभियान चलाकर इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

-जितेंद्र कुमार तिवारी, यातायात प्रभारी देवा।

## पिस्टल लाइसेंस रद करने को रिपोर्ट देगी पुलिस

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रापर्टी को लेकर सपा से सदर विधायक के भाई धर्मेन्द्र के घर में मचा भूचाल थमने का नाम नहीं ले रहा। चिनहट के ढाबे में हुए शस्त्र प्रदर्शन के बाद पुलिस ने जहां धर्मेन्द्र को पकड़कर जेल भेज दिया। वहीं सम्बन्धित थाने की पुलिस पिस्टल लाइसेंस निरस्त करने के लिए बाराबंकी डीएम को रिपोर्ट भेजने जा रही है। इनके पुत्रों की पुलिस सिरे से तलाश कर रही है, कई और चेहरे भी पुलिस की रडार पर हैं।

मालूम हो कि सपा विधायक के भाई धर्मेन्द्र की एक पत्नी बाराबंकी में तो दूसरी लखनऊ में रहती है। दोनों परिवारों के बीच प्रापर्टी को लेकर विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धर्मेन्द्र के दो बेटे ऋषभ और प्रिंस प्रापर्टी डीलिंग का काम करते हैं, इनके बीच चार सितंबर को मोबाइल पर जोरदार बहस हुई थी, इसके बाद पांच सितंबर को यह दोनों चिनहट थाना क्षेत्र में आदर्श ढाबा पहुंचे। जहां इनके पिता धर्मेन्द्र की मौजूदगी में दोनों बेटों के बीच जमकर मारपीट और फायरिंग हुई। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में धर्मेन्द्र भी हाथ में पिस्टल लहराते दिखे। जिसके आधार पर धर्मेन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इन्हे पकड़ा गया। वहीं इनकी लाइसेंसी पिस्टल व कारतूस जब्त कर लिया गया है।

## रुठे मेघा तो किसानों के माथे पर बढ़ी चिंता की लकीरें

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:**

- 2023 के मुकाबले इस साल आधी हुई है बारिश

**अमृत विचार :** इस बार मेघा रुठे हुए हैं और धान की फसल को पर्याप्त पानी का इंतजार है। गुजरे तीन सालों में भरपूर बारिश से किसान बाग-बाग होता रहा है, सरकारी पानी की जगह जब उसे कुदरती पानी की जरूरत थी तो देर से ही सही पर उसकी मुराद पूरी हुई, बात करें चालू साल की तो हालात बेहतर नहीं हैं। बारिश का यही हाल रहा तो धान की फसल पर मंड़रा रहा संकट हकीकत में बरबादी के रूप में दिखाई देगा। बीते साल के मुकाबले इस साल आधी ही बारिश हुई है, हैरत में डालने और मायूस करने के लिए बारिश का यह फर्क ही काफी है। इसके बावजूद किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठा है।

वर्ष 2021, 2022 और 2023 में बारिश अपने समय चक्र से आगे बढ़ गई और जमकर बारिश के हालात जुलाई अगस्त के बजाय सितंबर माह में बने। बारिश भी इस कदर हुई कि शहर व ग्रामीण इलाके पानी से लबालब हो गए। नहर में पानी आने का इंतजार करते किसान को एकबारगी निराशा हाथ लगती दिखी पर फसल सूखने से पहले ही कुदरत ने उसकी मुराद पूरी कर दी। यह माना गया कि बारिश ने सितंबर महीने में सारा हिसाब साफ कर दिया। अब बात 2024 यानी चालू साल की करें तो हालात निराश करने वाले हैं। बीते तीन वर्षों के मुकाबले इस साल बारिश आधी ही हुई है, एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2023 में अगस्त और सितंबर के शुरूआती दिनों में करीब 350 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जा चुकी थी पर इस साल केवल अगस्त माह में ही 178 मिमी ही बारिश हुई है। यह आंकड़ा किसानों को परेशान करने के लिए काफी है। बारिश के शुरूआती हाल देखते हुए किसान को उम्मीद थी कि वह समय रहते धान लगा लेगा और थोड़ी बहुत बारिश उसकी फसल को आगे बढ़ाने में मदद करेगी पर हुआ ठीक उल्टा जब किसान की फसल को पानी की जरूरत हुई तो बादल भी आसमान से खाली गुजर रहे हैं। इस समय नहरों में पानी न के बराबर है, उससे किसान को कोई राहत नहीं मिल रही, उस पर दोबारा सक्रिय हुआ मानसून फिर ठहर गया है।

वहीं इस बारे में उपकृषि निदेशक शोध अरविंद कुमार सचान ने बताया कि धान की फसल के लिए हुई बारिश औसत ही कही जाएगी। वहीं दलहनी तिलहनी फसलों को भी ठीक ठाक बारिश चाहिए। इस साल हुई बारिश पिछले साल के मुकाबले काफी कम है। सितंबर माह में ठीक ठाक बारिश की उम्मीद है।

## सार-संक्षेप

### आज डीएम को ज्ञापन सौंपेगा विद्यालय संघ

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जांच प्रक्रिया के नाम पर निजी क्षेत्र के स्कूलों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए प्राइवेट विद्यालय संघ मुखर हुआ है। संघ की बैठक में तय हुआ कि कल सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। फिर भी शोषण न रुका तो जिले भर के शिक्षण संस्थान बंद कराए जाएंगे। कोआपरेटिव बैंक में प्राइवेट विद्यालय संघ की एक बैठक संरक्षक एवं जिला पंचायत सदस्य डॉ . अवधेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई। विद्यालय संचालन में हो रही समस्याओं पर चर्चा के दौरान शिक्षा क्षेत्र से जुड़े संगठनों ने समर्थन दिया और आवाहन किया कि सोमवार को डीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष अतुल दुबे ने कहा कि यदि शासन मान्यता मानकों में संशोधन कर पुराने मान्यता मानक नहीं लागू करता है और जांच प्रक्रिया के नाम पर स्कूलों का शोषण नहीं रूकता है तो स्कूल बंद कराने का आवाहन किया जाएगा। इस मौके पर डीके शुक्ला, अकील, तुला सिंह, प्रेमप्रकाश, आशुतोष यादव, संजय यादव, अंगद कुमार, अरूण वर्मा, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब की क्विज प्रतियोगिता में अनमोल प्रथम



प्रतिभागियों के साथ रोटरी क्लब के सदस्य। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर जनपद के एमबी कॉलेज के ऑडिटोरियम में रोटरी क्लब ने सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के बच्चों के बीच इंटर डिस्ट्रिक्ट कम्पटीशन का फाइनल राउंड कराया। फाइनल राउंड में ब्लॉक फतेहपुर के प्राथमिक विद्यालय बिशुनपुर 2 के छात्र अनमोल मौर्या ने प्रथम, ब्लॉक बंकी के प्राथमिक विद्यालय भोजपुरी गढ़ी की छात्रा ताषी यादव ने द्वितीय स्थान व ब्लॉक हरख के प्राथमिक विद्यालय गुलरिहा के छात्र नैतिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रोजेक्ट के कॉर्डिनेटर व शिक्षक रोटेरियन सम्पन्न कुमार निगम ने बताया कि इस तरह की प्रतिस्पर्धा का मुख्य उद्देश्य बच्चों में निहित प्रतिभा को बाहर निकालना व खुले मंच पर उनको अवसर प्रदान करने के साथ ही उनकी हिचकिचाहट को समाप्त करते हुए उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना था। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चैयरमैन अरविंद वर्मा ने बताया कि क्लब द्वारा पहली बार इस तरह की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसके प्रथम चरण की शुरुआत 3 सितंबर से हुई थी। इस कार्यक्रम में इस अवसर पर क्लब के प्रेसिडेंट महावीर प्रसाद जैन, सेक्रेटरी डॉ विमल बैसवार, कोषाध्यक्ष संजय निगम, डॉ सुधीर वर्मा, अरविंद वर्मा, प्रो . डॉ . आर . आहूजा, अरविंद गुटगुटिया, जयश्री गुटगुटिया, सुनील वर्मा, रजनी वर्मा, कुसुम जैन, शिखा श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### जातीय जनगणना लागू कराने के लिए कांग्रेस वचनबद्ध



कार्यालय में बैठक को संबोधित करते सांसद तनुज पूनिया। अमृत विचार

**बाराबंकी अमृत विचार :** जातीय जनगणना से समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सकता है कांग्रेस पार्टी जातीय जनगणना लागू कराने के लिये वचनबद्ध है, क्योंकि इसके माध्यम से कमजोर और पिछड़े वर्गों की आर्थिक सामाजिक और शैक्षिक स्थिति का सही आकलन कर योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है पिछड़े अनुसूचित जाति और जनजातियों को समुचित प्रतिनिधित्व देने के लिये जातीय जनगणना एक प्रभावशाली कदम साबित होगा। उक्त उद्गार कांग्रेस पार्टी से सांसद तनुज पुनिया ने आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित कांग्रेसजनों की बैठक में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना लागू कराने के लिए कांग्रेस पार्टी वचनबद्ध है। वहीं बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिले के पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों वरिष्ठ कांग्रेसजनों फ्रंटल प्रकोष्ठ एवं विभाग के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने हिस्सेदारी निभाई। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट रूप से मानना है कि, जातीय जनगणना न केवल सामाजिक न्याय की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि इसके होने से गरीब और वंचित वर्गों को उनके अधिकार दिलाने में भी मदत मिलेगी। जातीय जनगणना का विरोध करना समाज के पिछड़े वर्गों की अनदेखी करना है। हम इस बैठक के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करते हैं कि, जल्द से जल्द जातीय जनगणना लागू की जाये जिससे समाज के हर वर्ग को उचित अवसर और प्रतिनिधित्व मिल सके। इस मौके पर तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

**लापरवाही** मिट्टी बहने से कभी हो सकता है बड़ा हादसा, एनएचएआई के जिम्मेदरा नहीं कर रहो मॉनीटरिंग

# नीचे से अयोध्या-लखनऊ हाईवे हो रहा खोखला

**रामसनेहीघाट बाराबंकी:**




हाईवे पर रामसनेहीघाट के ताला गांव के कट के पास नीचे होने लगा जर्जर।

**अमृत विचार:** अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग पर ताला गांव के कट के पास सड़क के नीचे से मिट्टी बह गई है। भारी बरसात के पानी के साथ मिट्टी का कटाव होने के कारण स्थित यह बन गई है कि सड़क नीचे से खोखली होने लगी है और सड़क टूटने भी लग गई है। जिसके कारण बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी हाईवे की मॉनीटरिंग न करने और लापरवाही के चलते मरम्मत न कराने के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

सफेदाबाद के लखनऊ सीमा से लेकर रामनसेहीघाट क्षेत्र के अयोध्या सीमा तक करीब 60 किलोमीटर का लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग है। इस मार्ग पर यूं तो कई स्थानों पर सड़क चटकी व उखड़ी हुई दिख रही है लेकिन क्षेत्र के ताला गांव के कट के पास जो नजारा देखने को मिल रहा है उससे तो यह लगता है कि अगर जिम्मेदारों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस गांव के कट के पास हाईवे के नीचे लगभग 5 मीटर चौड़ी और करीब 8 -9 फीट गहरी खाई हो गई है। जिले हुई बरसात की वजह से मिट्टी पूरी तरह से बह चुकी है। ताला गांव के लोगों ने बताया कि पानी निकालने के प्रेशर की वजह से सड़क की मिट्टी बह गई है। इस सड़क पर जो भी वाहन गुजरता है तो कोई बड़ा हादसा होने का डर सा बना रहता है।

यह तो रही एक जगह की बात। जबकि ऐसे ही पूरे हाईवे क्षेत्र में कई अन्य जगहों पर भी छोटे और बड़े गड्ढे या मिट्टी कटान देखने को मिल रही है। वहीं सड़क के ऊपरी हिस्से पर भी दरार पड़ चुकी है। वहीं लंबे समय से एनएचएआई की मरम्मत विंग द्वारा हाईवे का मेंटेनेंस कार्य भी नहीं किया जा रहा है। इसलिए जिम्मेदारों की अनदेखी भारी पड़ सकती है। इस संबंध में जब एसडीएम रामसनेहीघाट राम आसरे वर्मा को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने एनएचएआई के कर्मचारियों को तुरंत मिट्टी डालने का आदेश दिया है।

वहीं अहमदपुर टोल मैनेजर राकेश कुमार यादव ने बताया कि एनएचएआई के मेंटेनेंस विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है। जो जल्द से जल्द हाईवे पर मिट्टी डालकर इस तरह के गड्ढे को पाट कर मरम्मत करेगी।

## जीएसटी पंजीयन के बारे में दी जानकारी

**बाराबंकी, अमृत विचार:** विभागीय पंजीयन के महत्व एवं लाभ से अवगत कराने तथा स्रोत पर की कटौती के माध्यम से प्राप्त होने वाले राजस्व की सुरक्षा को लेकर विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार एक कार्यशाला आयोजित हुई। बैठक में सभी बीडीओ के साथ एडीओ और ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा जीएसटी पंजीयन की जानकारी दी गई।

इस दौरान सहायक आयुक्त आहरण एवं वितरण अधिकारी, राज्य कर अंचल अग्रवाल द्वारा अलग अलग प्रकार से माल एवं सेवा कर अधिनियम-2017 के सुसंगत प्रावधानों की जानकारी दी गई। वहीं पंजीयन, स्रोत पर कर की कटौती (टीडीएस), रिटर्न फाइलिंग इत्यादि विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए चर्चा की गई।

## एक नजर

### अपहृता बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी :** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम भारतीय न्याय संहिता- 2023 से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद कर अभियुक्त सुनिल कुमार यादव पुत्र रामफेर यादव निवासी ग्राम घुटरू शेखपुर कुटरु थाना बदोसरांय को आलापुर मजार के पास से गिरफ्तार किया।

### 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

**बाराबंकी :** थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने अभियुक्त छत्रपाल पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम बसारा थाना फतेहपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। अभियुक्त के विरुद्ध थाना फतेहपुर पर आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया।

### बालिका बरामद, युवक को भेजा जेल

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी :** लोनीकटरा पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव से आठ दिन पूर्व अपहरण कर नाबालिग बालिका को भागा ले जाने वाले युवक को लड़की के साथ पकड़ कर जेल भेजा है। 31अगस्त की रात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी आसिक 16 वर्षीय बालिका का अपहरण कर ले गया था। पिता की शिकायत पर पुलिस आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त की तलाश कर रही थी। रविवार को लोनीकटरा पुलिस ने क्षेत्र के दहिला मोड़ पर वाहन का इन्तजार करते समय दोनों पकड़ लिया। पुलिस ने बालिका को मेडिकल के लिये भेजकर युवक को जेल रवाना किया है।

### समझौता कराने गए युवक को पीटा, केस दर्ज

**पूराबाजार, अयोध्या :** दो लोगों के विवाद में समझौता कराने गए एक युवक को भारी पड़ गया। एक पक्ष ने युवक को पीट दिया और जान से मारने की धमकी भी दिया। पीड़ित युवक के तहरीर पर पुलिस ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। महाराजगंज थाना क्षेत्र के नारा गांव निवासी शिवपूजन सिंह पुत्र स्व. सुखदेव सिंह ने पुलिस को दिए गए तहरीर में कहा है कि रविवार सुबह करीब 11:00 बजे पूरा बाजार स्थित मकान के ठीक सामने खड़ा था। नारा गांव निवासी रिंकू पुत्र रघुवंश बाइक से आ रहे कि सामने से आ रहे मूडाडीहा गांव निवासी सौरभ यादव पुत्र रंजीत यादव की टक्कर हो गई। मेरे द्वारा बीच बचाव करने पर सौरभ यादव ने साथियों के साथ मिलकर मारा पीटा जिससे गंभीर चोटे आई हैं।

### भवनाथ दास को सरयू तट पर दी गई जल समाधि

**अयोध्या :** समाजवादी संत के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत भवनाथ दास का शनिवार की देर रात निधन हो गया है। वे 83 वर्ष के थे। रविवार को सरयू तट पर संत परंपरा के अनुरूप उन्हें जलसमाधि दी गई। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया उनके उत्तराधिकारी महंत रमेश दास ने पूरी की। रविवार को उन्हें अंतिम विदाई देने जन समूह उमड़ पड़ा। अंतिम दर्शन करने वालों में निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत मुरली दास, महंत रामकुमार दास आदि रहे।

# दुबई में बिकेगा लक्ष्मणपुर का परवल और भिंडी

## रंग ला रही गांव के किसानों की मेहनत, सब्जियों से भरे वाहन को भेजा गया एयरपोर्ट

सतरिख बाराबंकी

**अमृत विचार:** लक्ष्मणपुर गांव के किसानों के मेहनत अब रंग लाने लगी है। उनके कड़े परिश्रम से खेतों में उगाए जाने वाले यहां के परवल, भिंडी अब दुबई के शेख भी खाएंगे। रविवार को परवल व भिंडी से भरे वाहन को गांव से एयरपोर्ट के लिए रवाना किया गया है। एयरपोर्ट से हवाई जहाज के माध्यम से ये सब्जियां दुबई भेजी जाएंगी। इससे पहले भी करेला, लौकी आदि सब्जियों को दुबई में बिक्री के लिए भेजा जा चुका है। जानकारी के मुताबिक जिले से कई क्विंटल सब्जी दुबई और यूरोपीय देशों में भेजी जा रही है। इससे सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को अच्छी आय हो रही है। यही वजह है कि जिले में अब किसान सब्जियों की खेती करने में ज्यादा रुचि भी ले रहे हैं।

विकास खंड हरख के लक्ष्मणपुर गांव में राम आसरे एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा लक्ष्मणपुर तथा सलारपुर गांवों में जाकर बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा की जा रही करेला, लौकी, भिंडी और परवल की प्रगतिशील खेती से रविवार को खाड़ी देश दुबई में बिक्री के लिए भिंडी और परवल को वाहन से एयरपोर्ट के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जिले से कई क्विंटल सब्जी दुबई और यूरोपीय देशों में भेजी जा रही है। इससे सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को अच्छी आय हो रही है। वहीं लक्ष्मणपुर गांव के प्रगतिशील किसान नीरज कुमार पटेल ने बताया कि अधिकारियों के प्रयासों से यहां खेतों उगाए जा रहे परवल, भिंडी, लौकी और करेला को बिक्री के लिए दुबई भेजा जा रहा है। यह हम किसान भाइयों के लिये बहुत गर्व की बात है। उन्होंने अधिकारियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी के सहयोग से आज यह काम संभव हो सका है। यही वजह है कि जिले में अब किसान सब्जियों की खेती में ज्यादा रुचि भी ले रहे हैं। इसे पहले किसानों ने अफसरों को सब्जियों की खेती करने का अपनी तकनीक भी बताई थी।

सूत्रों की जानकारी के मुताबिक उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला उद्यान अधिकारी महेश कुमार श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, अपर जिला कृषि अधिकारी एबी सिंह व वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक गणेश चंद मिश्रा ने लक्ष्मणपुर गांव पहुंचकर यहां किसानों के खेत में सब्जियों की फसल का निरीक्षण किया था। अधिकारियों की टीम ने किसानों की उन्नतशील खेती देखकर उनकी प्रशंसा भी की थी। जानकारी के मुताबिक इसके पहले गांव के खेतों में उगाए जाने वाली लौकी और करेला कई बार लक्ष्मणपुर से दुबई के लिए भेजा जा चुका है। लेकिन अब परवल, भिंडी की खेप भेज जा रही है।



परवल को बोरियों में पैक करते किसान व महिलाएं। अमृत विचार



सब्जियों को ट्रक में लोड करता मजदूर। अमृत विचार

# स्वास्थ्य केंद्र वार्डबॉय के साथ अज्ञात लोगों ने की मारपीट

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में रात ड्यूटी कर रहे वार्ड बॉय के साथ अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना लोनीकटरा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में पंकज कुमार धीमान जो वार्ड बॉय के पद पर तैनात हैं। रात में ड्यूटी कर रहे थे। रात में ही दो अज्ञात लोगों ने पंकज कुमार धीमान से कहासुनी कर ली। जब पंकज कुमार धीमान गेट के बाहर निकल रहे थे। तभी अज्ञात लोग चिकित्सालय परिसर के अंदर नशे में होकर एक बेंच पर बैठे हुए थे। पूछने पर उक्त लोग आमादा फौजदारी हो गए और उन लोगों ने उनके साथ मारपीट की। थाने पर दी गई प्राथमिकी के अनुसार लोनीकटरा पुलिस ने खबर लिखे जाने तक प्राथमिक नहीं दर्ज की थी। दो लोगों को शांति भंग की आशंका में अस्पताल के बाहर से गिरफ्तार कर चालान किया है। लोगों का कहना है कि यह दोनों व्यक्ति वही हैं। जिनका वार्ड बॉय के साथ रात में झगड़ा हुआ था। फिलहाल लोनी कटरा पुलिस घटना के संबंध में किसी गिरफ्तारी से इनकार कर रही है। वहीं पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**राजस्व टीम से युवक ने की मारपीट, केस दर्ज, सूरतगंज:** मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके के गोड़ा गांव में अवैध कब्जा हटवाने पहुंचे राजस्व टीम से एक युवक ने मारपीट की। क्षेत्रीय लेखपाल ने मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा उतपन्न करने का केस दर्ज कराया है। लेखपाल आशुतोष वर्मा के मुताबिक गोड़ा गांव में गाटा संख्या 469, 472, 473 से अवैध अतिक्रमण करने वालों को बेदखल किये जाने के आदेश पर टीम के साथ गुरुवार को जब वह गांव पहुंचा तो पैमाइश के दौरान गांव के सरवन चौहान ने पैमाइश का विरोध करते हुए अन्य सहयोगियों के साथ गाली गलौज की और टीम को पैमाईश नहीं करने दिया। इससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई है।

वहीं लेखपाल ने मामले में सरवन के खिलाफ संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं एसओ अनिल सिंह ने बताया लेखपाल की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# किसान, गरीब, मजदूर और नौजवान हैं परेशान : गोप



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** कान्हुपुर स्थित चतुर्भुज मंदिर पर आयोजित समाजवादी पार्टी के सदस्यता अभियान समारोह में पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने कहा कि आज सबसे ज्यादा उत्पीड़न ब्राह्मण समाज का किया जा रहा है। वहीं इस दौरान पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग अभी से लग जाएं, जिससे वर्ष 2027 में सपा की सरकार बने। गोप ने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान प्रदेश का किसान, गरीब, मजदूर और नौजवान परेशान हैं।

अभियान समारोह के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री पवन पांडेय ने सभी लोग एकजुट होकर सपा में आएं और पाट्री को मजबूत कर सरकार बनवाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि आज बाबाजी का बुलडोजर ब्राह्मणों के ही घर गिराने में लगा हुआ है। मौजूदा भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार में ब्राह्मण समाज के लोगों के उत्पीड़न के साथ अन्य समाज के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। समाज का कोई ऐसा तबका नहीं बचा है जिसका इस सरकार ने उत्पीड़न न किया हो चारों तरफ बेरोजगारी महंगाई का बोलबाला है।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज़ ने मनोज द्विवेदी, देवेन्द्र द्विवेदी, नवीन पांडेय बृजेश त्रिवेदी समेत 35 लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राम मगन रावत, अदनान चौधरी, डीडीसी राम बक्स, सिपाही लाल, परशुराम, धर्मेन्द्र, वासुदेव, रामरूप रहे।

# पात्रता सूची से कटा दिव्यांग महिला का नाम

रामनगर बाराबंकी

**अमृत विचार:** झोपड़ी में निवास कर रही दोनों पैरों से दिव्यांग महिला आवास पाने के लिए मंत्री से लेकर जिले के आला अधिकारियों के पास चक्कर काट रही हैं लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। जानकारी के मुताबिक प्रधान की शिकायत करना पीड़ित परिवार को महंगा पड़ गया।

मामला विकासखंड रामनगर के ग्राम सिलौटा मजरे बबुरिहा का है। यहां की रहने वाली दिव्यांग महिला गुड़िया झोपड़ी में रहकर अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रही हैं। उसकी विकलांगता के आधार पर विकासखंड रामनगर की बनाई गई मुख्यमंत्री आवास की प्रतीक्षारत सूची में क्रमांक संख्या 37 पर नाम दर्ज किया गया था। परंतु कुछ दिनों के बाद उसका नाम पात्रता सूची से काट दिया गया। इसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने एसडीएम रामनगर को आवास दिलाए जाने संबंधी शिकायती पत्र भी दिया था। मामले को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम ने राजस्व की टीम को मौके पर भेज कर जांच करवाई जिसमें वह पात्र पाई गई थी। इसके अलावा राज्य आयुक्त दिव्यांगजन यूपी व खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा को भी पत्र में आवास दिलाने की मांग की थी। पीड़िता का कहना है कि उसके पति अरविंद कुमार के भाई व गांव के अन्य लोगों से आवास देने के नाम पर ग्राम प्रधान विमला देवी के पति विनोद कुमार यादव द्वारा पैसा मांगा गया था। जिस पर जिलाधिकारी के समक्ष साक्ष्य के रूप में ऑडियो रिकॉर्डिंग प्रस्तुत करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। परिणाम स्वरूप डीएम के आदेश पर प्रधान पति विनोद यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी से नाराज प्रधान व उनके पति द्वारा ब्लाक के अधिकारियों से साठगांठ कर पुनः जांच करवारकर अपात्र घोषित कर दिया गया। एक ओर जहां पीएम और सीएम हर पात्र, गरीब तथा दिव्यांगों को आवास देने के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं वहीं उनके मंसूमों पर ब्लॉक कर्मचारी और प्रधान पानी फेरने में लगे हैं।

वहीं जिले सीडीओ अन्ना सुदन ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। अगर महिला पात्र है तो उसे हरहाल में आवास का लाभ मिलेगा।



आवास के इंतजार में झोपड़ी में रह रहा दिव्यांग महिला का परिवार। अमृत विचार

- प्रधान की शिकायत करना परिवार को पड़ गया महंगा
- डीएम व एसडीएम से गुहार लगाने के बाद भी नतीजा शून्य

### राष्ट्रीय पक्षी को अजगर ने बनाया शिकार

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार :** झाड़ियों में अजगर दिखने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। इस दौरान ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह वन रेंज रामसनेहीघाट के रायपुर गांव के पास झाड़ियों में एक विशाल अजगर राष्ट्रीय पक्षी मोर को अपना शिकार बनाए हुए था। जिसे देख गांव के लोगों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना गांव के ही समाज सेवी धनंजय श्रीवास्तव को हुई तो वह भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम अजगर को बड़ी मशक्कत से पकड़ कर एक जंगल में छोड़ दिया।

## सार-संक्षेप

### तबादला निरस्त कराने को दौड़ रहे सफाईकर्मी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी के लिखित आदेश पर दूसरे ब्लॉक में किए गए तबादले को लेकर सफाईकर्मी एडी.चोटी का जोर लगाकर तबादला निरस्त कराने के लिए जिला मुख्यालय पर दौड़ लगा रहे हैं। हालांकि डीपीआरओ ने किसी भी हाल में तबादला निरस्त न होने की बात कही है। मामला सूरतगंज ब्लॉक का है। इस ब्लॉक में बाबूगिरी कर रहे सफाईकर्मी जगदीश प्रसाद और सुनील दीक्षित का तबादला डीपीआरओ नीतेश भोंडेले ने 29 जून 2024 को किया था। आदेश के चार दिन बाद दोनों को फतेहपुर ब्लॉक के अलग-अलग ग्राम पंचायतों में सफाईकर्मी के रुप में रिलीव कर दिया गया था। लेकिन रिलीव होने के बाद कुछ दिन बाद सूरतगंज ब्लॉक में सफाईकर्मी संघ के चुनाव में जगदीश प्रसाद चुनाव लड़कर ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए। जबकि वह इस ब्लॉक के कर्मचारी भी नहीं रह गए थे। इसके बाद इसी ब्लॉक में फिर बाबूगिरी करने में जुटे हैं। ब्लॉक के सूत्रों के अनुसार जगदीश प्रसाद व सुनील दीक्षित अपना तबादला निरस्त कराने के चक्कर में जिला मुख्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। सूत्रों की माने तो इन सफाईकमियों पर डीपीआरओ कार्यालय के कुछ कर्मचारियों का आर्शीवाद मिल रहा है। डीपीआरओ नीतेश भोंडेले ने बताया कि तबादला निरस्त करने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। फिलहाल सफाईकर्मी जगदीश प्रसाद अर्जित अवकाश पर चल रहा है।

### वार्डों के गठन के लिए जारी की गई अनंतिम सूची

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सहकारी गन्ना समितियों के चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। वार्डों की अनंतिम सूची जारी कर दी गई। इस पर सप्ताह भर के भीतर आपत्तियां दी जा सकती है। जिले की तीनों गन्ना समितियों मसौधा, फैजाबाद और गनौली में 11-11 वार्डों की अनंतिम सूची जारी की गई है। समिति में सात अनारक्षित, एक अनुसूचित जाति/ जनजाति और दो पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। गनौली समिति में सामान्य निकाय प्रतिनिधियों की संख्या 399, फैजाबाद समिति में प्रतिनिधियों की संख्या 369 और मसौधा समिति में प्रतिनिधियों की संख्या 865 है। निर्वाचन अधिकारी व सहायक निबंधक सहकारिता रणविजय सिंह ने बताया कि वार्डों की अवधारणा को प्रकाशित कर दिया गया है। इस पर सात दिन में आपत्तियां दाखिल की जा सकती है। इनका निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद वार्डों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।

### सेवा भारती की ओर से मंत्री का किया गया स्वागत



स्वागत के बाद नगर विधायक सहित अन्य से बात करते मंत्री।

**अयोध्या, अमृत विचार :** सेवा भारती की ओर से प्रदेश के उद्यमिता एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल का स्वागत किया गया। उन्होंने सेवा भारती की स्मारिका देखी। उसके कार्यों को लेकर चर्चा की। उनके साथ लखनऊ स्मार्ट सिटी के एडवाइजरी फोरम के सदस्य मनीष खेमका थे। स्वागत सेवा भारती के सेवा भारती के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, भाजपा नेता अमल गुप्ता, पूर्व पार्षद अनुभव जायसवाल सहित अन्य लोग थे।

### डॉ. रमेश को वैश्विक शिक्षक रत्न से किया गया सम्मानित

**कुमारगंज, अयोध्या :** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर नई दिल्ली स्थित दि इंडियन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल ला, कृष्णन मेनन भवन सभागार में आयोजित वैश्विक समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में डॉ. रमेश मिश्रा प्राचार्य राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज पिठला कुमारगंज को वैश्विक शिक्षक रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल न्यायमूर्ति परमानंद झा, पूर्व उप प्रधानमंत्री नेपाल उपेंद्र यादव, भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत उत्तराखंड सरकार, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री मणि शंकर अय्यर भारत सरकार की उपस्थिति में उन्हें एवं यह सम्मान प्रदान किया गया।



सम्मान प्राप्त करते डॉ. रमेश मिश्रा।

### पिकअप ने महिला को मारी टक्कर, घायल

**मसौधा, अयोध्या, अमृत विचार :** पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर रविवार सायंकाल करीब 5:30 बजे तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार सड़क पार कर रही महिला को कुचल दिया। भदरसा चौकी पुलिस द्वारा महिला को मरणासन्न हालत में जिला अस्पताल भेजा है। पिकअप चालक वाहन समेत फरार हो गया। थाना क्षेत्र के बड़ी पिपरी गांव निवासिनी जमुना देवी पत्नी हौसिला प्रसाद सायंकाल 5.30 बजे गांव के बगल बाजार में सब्जी खरीदने जा रही थी। हाईवे पार करते समय अयोध्या शहर से सुल्तानपुर की ओर तेज रफ्तार जा रही पिकअप की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी भदरसा कमलेश साहनी को मौके पर भेजा गया। हालत गंभीर देख महिला को जिला अस्पताल भिजवाया गया है। घटना के बाबत अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# विपक्ष को जान गई जनता, बार-बार नहीं चढ़ेगी काठ की हांडी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी।

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने विपक्षी दलों पर करारा हमला करते हुए कहा कि काठ की हांडी बार-बार नही चढ़ती। पिछले लोकसभा चुनाव में विपक्ष के भ्रामक प्रचार को जनता समझ चुकी है। उन्होने कहा भाजपा का सदस्यता अभियान विपक्ष के दुष्प्रचार को नेस्तनाबूद करने का मजबूत हथियार बनेगा।

रविवार को बाराबंकी आए प्रदेश अध्यक्ष ने मसौली, सिद्धौर और जैदपुर क्षेत्र में घर घर संपर्क करके जिले में सदस्यता अभियान को धार दी। जैदपुर विधानसभा के हरख ब्लॉक में अब्दुल्ला पुर के बूथ संख्या 237, सिद्धौर ब्लॉक में दीनपनाह गांव के बूथ संख्या 369 तथा मसौली ब्लॉक में चिलौकी गांव के बूथ संख्या 133 पर मिस्ड कॉल करवाकर हर तबके को भाजपा से जोड़ा। इस दौरान क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय, जिला प्रभारी अवनीश सिंह, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, राज्य मंत्री सतीश शर्मा, राजरानी रावत, एससी - एसटी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, प्रियंका सिंह रावत, उपेंद्र सिंह रावत, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, अमरीश रावत आदि रहे।





भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

- सदस्यता अभियान की सफलता के गुर सिखा गए भूपेंद्र चौधरी

# ट्रैक्टर-ट्राली में भिड़े बाइक सवार, एक युवक की मौत

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** मोटरसाइकिल सवार दो युवक अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से भिड़ गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल युवक को जिला चिकित्सालय भिजवाया जबकि मृतक के शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

यह हादसा रविवार की शाम लखनऊ बहराइच मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के साधारणपुर गांव के निकट हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रामनगर के लकड़मंडी बड़नपुर निवासी प्रदीप यादव पुत्र परशुराम यादव अपने साथी चित्रांश यादव पुत्र राजेश यादव के साथ बाराबंकी गया था। शाम को घर वापस आते समय जब वह हाईवे के साधरण पुर गांव के निकट पहुंचा। तभी आगे जा रहे अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली में अचानक पीछे से घुस गए। परिणाम स्वरूप प्रदीप यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा चित्रांश यादव घायल हो गया।

**आस्था** | जीएस जागरण पार्टी के कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति, लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं झांकियां

# गजानन के भजनों पर रातभर झूमे भक्त, लगे जयकारे

सूरतगंज, बाराबंकी:

**अमृत विचार:** सूरतगंज कस्बे के बेल चौराहे स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में शनिवार की रात 13वां भव्य गणेश चतुर्थी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गणपति सेवा सीमित की ओर से सजे गजानंद के दरबार पर उन्नाव के जीएस जागरण पार्टी के सुदूर जनपदों से आए गायकों ने भजनों की प्रस्तुति से पंडाल में उपस्थित भक्त को झूमने व गाने पर मजबूर कर दिया। वहीं मंच पर कलाकारों की ओर से दिखाई गई भव्य झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

गणेश व बजरंग बली की झांकी की आरती व वंदना से जागरण की शुरूआत की गई। गणेश स्तुति के बाद, गायक अमन ब्रजवासी ने सुनाया प्रथम निमन्त्रण आपको मांगौरा के लाल.. उसके बाद राजा राजस्थानी ने रिद्धि-सिद्धि के दाता हो तुम..व गणपति तेरा बिगड़ी बनाना गजब हो गया...। वहीं जयपुर श्याम जगत की सबसे छोटी लाडली बेटी यशश्वी सिंह ने आओ-आओ गजानन आओ... और गौरी नंदन थारो अभिनंदन... के भजन सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। लखनऊ की सिंगर साक्षी सरगम ने मंदिर सज गया प्यारा-प्यारा बाबा तुमको आना है...की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। अंत में पार्टी के संचालक ज्ञानेंद्र शुक्ला ने बड़ी दूर से चल कर आया हूं, गणराज तेरे दर्शन के लिये....सुनाकर लोगों की खूब वहवाही लूटी। उधर अंकित बालाजी व आदित्य आर्ट ग्रुप के माध्यम से भगवान के अनेक स्वरूपों जैसे बाहुबली स्वरूप में गणेश, हवा में उड़ते हुये हनुमान, समुद्र देव संवाद, हनुमानजी-भैरव युद्ध, अयोध्या में विराजमान रामलला, विष्णु अवतार, वृंदावन बाके बिहारी लाल आदि के मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर लोगों को भावविभोर कर दिया। इस मौके में सत्य प्रकाश नाग, सचिन गुप्ता, गौतम हयारण, श्याम गुप्ता, मनीष निगम, अमन हयारण, हिमांशु गुप्ता, आनंद गुप्ता, मिस्टर निगम, सहित क्षेत्रीय व सुदूर से आये हजारों भक्त मौजूद रहे।

**गणेश प्रतिमा का हुआ विसर्जन:** वहीं रविवार को गणेश प्रतिमा का भव्य रथ कस्बा की गलियों से हो कर गुजरा। इस दौरान रास्ते में भक्तों ने फूल बरसाए। विसर्जन यात्रा बाजार होते हुए, मुख्य चौराहे होकर सुमली नदी के बम्हनावा घाट पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज सतेन्द्र कुमार पाण्डेय समेत भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा।



गणेश उत्सव के दौरान प्रस्तुति देता कलाकार। अमृत विचार



आयोजित कार्यक्रम का आनंद लेते लोग। अमृत विचार

चत्वारि राज्ञा तु महाबलेना वर्ज्यान्याहु : पण्डितस्तानि विद्यात् ।
अल्पप्रज्ञै : सह मन्त्रं न कुर्यात दीर्घसुत्रै रभसैश्चारणैश्च ॥

अल्प बुद्धि वाले, देरी से कार्य करने वाले, जल्दबाजी करने वाले और चाटुकार लोगों के साथ गुप्त विचार-विमर्श नहीं करना चाहिए । राजा को ऐसे लोगों को पहचानकर उनका परित्याग कर देना चाहिए।

## संपादकीय

# विश्वास का माहौल बने

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में शांति बहाली के प्रयास सफल नहीं हो पा रहे हैं। मणिपुर में एक साल से ज्यादा समय से हिंसा जारी है। अब प्रदेश के जिरीबाम इलाके में फिर से हिंसा भड़क गई। सप्ताह की शुरुआत में इंफाल पश्चिम जिले में दो स्थानों पर लोगों पर बम गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। पिछले पांच दिनों में राज्य में हिंसा की घटनाओं में सात लोगों की मौत हुई है। हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पिछले साल मई से मणिपुर में जारी जातीय संघर्षों में ड्रोन का इस्तेमाल नया था। सीमांत क्षेत्रों में ड्रोन रोधी प्रणाली तैनात की है।

मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में नगा समुदाय और मैदानी भागों में मैतेयी समुदाय निवास करता है। मैतेयी समुदाय अधिक विकसित है और राजनीतिक धरातल पर भी उसकी पकड़ अच्छी है। मणिपुर में इन दोनों समुदायों के लोगों के बीच तनाव का लंबा इतिहास रहा है। मणिपुर की 53 प्रतिशत आबादी मैतेई है, जिनके पूर्वज म्यांमार और आसपास से आने के बावजूद यहां का मूल निवासी होने का दावा करते हैं। इनका बड़ा हिस्सा हिंदू धर्म के प्रति आस्थावान है। लगभग 16 प्रतिशत मैतेई पारंपरिक सनमाही धर्म का पालन करते हैं। इनमें 8 फीसद वो लोग भी हैं, जो इस्लाम धर्म को मानते हैं। 1.6 प्रतिशत मैतेई ईसाई भी हैं।

मणिपुर में जारी हिंसा ने लंबे समय से चली आ रही शिकायतों और दरारों को उजागर किया है जो दशकों से इस क्षेत्र को परेशान कर रही हैं। भूमि स्वामित्व, जातीय पहचान और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दों ने तनाव और संघर्ष को बढ़ावा दिया है, जिससे अंतर-समुदाय विभाजन और अविश्वास बढ़ा है। पिछले दिनों संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इतने लंबे समय से वहां अशांति का वातावरण है , मगर उसे हल करने की कोशिश नहीं की गई। इसे लेकर विपक्षी भी सवाल उठाते रहे हैं। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा एवं अशांति के कारणों और परिणामों का परीक्षण करना जरूरी है। संघर्ष के मूल कारणों को संबोधित करके, संवाद, समझ और समावेशी विकास को बढ़ावा देकर, मणिपुर और उसके विविध समुदायों के लिए अधिक शांतिपूर्ण और समावेशी भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। सरकार को क्षेत्र के लोगों में स्वामित्व और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने के लिए विश्वास माहौल बनाने के प्रयास करने चाहिए।

# सेकुलर सिविल कोड : राजनीति या समय की मांग



प्रमोद कुमार गुप्ता
ग्रुप कैप्टन, भारतीय वायु सेना (वेटरन)

प्रश्न यह भी उठ सकता है कि कॉमन सिविल कोड की क्या आवश्यकता है और इसका क्या लाभ है। हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 ( नीति निर्देशक तत्व ) यह अधिकार देता है कि देश के सभी निवासी धर्म, जाति व जेंडर के भेद भाव से ऊपर उठकर एक "जस्ट सोसाइटी" का निर्माण करें ।

दुर्भाग्य से अपने देश में 'सेकुलर' (धर्म निरपेक्ष) शब्द का प्रयोग विभिन्न नकारात्मक प्रतिक्रियाओं को जन्म देता है। कुछ लोग इसे अव्यावहारिक रूप से प्रयोग होने वाला शब्द और कुछ देश के सेकुलर चरित्र को छलावा या धोखा मानते हैं। अकसर राजनीतिक चर्चाओं में सेकुलर शब्द का संदर्भ "धर्म विशेष"से जुड़े मुद्दों तक ही सीमित रहता है, जबकि सामाजिक परिपेक्ष में इसके मायने काफी विस्तृत है। हमारे संविधान निर्माताओं ने हर धर्म या पंथ में बराबरी की परिकल्पना करते हुए हमें एक संप्रभु, सोशलिस्ट, सेकुलर व डेमोक्रेटिक रिपब्लिक कहा है और सभी धर्मों को न्याय, स्वतंत्रता व बराबरी का समान अधिकार दिया है।

परंतु दुर्भाग्यवश हमारी नागरिक-संहिता में संविधान की इस मूल भावना का पालन पूर्ण रूप से न हो सका, जो नागरिक-संहिता हर धर्म पर लागू होनी चाहिए थी, वह कुछ राजनीतिक कारणों के चलते मूलतः हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध धर्म / समुदाय तक ही सीमित रह गई। देश की आबादी का एक बड़ा भाग इसके दायरे से बाहर रह गया, फलस्वरूप, समान नागरिक-संहिता आज तक कोई संवैधानिक या विधिक रूप न ले सकी। इस विषय पर 1951 से लेकर आज तक के घटना क्रम में न जाते हुए यह कहा जा सकता है कि हमारे मुस्लिम समाज को समान नागरिक-संहिता के दायरे में न लाना एक बड़ी राजनीतिक व सामाजिक भूल थी जिसके कारण समुदाय से जुड़े पर्सनल कानूनों को बल मिला और आज तक हम एक कॉमन सिविल कोड विकसित नहीं कर पाए । स्वाभाविक है कि इसके चलते संविधान में सुनिश्चित किया गया बराबरी का मूल अधिकार आधा अधूरा ही रह गया । भारत का उच्चतम न्यायालय भी यह मत रखता है कि वर्तमान में लागू नागरिक-संहिता कुछ मायनों में सांप्रदायिक है क्योंकि इसमें देश के एक बड़े वर्ग का कानूनी समावेश नहीं है, जो अपने आप में पक्षपातपूर्ण है । उच्चतम न्यायालय के अनुसार संवैधानिक सिद्धांत पर आधारित एक ऐसी नागरिक संहिता का निर्माण होना चाहिए जो हर समुदाय को समान अधिकारों के साथ-साथ समान न्याय भी दिला सके । राजनीति या धार्मिक पक्षपात से ऊपर उठ कर यह स्पष्ट होना चाहिए कि कोई भी पर्सनल-ला या संहिता संविधान से ऊपर नहीं हो सकती। यदि ऐसा हुआ तो हर समुदाय, वर्ग-निरपेक्ष नागरिक संहिता को नज़र-अंदाज कर अपनी -अपनी धार्मिक रीतियों के अनुसार आचरण करेगा जो कानूनी, प्रशासनिक व सामाजिक दृष्टि से समाज में विषम परिस्थितियां उत्पन्न करेगा । हर धर्म में कुछ समान प्रथाएं विशेषकर दहेज, विवाह, तलाक, गुजारा-भत्ता, गोद-लेना या उत्तराधिकार होती है, अतः पर्सनल रस्मों-रिवाज की आड़ में किसी भी समुदाय के कानूनी अधिकार भिन्न-भिन्न नहीं हो सकते। सामाजिक न्याय व बराबरी का यह एक प्रमुख पहलू है, जो राजनीति से परे होना चाहिए। संभवतः उच्चतम न्यायालय की हाल में की गई टिप्पणी भी इस संदर्भ में थी।



अभी 15 अगस्त को हमारे प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से भी यह मुद्दा उठाया था। उनका उद्देश्य भी यही था कि संविधान के अनुरूप व उच्चतम न्यायालय के सुझावों के अनुसार इस बात पर मंथन किया जाना चाहिए कि आखिरकार संवैधानिक तौर-तरीकों से चलने वाले हमारे देश में मजहबी पर्सनल कानून इतने प्रभावी कैसे हो गए कि हमें उनमें सांप्रदायिकता का आभास होने लगा । मुस्लिम समुदाय के नेताओं व धर्म-गुरुओं ने समान धार्मिक व्यवस्थाओं व सामाजिक रस्मों रिवाज को भी, जो एक जैसी नागरिक संहिता या कानूनों के द्वारा संचालित हो सकते थे, शरिया नियमों के अंतर्गत मूल अधिकारों की श्रेणी में ला खड़ा किया। जहां विवाह, वसीयत, दहेज, तलाक, गोद व उत्तराधिकार जैसे मामले जो एक समान कानून के दायरे में आने चाहिए थे, उनको भी अलग पर्सनल कानूनों द्वारा संचालित करने का प्रावधान किया। एक धर्म निरपेक्ष देश के लिए यह व्यवस्था न्याय -संगत नहीं कही जा सकती।

अभी 15 अगस्त को हमारे प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से भी यह मुद्दा उठाया था। उनका उद्देश्य भी यही था कि संविधान के अनुरूप व उच्चतम न्यायालय के सुझावों के अनुसार इस बात पर मंथन किया जाना चाहिए कि आखिरकार संवैधानिक तौर-तरीकों से चलने वाले हमारे देश में मजहबी पर्सनल कानून इतने प्रभावी कैसे हो गए कि हमें उनमें सांप्रदायिकता का आभास होने लगा । मुस्लिम समुदाय के नेताओं व धर्म-गुरुओं ने समान धार्मिक व्यवस्थाओं व सामाजिक रस्मों रिवाज को भी, जो एक जैसी नागरिक संहिता या कानूनों के द्वारा संचालित हो सकते थे।

प्रश्न यह भी उठ सकता है कि कॉमन सिविल कोड की क्या आवश्यकता है और इसका क्या लाभ है। हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 ( नीति निर्देशक तत्व ) यह अधिकार देता है कि देश के सभी निवासी धर्म, जाति व जेंडर के भेद भाव से ऊपर उठकर एक "जस्ट सोसाइटी" का निर्माण करें जिससे सब को बराबरी का अधिकार मिले, सभी के लिए एक सा कानूनी ढांचा तैयार हो, नेशनल इंट्रीग्रेशन को बल मिले, महिलाओं के अधिकारों व सशक्तीकरण में बढ़ोतरी हो और देश के लिए पक्षपातपूर्ण न्याय व्यवस्था के स्थान पर एक समन्वयकारी व्यवस्था बन सके । समान लीगल फ्रामवर्क देश व समाज के लिए एक प्रोग्रेसिव कदम होगा जिसमें विभिन्न पर्सनल कानूनों की विषमताओं को, अलग-अलग सोशियो-कल्चरल मान्यताओं को संवेदनशीलता के साथ निहित करने का ।अवसर होगा।

अतः यह समय की मांग है कि सामाजिक समरसता व उत्थान के लिए कि देश में समान नागरिक संहिता को स्थाई विधिक रूप दिया जाए। बिना किसी राजनीतिक या व्यक्तिगत दुर्भावना के यह स्वीकार करने का समय है कि विभिन्न धार्मिक व जातीय तौर-तरीके, रस्मों रिवाज न तो संविधान से ऊपर है और न ही विधि संभवतः। किसी भी धर्म के पर्सनल रीति-रिवाज "कमुयूनिटी स्पिसिफिक" तो हो सकता है परन्तु सार्वभौमिक "ला ऑफ द लैंड़" से ऊपर नहीं और न ही इनको "स्वामित्व प्रकृति" का बनाया जा सकता है। भारत के संविधान की सर्वोच्चता रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, अतः समान-नागरिक संहिता हर धर्म, जाति, पंथ के अनुयाइयों को बराबरी का दर्जा दिलाने का एक मात्र विकल्प है।

## प्रसंगवश

# महत्व अठारह का

अपने यहां बालिग होने की उम्र अठारह वर्ष है, जब वह मतदान करने हेतु सक्षम होता है और सरकार बनाने बिगाड़ने में उसका हाथ होता है। वीर काव्य आल्हा में योद्धा वर्ग क्षत्रिय के लिए तो कह दिया गया है,' बारह बरस लौं कूकुर जीवै औ तेरह लौं जियै सियार। बरस अठारह क्षत्रिय जीवै आगे जीवन को धिक्कार'। हालांकि हम प्राचीन काल से ही इस अंक का महत्व देख रहे हैं। विश्व के अन्यतम दर्शन ग्रंथ श्रीमद्भवद्गीता में अठारह अध्याय ही हैं। इन कर्मयोग-उपदेशों को सुनाने के बाद दुष्टों के दलन और धर्म स्थापना के लिए जो युद्ध हुआ, जिसे महाभारत कहते हैं, वह अठारह दिन ही चला। यही नहीं इसमें कुल अठारह अक्षौहिणी सेना ने ही भाग लिया था। ग्यारह कौरवों की ओर से और सात पांडवों की ओर से। वेदार्थ कहे जाने वाले पुराणों की संख्या भी अठारह ही है। चूंकि वेदाध्ययन का अधिकार सबको नहीं था और वे क्लिष्ट तथा सर्व बोधगम्य नहीं हैं,अतः उनका संदेश सरल भाषा में कथावों के रूप में पहुंचाने का कार्य पुराणों ने किया; इसीलिए इन्हें 'वेदार्थ'कहा गया।भक्ति भाव भरित,सबसे महत्वपूर्ण पुराण 'श्रीमद्भागवत्'की श्लोक संख्या भी अठारह हजार ही है। जब वेदव्यास वेदों का संकलन,महाभारत का सृजन और कुछ पुराणों की रचना कर चुके,और फिर भी उनका चित्त अशांत बना रहा,तो देवर्षि नारद आए और व्यास जी को भगवान के गुणगान से परिपूर्ण,भक्तिमय सृजन करने को कहा। इसी के परिणामस्वरूप भागवत रची गई और व्यास जी आनंद विभोर हुए। और तो और भगवान विष्णु के सप्तम अवतार श्रीराम की लक्ष्मी स्वरूपा पत्नी सीता जी भी जब अठारह साल की हुईं, तभी राम जी ने उस कार्य संपादन हेतु मन बनाया, जिसके लिए वे धरा धाम पर पधारे थे।' बरस अठारह की सिया सत्ताइस के राम। कीन्हों मन अभिलाष तब करनो सुर काम' ।।(रामचरितमानस)। मालूम हो कि जिस राक्षस कुल का संहार करने हेतु श्रीराम अवतरित हुए थे, उसमें निमित्त सीता जी को ही बनना था। बिना उनके कथानक आगे बढ़ता ही नहीं। इस तरह हम अठारह के अंक का महत्व बहुशः पाते हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# आंतरिक समायोजन में है संगठन की ताकत



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक व्यक्ति-स्वार्थ का दूसरे व्यक्ति-स्वार्थ से द्वंद्व होता है और यह एक परिवार में भी होता है और मोहल्ले में भी हो जाता है। समष्टि हित उसका समायोजन करता है।

द्वंद्व का रूप किसी भी प्रकार का हो । अन्तद्वंद्व हो, वर्गसंघर्ष हो, जाति-संघर्ष हो अथवा दो सेनाओं के बीच युद्ध हो । वे सुर और असुर हों या मालिक-मजदूर हों अथवा शासित और शासक के बीच का द्वंद्व हो। ये समस्त द्वंद्व अपने मूल रूप में स्वार्थ के द्वंद्व हैं। अहंता और ममता के द्वंद्व हैं। व्यक्ति-स्वार्थ और वर्ग स्वार्थ के द्वंद्व हैं। समष्टि-हित उनका समायोजन करता है। इसीलिए संघर्ष जीवन का पूरा सच नहीं है। संघर्ष पूरा सच होता तो समाज बनता ही नहीं। जंगल ही रह जाता। जैसे मूल से शाखा-प्रशाखा फ़ैलती हैं, वैसे ही व्यक्ति-स्वार्थ और समष्टि-हित का द्वंद्व - समायोजन विभिन्न देश-काल में विभिन्न रूप ले लेता है ।

एक व्यक्ति-स्वार्थ का दूसरे व्यक्ति-स्वार्थ से द्वंद्व होता है और यह एक परिवार में भी होता है और मोहल्ले में भी हो जाता है। समष्टि हित उसका समायोजन करता है। समायोजन न हो तो परिवार परिवार नहीं रह सकता, मोहल्ला मोहल्ला नहीं रह सकता। इसी प्रकार राष्ट्र संघर्ष और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया का परिणाम है।

एक व्यक्ति-स्वार्थ का एक समूह से भी द्वंद्व होता है फिर एक समूह का दूसरे समूह से भी हित टकराता है, तब दो समूहों का भी द्वंद्व होता है। यहां भी व्यक्ति-स्वार्थ एक समूह में संगठित है, इसलिए हम संगठित स्वार्थ को हित कह देते हैं, हालांकि वह किसी न किसी के विरुद्ध है। संगठन की ताकत आंतरिक समायोजन में है। इसी बात को हम दो राजनीतिक-दलों के बीच संघर्ष में देख सकते हैं । वहां भी संगठित व्यक्ति स्वार्थ हैं , भले ही वे उसे समष्टि-हित का आवरण देते हैं । समष्टि-हित का भाव और विचार होगा तो संघर्ष हो ही नहीं सकता ।

नूरवाला में एक दल का नारा लिखा हुआ था - हम सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए हैं। अब यह सरासर झूठ है, सेवा में भला संघर्ष क्यों होगा ? यहां सेवा को सत्ता के आवरण के रूप में बतलाया गया था कि हम तो अच्छे हैं । बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका ?

अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति-स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है, इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है । रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है , जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं । उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते । संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है । यूएनओ समष्टिहित का प्रतीक है, लेकिन अब वह प्रतीक मात्र ही है। ऐसा न होता तो रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और गाजा का युद्ध इतने समय तक चल ही नहीं सकता था । समष्टि-हित व्यापक होता है , मनुष्य-मात्र के हित का साधक । मनुष्य का हित समस्त प्राणियों के हित से जुड़ा है, समस्त प्राणियों का हित पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। संघर्ष है तो वह किसी न किसी के विरोध में है। जबकि समष्टि का अभीष्ट सर्व हित है।

यह वह भाव है, जिसे करुणा कहते हैं। विश्व के व्यापक दर्शन या विचार-परंपरा उसी भाव का विस्तार है। उसी भाव का चिन्तन है। बुद्ध,महावीर, ईसा और गांधी उसी भाव और विचार के प्रतीक हैं।

दो संस्कृतियों के द्वंद्व-समायोजन की प्रक्रिया में क्या विकसित बलवत्तर संस्कृति को विकासशील संस्कृति आत्मसात कर लेती है? सामाजिक-जीवन में द्वंद्व होता है, बिल्कुल ठीक बात है, किन्तु समायोजन भी होता है, अन्तर्भुक्ति भी होती है। ठीक इसी प्रकार से सांस्कृतिक-परंपरा की बात है,वहां भी समायोजन और अन्तर्भुक्ति होती है\हुई है। परिधियां तोड़कर अध्ययन करने का समय आ गया है। बहुत समय तक परिधियां बना कर अनुसंधान होते रहे हैं, (बौद्ध साहित्य,जैन साहित्य,शैव साहित्य ,वैष्णव साहित्य आदि) उस समय जरूरत भी थी। , क्योंकि संबंधित अनुसंधान एक सतत-प्रक्रिया है। राजनीति की बातें संस्कृति से बिल्कुल अलग तो नहीं हो सकती। किन्तु राजनीति के अपने नियम हैं और संस्कृति के अपने नियम हैं। राजनीति में व्यक्तिस्वार्थ और वर्गस्वार्थ प्रधान होता है, जबकि संस्कृति में समष्टिहित की प्रधानता होती है। राजनीति संघर्ष है और संस्कृति समायोजन और समन्वय है।

## सोशल फोरम

# आस्था का समंदर

बाजार में लहराते आस्था के समंदर के नीचे मुझे लूटतंत्र नजर आने लगा। पूजन सामग्री और उसके लिए जरूरी चीजों के दाम सुनकर तो मुझे ऐसा ही लगा। ऐसा नहीं कि इस लूटतंत्र से केवल मैं ही दुखी हूं। मेरे मित्र भी इस बात का रोना रोते हैं।

लेकिन क्या है न कि जैसे स्कूल में मास्टर जी की छड़ी के डर से रोते रोते हम कान पकड़ कर उठक बैठक की सजा पूरी करते थे वैसे ही आस्तिकों पर लटकती अदृश्य आस्था की तलवार भी इन्हें रोते रोते ये सब करने के लिए बाध्य करती है।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

पर्व त्योहारों के मौसम में मैं अक्सर फल नहीं खरीदता। सच कहूं तो दाम सुन खुद को लुटवाने का हौसला नहीं होता। अपनी आस्था के नाम पर जो ये हौसला कर पाते हैं उन्हें मैं झुक कर सलाम करता हूं।

अफसोस कि पूजा की भीड़ में नामी मिठाई वाले की मिठाई की क्वालिटी भी लूटतंत्र के हवाले हो चुकी थी। मुझे समझ नही आता कि प्रतिदिन की सीमित दूध की उपलब्धता से त्योहारों पर ये असीमित लोगों को मिठाईयां कैसे खिला पाते हैं?

आस्था के इस लूटतंत्र में जब नकली मावा, नकली घी, नकली छेना, नकली मिठाई बाजार में छाई हो तो मुझे तो लोगों की आस्था भी असली नही लगती। यहां तो ऊपरवाले के सामने जलने वाले दिए के देसी घी और व्यंजन बनाने वाले देसी घी के दाम में जमीन आसमान का अंतर होता है। आखिर हम किसे बेवकूफ बना रहे हैं।

सुनते हैं बनारस में बहुत सस्ता देसी घी मिलता है। एक बार मैंने एक मित्र से पूछा कि आखिर ये सस्ता घी खरीदता कौन है? पता लगा कि भंडारा करने वाले, धार्मिक उत्सवों पर सामूहिक प्रसाद बनाने वाले इसका जम कर उपयोग करते हैं। बहरहाल मेरा क्या है। मैं नास्तिक तो हंसुये के ब्याह में खुरपी के गीत गाता रहूंगा। आप लेकिन आस्था के इस समुद्र में रोते हुए नहीं बल्कि हंसते हुए डुबकी लगाईयेगा और अगर कुछ हाथ लगे तो मुझे जरूर बताएगा।

**-फेसबुक वॉल से**

# भेड़ियों की मौजूदगी जीवन में ही नहीं मिथकों में भी है



स्वप्निल श्रीवास्तव
फैजाबाद

1856 के बीच अदभुत संस्मरण लिखे हैं। उन्होंने ठगों की कहानियां लिखी और उनका उन्मूलन किया। अवध प्रदेश की यात्रा करते हुए उन्हें कई ऐसे बच्चे मिले जिन्हें भेड़ियों ने पाला था।

जनपद बहराइच में भेड़ियों का आंतक मचा हुआ है। अब तक वे दस से ऊपर बच्चों की जान ले चुके है। घायलों और दहशतजदा लोगों की संख्या अलग है। वे गांव में झोपड़ियों और अधूरे मकानों मे रह रहे बच्चों का शिकार करते है। ये मजलूमों और मजदूरों के बच्चे होते है, बड़े और सुरक्षित मकानों तक इनकी पहुंच नही होती। अब यह उस क्षेत्र की बड़ी समस्या बन चुकी है। बच्चों का स्कूल जाना बंद हो गया है। लोग अपना ठिकाना बदल चुके हैं। सोच समझ कर बाहर निकलते है। उनकी छापेमारी हो रही है। उन्हें पकड़ने के लिए विशेषज्ञों ,की टीमें गठित की गई हैं। उनकी आदतों का अध्ययन किया जा रहा है।

भेड़िये कुत्ते के परिवार के जानवर हैं, वे कद में कुत्तों से बड़े होते हैं। कुत्तों को पाला जा सकता है लेकिन भेड़िये नही पाले जा सकते हैं। भेड़िया जंगल का सबसे धूर्त जानवर है। उनके सूंघने की क्षमता अद्भुत होती है, वह नौ किलोमीटर दूर की चीजों के गंध जान लेते हैं । उनका रंग खतरनाक ढंग से भूरा होता है ,उनकी पूछ गझिन होती है । उनके जबड़े बहुत मजबूत होते है , वे हड्डियां तक चबा जाते है । इनके दौड़ने की गति 55-71 के बीच होती है। उनके पैर लचीले होते है, वे दूर तक फलांग भर सकते हैं। पहले मुझे भेड़िये और लकड़बग्घे में कोई अंतर नही दिखता था लेकिन दोनों में मूलभूत अंतर है। भेड़िये श्वान परिवार के सदस्य है, वे मूलतः मांसाहारी होते हैं जबकि लकड़बग्घे बिल्ली परिवार के सदस्य है मांस के अलावा अन्य भोज्य पदार्थ भी खाते हैं। भेड़िये झुंड में शिकार करते हैं, वे बूढ़े भेड़ियों का ध्यान रखते हैं। उनमें अजब तरह की पारिवारिक होती है। एक तरह से वे सामाजिक प्राणी हैं। वे अकेले नही समूह में रहते हैं। जब उनके मुंह में आदमी का खून लग जाता है, वे आदमखोर हो जाते हैं। जंगल में उनके रहने की परिस्थितियां नहीं रही, इसलिए भेड़िए क्या अन्य जानवर जंगल के बाहर दिखाई दे रहे हैं। शेर और तेदुओं के शहर में आ जाने की भयानक सूचना हमें मिलती रहती है । वे अपने मूल स्थान से बेदखल किए जा रहे हैं । उनका शिकार मानव -भेड़िये अपनी बहादुरी दिखने के लिये करते है । आदमी और वन्य जीवों के बीच जो संबंध थे , वे नष्ट हो रहे हैं। जानवर क्या परिंदे भी गायब हो रहे हैं। साल भर पहले जो परिंदे देखे गये, वे अब नहीं दिखाई देते। इसी तरह वन्य जीवों पर भी संकट है, शेर तेदुओं की संख्या कम होती जा रही है। उनके संरक्षण के उपाय किए जा रहे हैं। चीन में भेड़ियों की संख्या कम हो रही है उनके क्लोन तैयार किए जा रहे। जंगल में हर तरह के खतरनाक जीव होते है, वे पर्यावरण के संतुलन लिएआवश्यक है । भेड़िये सिर्फ हमारे जीवन में किसी न किसी तरह उपस्थित रहते हैं बल्कि मिथकों में उनकी मौजूदगी है। सिटी आफ जॉय पुस्तक में एक डायन है जो भेड़िये में बदल जाती थी और भेड़ियों की तरह हिंसक व्यवहार करती थी। भेड़ियों की बहुत सी कहानियां हमारे लोकजीवन में हैं। भेड़िये मानव शिशु को उठा कर अपनी मांद ले जाते थे और अपने बच्चों की तरह पालते थे । वे चार पैर से चलते थे और उनकी तरह आवाज निकालते थे । 1867 में शिकारियों को जंगल इस तरह का बच्चा मिला जिसका बर्ताव भेड़ियों के बच्चों जैसा था। उसे पकड़ कर उन्होंने ईसाई अनाथालय को सौंप दिया, उसका नाम दीना रखा गया । बताया जाता है कि रुडयार्ड किपलिंग ने उसे केंद्र में रखकर मोंगली नाम की कथा लिखी । उस पर कई मशहूर फिल्में बनी।

ब्रिटिश काल में अधिकारी रहे विलियम स्लीमैन 1810 और 1856 के बीच अदभुत संस्मरण लिखे हैं। उन्होंने ठगों की कहानियां लिखी और उनका उन्मूलन किया। अवध प्रदेश की यात्रा करते हुए उन्हें कई ऐसे बच्चे मिले जिन्हें भेड़ियों ने पाला था। उन्होंने भेड़ियों से छुटकारा दिलाया। किस तरह वातावरण मनुष्य को बदल देता है इसका प्रमाण इस तरह की घटनाओं से मिलता है। हालीवुड में भेड़ियों के ऊपर अनेक फिल्में बनाई गई हैं जिसमें आवर आफ दी वुल्फ़, एन अमेरिकन वेयरवुल्फ़ इन लंदन ,दी टीन वुल्फ़ प्रमुख है। हिन्दी सिनेमा में गत वर्ष भेड़िया नाम की एक फिल्म आई है-इस फिल्म में ऐसे आदमी की कहानी है जिसे भेड़िया काट लेता है और वह भेड़िया बन जाता है। भेड़ियों की कहानियों से मिथक भरे हुए हैं , लोकजीवन में उनकी अनेक कथाएं प्रचलित हैं।

# पतली कमर का विज्ञान

हमारा प्राचीन संस्कृत और मध्यकालीन रीति साहित्य कृशकाय नायिका की पतली कमर के कीर्तिगान से भरा पड़ा है। उर्दू की शायरी भी इस कमर-मोह से कुछ कम ग्रस्त नहीं रही है। कहीं तो पतली कमर की यशोगाथा इतना अतिशयोक्तिपूर्ण हो जाती है कि पढ़ने वालों की हंसी छूट जाए - है बारीक तार-ए-नज़र से ज़ियादा / दिखाई न देगी कमर देख लेना। पुरानी हिंदी फिल्मों के नायकों को नायिका की पतली कमर का ऑब्सेशन अलग ही स्तर का था - कमर न लचके हाय सजनिया। यह बात और है कि उस दौर के ज्यादातर नायक और नायिकाओं के हिस्से में कमर नहीं, कमरा हुआ करता था। मुझे पतली कमर के प्रति यह दीवानगी समझ नहीं आती थी। अभी एक अखबार की खबर देखकर न सिर्फ मेरी आंखें खुली, बल्कि हमारे कवियों, शायरों और गीतकारों की दूरदृष्टि और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी पता चला। इंग्लैंड की कुछ संस्थाओं ने वहां के स्वास्थ विभाग के बीस साल के आंकड़ों के विश्लेषण के बाद यह दावा किया है कि जिन लोगों की कमर पतली है, वे न सिर्फ सेहतमंद ज़िंदगी का लुत्फ़ उठाते हैं, बल्कि उनकी उम्र अपेक्षाकृत लंबी होती है। इस शोध के मुताबिक़ अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्यक्ति की कमर की परिधि उसकी कुल लंबाई की आधी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। मसलन किसी की लंबाई अगर 66 इंच है तो 33 इंच की कमर उसके लिए आदर्श है। इस महान शोध का मतलब यह कि आपको अगर स्वस्थ और लंबा जीवन चाहिए तो आप अपनी कमर को उसकी औकात में रखने की कोशिश करें।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

# शिक्षक सम्मान का अर्थ

शिक्षक के सम्मान का अर्थ है उसके प्रति समाज की तरफ से कृतज्ञता ज्ञापन। फिलहाल शिक्षक के भीतर से गुरु खो गया है, पर वह ज्यादा दूर नहीं गया है। उस गौरव को फिर पाया जा सकता है, यदि शिक्षक आत्मनिरीक्षण करें। शिक्षक के सम्मान का अर्थ है उसके दीर्घ संघर्षों, उपलब्धियों और उसके सपनों के प्रति आदर भाव! आज समाज में एक मामूली राजनीतिक नेता शिक्षक से ज्यादा आदर से देखा जाता है और शिक्षक को महज एक वेतनभोगी समझा जाता है। समाज में शिक्षक का आदर गिरने का अर्थ है, ज्ञान से धन-संपत्ति का अधिक महत्वपूर्ण हो जाना!



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

शिक्षक के सम्मान का अर्थ है भारत की महान ज्ञान परंपरा का सम्मान! हमारे देश में दो गुरु परंपराएं हैं- एक रामायण के विश्वामित्र और दूसरी महाभारत के द्रोणाचार्य की। विश्वामित्र के शिष्य शिक्षा के बाद तप करते ऋषियों की रक्षा में लगते हैं, जबकि द्रोणाचार्य के शिष्य, कौरव हों या पांडव, वे शिक्षा के बाद जुआघर जाते हैं! आज के स्मार्ट क्लास 5-10 साल बाद कृत्रिम मेधा के क्लास में बदल जाएंगे। रो-बोट ही नए शिक्षक या प्रोफेसर होंगे। वे अंततः मशीन हैं और मशीन आदमी को मशीन ही बनाएगा, जबकि शिक्षक आदमी को मनुष्य बनाता है। अभी से देखा जा सकता है कि नौजवानों में तकनीकी समृद्धि और भावनात्मक दरिद्रता बढ़ती जा रही है!

## एक नजर

### सहकारिता राज्य मंत्री ने सीएम को प्रदान किया 2.59 करोड़ का चेक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के सहकारिता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने रविवार को वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिए निगम के लाभांश (डिविडेंड) की कुल राशि 2,59,08,960 रुपए (दो करोड़ उन्सठ लाख आठ हजार नौ सौ साठ रुपए) का चेक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रदान किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 57.49 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 53.42 करोड़ रुपए का लाभ हुआ।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 70 करोड़ की ठगी में दो गिरफ्तार

**अमृत विचार :** गाजियाबाद एसटीएफ इकाई ने रविवार को शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 70 करोड़ की ठगी के आरोप में गाजियाबाद निवासी विनोद कुमार धाम एवं रविंद्र उर्फ नवाब को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ एएसपी वृजेश सिंह ने बताया कि दोनों ने पहले कल्पवृक्ष ट्रेडिंग मास्टर टेक्नॉलाजी के नाम से सैकड़ों निवेशकों से करोड़ों रुपए जमा कराए। इसके बाद कंपनी बंद करके आयुर्वेद इंडिया प्रा.लि. कंपनी की शुरुआत करते हुए यहां भी करोड़ों रुपए की ठगी की।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का रथ रवाना

**लखनऊ, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को अल्पसंख्यक मोर्चा का रथ पार्टी मुख्यालय से झण्डा दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन का महापर्व 02 सितंबर से शुरू हो गया है। भाजपा की सदस्यता लेने के लिए कोई भी देशवासी 8800002024 पर मिस्ड कॉल देकर या नमो ऐप के माध्यम से आसानी से पार्टी का सदस्य बन सकता हैं। उन्होंने कहा कि 11 से 17 सितंबर तक पार्टी द्वारा सदस्यता का एक विशेष महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे।

# जाति विशेष मामले में सत्तापक्ष और विपक्ष में खिंची तलवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश-राहुल ने सरकार की नीयत पर तो योगी ने दोनों की बुद्धि पर उठाए सवाल
- विधानसभा उप चुनाव से पहले राजनीति की धुरी बना मंगेश यादव एनकाउंटर मामला


अखिलेश यादव


राहुल गांधी

**अमृत विचार: :** उत्तर प्रदेश में गर्माई पीडीए राजनीति के बीच जाति विशेष अर्थात 'यादव' मामले पर सत्तापक्ष व विपक्ष में तलवार खिंची दिख रही है। यह प्रकरण सुल्तानपुर में पिछले दिनों मंगेश यादव के पुलिस एनकाउंटर के बाद जोर पकड़ा है। इस मामले को लेकर सीधे तौर पर विपक्ष जाति की राजनीति कर रहा है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के नेताओं ने एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए य सरकार की नीयत को कठघरे में खड़ा किया है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश व राहुल गांधी की बुद्धि पर ही सवाल उठा दिया है।

दरअसल, विधानसभा की 10 सीटों पर होने जा रहे उप चुनाव से पहले प्रदेश में मंगेश यादव एनकाउंटर राजनीति की धुरी बन गया है। उप चुनाव में मुद्दा बनाने की मंशा के साथ आगे बढ़ता दिख रहा है।

### पहले भी होती रही है जाति-धर्म की राजनीति

बहुचर्चित बिकरू कांड का मुख्य आरोपी व हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे का एनकाउंटर हो या मुख्तार अंसारी की जेल में तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में मौत? पहले भी अपराधी की मौत पर जाति-धर्म की होती रही है। प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपित व अतीक अहमद के बेटे असद व शूटर गुलाम के एनकाउंटर पर सवाल उठाने वालों ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए जाति-धर्म का नजरिया दिखाया था।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तो पुलिस पर जाति देखकर कर कार्रवाई करने के आरोप लगा दिए। उन्होंने न्यायालय और मानवाधिकार आयोग से दखल देने का अनुरोध किया है। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि उप्र. में कानून का शासन नहीं है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि सुल्तानपर में हुए मंगेश यादव के एनकाउंटर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भाजपा रूल आफ लॉ पर विश्वास ही नहीं करती।

### योगी व उनके मंत्रियों का पलटवार


डकैत के मारे जाने पर उन्हें दर्द हो रहा है। सरकार चलाने के लिए जज्बा चाहिए, सत्ता विरासत में मिल सकती है, बुद्धि नहीं। **-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री**


जब सरकार कानून व्यवस्था को बेहतर करने के लिए काम कर रही है तो सपा प्रमुख इसे जातिगत राजनीति में घसीटने का प्रयास कर रहे हैं। **-नंद गोपाल गुप्ता नंदी**, कैबिनेट मंत्री


बिखरते वोटों को संभालने के लिए सपा प्रमुख एनकाउंटर मामले को जातिगत तुल दे रहे हैं। पुलिस आधार कार्ड देखकर कार्रवाई करेगी क्या? **-ओपी राजभर**, पंचायती राज मंत्री

# यूपीडा रखेगा शहरी निकायों के औद्योगिक क्षेत्रों का ख्याल

## अटल औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत सुधार की पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहरी स्थानीय निकायों को सौंपे गए 34 औद्योगिक क्षेत्र का ख्याल अब यूपीडा रखेगा। इनके वार्षिक रखरखाव पर अटल औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन की पहल के तहत 43 करोड़ रुपये खर्च का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

संसाधनों की कमी के चलते 34 औद्योगिक क्षेत्रों का रखरखाव शहरी स्थानीय निकाय ठीक से नहीं संभाल पा रहे थे। ऐसे में औद्योगिक क्षेत्रों के रखरखाव और बुनियादी ढांचे के प्रबंधन में सुधार के लिए राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने अटल औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत पहल की है। यूपीसीडा ने 34 औद्योगिक क्षेत्रों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध प्रस्तावित किया है, जिसका अनुमानित वार्षिक खर्च 2024-2025 के लिए 43 करोड़ रुपये है। वैसे यूपीसीडा, प्रदेश के 55 जिलों में 156 से अधिक औद्योगिक क्षेत्रों का प्रबंधन और देखरेख कर रहा है।

**43** 43 करोड़ खर्च होंगे हर साल रखरखाव पर

### औद्योगिक क्षेत्रों में 43 अनुबंधों को दिया अंतिम रूप

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया की प्राधिकरण ने सिविल कार्यों के लिए 43 अनुबंध को अंतिम रूप दिया है, जिनसे यूपीसीडा 24x7 कार्य करते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करेगा। रखरखाव में साइनेज और सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, बेंच की स्थापना, प्रदूषण निगरानी और पब्लिक अड्रेस सिस्टम, ट्रैफिक लाइट, हरियाली और कचरा प्रबंधन शामिल है। इसके साथ ही 31,753 स्ट्रीट लाइट्स और 565 हाई मास्ट का रखरखाव भी किया जाएगा।

### 2024-25 में प्राथमिकता

वित्त वर्ष 2024-25 में, यूपीसीडा 39.94 करोड़ रुपये के 45 व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध 58 औद्योगिक क्षेत्रों में लागू कर रहा है। इनमें नाली सफाई, जैसे आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। इन औद्योगिक क्षेत्रों में सामूहिक रूप से लगभग 920 किमी जल निकासी नेटवर्क और लगभग 450 किमी सड़कें हैं। इसके अतिरिक्त, छह प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जल निकासी बुनियादी ढांचे का उन्नयन चल रहा है, जिसमें लगभग 437 करोड़ रुपए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। अटल औद्योगिक अवसंरचना योजना के चरण 3 में जल निकासी उन्नयन और बाढ़ प्रबंधन के लिए 303 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो यूपीसीडा की दीर्घकालिक स्थायित्व की दिशा में एक बड़ी पहल है।

### औद्योगिक क्षेत्रों में लगाए क्यूआर कोड

नवीन तकनीक का प्रयोग करते हुए यूपीसीडा ने सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्यों के अनुरक्षण अनुबंधों से संबंधित शिकायतों और फीडबैक पर नज़र रखने के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में क्यूआर कोड लगाए हैं। ये क्यूआर कोड शिकायतों को दर्ज करने के लिए आवंटियों को सीधी पहुंच प्रदान करते हैं, जिससे त्वरित समाधान और बेहतर संतुष्टि सुनिश्चित होती हैं। क्यूआर कोड के माध्यम से दर्ज की गई शिकायतों को मुख्यालय स्तर पर ट्रैक किया जाता है, जिससे कुशल प्रबंधन और शिकायतों के सक्रिय समाधान की सुविधा मिलती है।

# 56 वरिष्ठ दंत सर्जन के हुए तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी अस्पतालों में कार्यरत 56 दंत सर्जनों के तबादले किए गए हैं। अधिकतर को जिला अस्पताल व मंडलीय अस्पतालों में भेजा गया है।

फतेहपुर के जिला चिकित्सालय में तैनात डॉ.शरद कुमार और बिजनौर में तैनात डॉ.ओम प्रकाश सिंह को, नए बने स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में प्रतिनियुक्ति बरकरार रखी गयी है। राजधानी के बलरामपुर व रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय में भी एक-एक सर्जन को तैनाती मिली है।

# वाराणसी के मजदूर की बेटी श्वेता जाएगी इसरो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्पेस आर्ट और बेस्ट प्रोडक्ट डेवलपमेंट कंपटीशन में हुआ कक्षा 7 की छात्रा श्वेता का चयन


बेस्ट प्रोडक्ट डेवलपमेंट कंपटीशन में पेश माडल के साथ श्वेता।

**अमृत विचार :** वाराणसी के करसड़ा स्थित अटल आवासीय विद्यालय की कक्षा 7 की टॉपर छात्रा श्वेता सत्ते स्कूल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जाएगी। इनका चयन वैज्ञानिकों से मिलकर ब्रह्मांड के रहस्यों को जानने के लिए किया गया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरनाथ राय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अटल आवासीय विद्यालय योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। श्वेता सत्ते का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भ्रमण के लिए हुआ है। उसके पिता मजदूरी करते हैं। श्वेता ने कहा कि बड़े होकर अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनना चाहती है। सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला की तरह देश का नाम रोशन करने का सपना है।

# आजीविका मिशन से अभी भी 17,536 गांव दूर

## वर्ष 2013-14 से एक भी स्वयं सहायता समूह गठित नहीं, 2011 की सूची से छूटे परिवारों का नहीं हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकार की तमाम कवायद के बाद भी सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना 2011 की सूची से छूटे व निर्धन परिवार की महिलाएं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से नहीं जुड़ सकीं।

प्रदेश में 17,536 गांव ऐसे हैं, जहां महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक भी स्वयं सहायता समूह का गठन नहीं किया। जबकि ऐसे वंचित परिवारों की महिलाओं को मिशन में शामिल करके उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। जो घर बैठे समूह और ऋण के माध्यम से कामकाज करके परिवार का हाथ बंटाकर आजीविका चला सकें।

मिशन निदेशक दीपा रंजन ने इस अभियान की समीक्षा की तो 2013-14 तक एक भी समूह का गठन न होना पाया। इस पर सभी जिलाधिकारी को समूह गठन कराने के लिए जिलेवार सूची भेजने के साथ लापरवाही बरतने वालों की रिपोर्ट मांगी है।

### 1.18 करोड़ गरीब परिवारों को है जोड़ना

आजीविका की दिशा में ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह योजना है। इसके तहत प्रदेश के 1.18 करोड़ परिवार को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ना है। इसमें गांवों में नये समूह बनाने हैं या फिर पहले से गठित समूह में महिलाओं को सदस्य बनाना है। मनरेगा व प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना से लाभान्वित परिवारों को भी शामिल करना है। जिनकी मिशन के सखी (लोकोस) एप पर फीडिंग की जानी है।

### 2 सितंबर तक इतने गांवों में नहीं बने समूह

गाजीपुर 1444, आजमगढ़ 989, जौनपुर 889, बस्ती 684, गोरखपुर 572, बिजनौर 598, मिर्जापुर 502, प्रतापगढ़ 502, चंदौली 482, प्रयागराज 444, बलिया 429, संत रविदास नगर 417, बरेली 388, पीलीभीत 378, संतकबीर नगर 376, लखीमपुर खीरी 374, आगरा 339, रायबरेली 336, गोंडा 332, सिद्धार्थ नगर 331, शाहजहांपुर 301, वाराणसी 251, सीतापुर 246, बहराइच 232, कानपुर नगर 219

# पूर्व आईएएस अधिकारी आर विक्रम सिंह का निधन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली, श्रावस्ती के रह चुके हैं डीएम, कानपुर में नगर आयुक्त भी रहे


राघवेंद्र विक्रम सिंह

**अमृत विचारः** पूर्व आईएएस अधिकारी कैप्टन राघवेंद्र विक्रम सिंह का रविवार सुबह निधन हो गया। गले में संक्रमण के कारण शुक्रवार को उन्हें मैक्स हास्पिटल, दिल्ली में भर्ती कराया गया था।

कैप्टन राघवेंद्र विक्रम सिंह के पुत्र आदित्य विक्रम सिंह ने बताया कि 20 वर्ष पहले उन्हें कैंसर हुआ था। उपचार के बाद वह पूर्ण रूप से ठीक हो गए थे। लेकिन, शुक्रवार को पता चला कि जिस स्थान पर कैंसर हुआ था, वहां पस बन गया है। मैक्स हास्पिटल दिल्ली में उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। रविवार की सुबह 5.30 बजे उनका निधन हो गया।

राघवेंद्र विक्रम ने आठ वर्ष तक सेना में भी सेवा दी थी। उप्र. लोक सेवा आयोग के माध्यम से वर्ष 1986 में उनका चयन पीसीएस में हुआ था। वे कानपुर नगर के नगर आयुक्त रहे। आईएएस में प्रमोशन के बाद वे श्रावस्ती व बरेली के जिलाधिकारी भी रहे। कासगंज में चंदन गुप्ता हत्याकांड के दौरान फेसबुक वाल पर टिप्पणी के दौरान वह काफी चर्चित भी रहे थे। बताते चलें कि बहराइच जिले के हरिहरपुर रैकवारी के मूल निवासी राघवेंद्र विक्रम विभिन्न समाचार पत्रों में सामयिक मुद्दों पर लिखते भी थे।

# जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा में बनेगा नया मेडिकल कॉलेज भवन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रेटर नोएडा के गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (जीआईएमएस) में 152 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज के नए भवन, लाइब्रेरी व हॉस्टल समेत अन्य निर्माण के लिए शासन ने मंजूरी दी है। जिम्मेदारी नियोजन विभाग को दी गई है।

मेडिकल कॉलेज विंग 5 का 24,317 स्क्वेयर मीटर में बी प्लस जी प्लस सिक्स तर्ज पर निर्माण होगा। बेसमेंट में पार्किंग, ग्राउंड फ्लोर पर एनाटॉमी व डाइसेक्शन, फर्स्ट फ्लोर पर रिसर्च लैब, सेकेंड फ्लोर पर बायोकेमिस्ट्री व लैब, तीसरे फ्लोर पर पैथोलॉजी, चौथे फ्लोर पर फॉरेंसिक मेडिसिन, पांचवें फ्लोर पर डर्मेटॉलोजी व साइकियाट्री डिपार्टमेंट तथा छठे फ्लोर पर कॉम्यूनिटी मेडिसिन विभाग का निर्माण होगा।

# विधानसभा उप चुनाव के लिए बसपा जल्द घोषित करेगी बाकी प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊः** विधानसभा उप चुनाव में 10 सीटों पर जीत के लिए बसपा अपने कैडर वोट बैंक पर मजबूत पकड़ बनाने में जुट गई है। अब तक छह संभावित प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं। बाकी प्रत्याशियों की शीघ्र घोषित होने की संभावना है।

उप चुनाव के लिए भाजपा के साथ ही, सपा व कांग्रेस ने अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं, जबकि बसपा ने मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से शाह नजर, अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से राम गोपाल कोरी व अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से अमित वर्मा को प्रभारी बनाया है। पार्टी बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कहना कि उप चुनाव में बसपा बेहतर प्रदर्शन करेगी। जल्द ही बाकी सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे।

# जन समस्याओं के निस्तारण में ढिलाई पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर में मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनते समय अधिकारियों को दी चेतावनी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हिदायत दी कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है। निर्देश दिए कि जनता की हर समस्या को संवेदनशीलता से लें और समाधान के लिए त्वरित प्रभावी कदम उठाएं। ध्यान रहे कि किसी के भी साथ अन्याय न होने पाए।

योगी ने ये निर्देश रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने भरपूर मदद देने का भरोसा दिया। गोशाला में उन्होंने गोवंश को खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया।

### महाराज जी! आपके साथ फोटो खूब वायरल होगी

जनता दर्शन में एक ऐसी फरियाद भी आई कि मुख्यमंत्री योगी उसे सुनकर हंस पड़े। फतेहपुर से आई मेनश्री नाम की बेहद छोटे कद की महिला ने गुहार की कि महाराज जी (मुख्यमंत्री योगी) के साथ फोटो खिंचवानी है ताकि सोशल मीडिया पर खूब वायरल होकर वह व्यापक पहचान बना सके। हंसते हुए मुख्यमंत्री ने यह मांग फौरन पूरी कर दी। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के गोला क्षेत्र से आई एक अन्य अत्यंत छोटे कद की महिला मुख्यमंत्री से आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची थी। योगी ने उसके प्रार्थना पत्र को लेते हुए डीएम को निर्देशित किया महिला की भरपूर मदद की जाए।

## वर्ग पहेली-186

**बाएं से दाएं**

3. 1. एक तरह का मीठा बड़ा, खंडबरा 2. मिसरी का लड्डू।
6. 1. रस्सी या डोरी लगी हुई 2. औषधि की छोटी टिकिया, गोली।
8. 1. राजा का परिवार 2. राजकीय परिवार के सदस्य।
9. 1. पत्ता, पत्र, पल्लव 2. कान में पहना जाने वाला एक प्रकार का गहना जो पत्ते के आकार का होता है।

**ऊपर से नीचे**

1. घनघोर, घना, निविड़।
2. लेख के रूप में विज्ञापन का प्रकाशन।
4. 1. गोला, छोटी गोली, वटी 2. एक पकवान, पीठी से बनाई गई बड़ी।
5. सूर्य तथा ग्रह-नक्षत्र आदि, सौरमंडल, सौरपरिवार, (सोलरसिस्टम)।
7. पुरवा हवा, पूर्व से चलने वाली या आने वाली वायु, पूर्व की वायु।



### वर्ग पहेली-185 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 छी | | | 2 ठे | |
| | 3 प | तं | 4 चि | का | |
| | ना | | प | | |
| | | 5 क | ट | वा | |
| | 6 टा | न | ना | | 7 आ |
| 8 बें | | क | | | सा |
| त | | 9 ना | म | ही | न |

## सुडोकू-99

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 6 | | | 9 | |
| | 2 | 5 | | 1 | | | | 4 |
| 6 | | 9 | | | 2 | | | 8 |
| | | 3 | | | 8 | | 2 | 9 |
| | 6 | | | | | | 3 | |
| 1 | 8 | | 2 | | | 5 | | |
| 4 | | | 3 | | | 6 | | 5 |
| 2 | | | | 8 | | 9 | 7 | |
| | | 8 | | 5 | | | 1 | |

### सुडोकू -98 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 3 | 1 | 4 | 8 | 9 | 2 | 6 |
| 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 4 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 1 | 9 |
| 3 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 9 | 2 | 8 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 5 | 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 21.53 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 18.04 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष:** आज परिवार और ऑफिस में बड़ी ज़िम्मेदारी ले सकते हैं। आवश्यक सामान में धन खर्च कर सकते हैं। घर में किसी मांगलिक कार्य की योजना बनने की संभावना है। अल्प श्रम से अधिक लाभ की प्राप्ति होगी।

**वृष:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को दल और समाज में विशेष महत्व या उच्च पद दिया जा सकता है। अचानक धन की प्राप्ति भी हो सकती है। घर के सदस्यों के साथ संबंध खराब न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन:** आज आपकी यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। फिल्म और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े जातकों को बेहतरीन लाभ मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। नव दंपतियों के मध्य प्रेम बढ़ेगा। भाई-बहनों के साथ रिश्ते मधुर रहेंगे।

**कर्क:** आज जॉब में अपनी योग्यता प्रदर्शित कर पाएंगे। अपने बजट को संतुलित रखने का प्रयास करें। दांपत्य जीवन में आपसी समन्वय बढ़ेगा। कोई मूल्यवान वस्तु खरीद सकते हैं। खान-पान को आप विशेष महत्व देंगे।

**सिंह:** आज प्रेम संबंधों में निकटता का एहसास होगा। आर्थिक स्थिति संतोषजनक रहेगी। आपको कोई बड़ा सम्मान मिल सकता है। व्यापार में नए प्रयोग कर सकते हैं। जीवनसाथी को पूरा समय देंगे। उनकी आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखेंगे।

**कन्या:** आज आप नए विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। अपनी प्रतिभा का बेहतरीन उपयोग कर पाएंगे। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहने वाला है।

**तुला:** आज आप अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। उलझे हुए मामले सुलझ सकते हैं। रहन-सहन से वैभव और ऐश्वर्य दिखाई देगा। तकनीकी संबंधी उद्योगों में अच्छा लाभ मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में सोच-समझकर निर्णय लें। व्यवसाय की समस्याओं को दूर करने में सफल होंगे।

**वृश्चिक:** आज सेवा प्रदाता जैसे व्यवसायों में तेजी देखने को मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। शत्रु वर्ग से समझौता होने की संभावना बन सकती है। नव दंपति फैमिली प्लानिंग की योजना बनाएंगे। जीवन में काफी शांति रहेगी।

**धनु:** आज व्यापार में विस्तार करने की योजना बनाएंगे। गृहस्थ जीवन की समस्याओं का निराकरण कर लेंगे। राजनीतिक लोगों के बीच आपकी पकड़ मजबूत हो सकती है। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। सरकारी योजनाओं से लाभ मिल सकता है।

**मकर:** आज आप बचत और आय दोनों पर ध्यान देंगे। चिकित्सकों और वकीलों के लिए सप्ताह विशेष शुभ रहेगा। लवमेट्स के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ सकते हैं। किसी खास व्यक्ति से बहुप्रतीक्षित मुलाकात होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** आज बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं के प्रति अत्यधिक आकर्षित रहेंगे। जॉब में आपका प्रदर्शन प्रशंसनीय रहेगा। ऑनलाइन शॉपिंग में नए ऑफर मिल सकते हैं। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**मीन:** आज आपके सहज स्वभाव से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही शानदार रहने वाला है। धन को लेकर चिंता दूर होगी। पार्टनर्स के साथ चल रहे विवाह थम सकते हैं। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- जीवन युद्ध — सुबह : 09.00
- तकदीर का तमाशा — शाम : 06.00

&pictures
- मि. एंड मिसेज खिलाड़ी — सुबह : 11.19
- दोबारा — रात : 08.00

Sony Pix
- वंडर वुमन 1984 — सुबह : 10.32
- इट चैप्टर टू — रात : 08.45

Zee Cinema
- रक्षा बंधन — सुबह : 11.42
- क्रैक — रात : 08.00

Colors Cineplex
- फिर हेरा फेरी — दोपहर : 12.01
- टाइगर नागेश्वर राव — रात : 07.59

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे।
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है।

पुलिस- घर में मालिक होते हुए तूने चोरी कैसे की?
चोर- साहिब आपकी नौकरी भी अच्छी है, सैलरी भी अच्छी है, फिर आप ये सब सीख कर क्या करोगे?
चोर की बात सुनकर पुलिस की हैरान रह गई।



बछरावां के महाराजगंज रोड के पास सजाया गया गणेश पंडाल। अमृत विचार

# गणेशोत्सव की धूम

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार:** नगर के महाराजगंज रोड पर स्थित गणेश चौक पर 15वें गणेशोत्सव की शुरुआत गणेश चतुर्थी के दिन हुई। इस दौरान गणेश प्रतिमा का स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान पूर्वक की गई। इस मौके पर गणपति की मनमोहक प्रतिमा लोगों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। वहीं,समिति द्वारा प्रसाद वितरण, सजावट, लाइटिंग आदि की पूर्ण व्यवस्था की गई। महोत्सव के दौरान शाम को गणेश जी की आरती व संध्या कार्यक्रम भी किया गया। वहीं महोत्सव में क्षेत्र के बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना को जागरुक करने के लिए करने के लिए क्रमबद्ध रूप से पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार दो प्रतियोगिताएं कलश और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की बच्चियों ने बहुत ही सुंदर-सुंदर कलश का निर्माण किया। यह प्रतियोगिताएं देर रात्रि लगभग 11 बजे तक चलती रही। प्रत्येक दिवस समिति के पदाधिकारियों द्वारा निर्धारित प्रतियोगिताएं संपन्न कराई जाएगी। वहीं इन प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को महोत्सव के अंतिम दिवस पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस मौके पर समिति के प्रमुख जन्मेजय जयंत, आयुष चौधरी, रवि पटेल, डॉक्टर सिद्धार्थ जयंत, एडवोकेट हिमांशु पटेल, राम मिलन राजपूत, भोला राजपूत, रामदास, गुलशन डीजे, शिवम सैनी, शिवम सागर, राहुल, जॉनी फ्लावर डेकोरेशन, सूरज, अमन पटेल, दिनेश व ननकऊ मौजूद रहे।

## भूमिधरी जमीन पर निर्माण करने में रोड़ा बने दबंग

**जगतपुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पूरे शुक्लन मजरे चिचौली के रहने वाले राजकुमार ने बताया कि उनके पैतृक व भूमि धरी जमीन है। जिसकी विपक्षी सुरेश कुमार निर्माण नहीं करने दे रहे है। वहीं निर्माण पर पुलिस व क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य को रोक दिया पीड़ित का आरोप है। पूर्व में भी विपक्षी ने उनके परिजनों हमला किया था। आज भी जान माल की धमकी दे रहा है पीड़ित अपनी ही भूमिधरी जमीन पर निर्माण कर रहा है। जब इस बाबत छेत्रीय लेखपाल दीपांकर साहू से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पूर्व में पथरगढ़ी की गई थी। वहीं से निर्माण किया जा रहा था। निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है। उप जिलाधिकारी के सामने पीड़ित को पेश किया जाएगा।

# बांदा-बहराइच राज्यमार्ग को नेशनल हाईवे में परिवर्तित करने की मांग

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार:** पूर्व एमएलसी एवं भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजा राकेश प्रताप सिंह ने मोदी सरकार के सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर क्षेत्र के बांदा - बहराइच राजमार्ग को रायबरेली जिले के लालगंज से बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ तक चौड़ा करने की मांग की है।



पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह।

**पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्री को लिखा पत्र**

पूर्व एमएलसी ने पत्र में उल्लेख करते हुए लिखा है कि यह राजमार्ग मुम्बई से बांदा होते हुए रायबरेली, बाराबंकी, बहराइच से होकर नेपाल बॉर्डर तक जाता है। जिसके चलते ऐसे भारी वाहन जिन्हें राजधानी लखनऊ से होकर नहीं जाना होता है वे इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। लालगंज से हैदरगढ़ तक हाईवे सकरा होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इससे राहगीर दुर्घटना का शिकार होकर असमय काल के गाल में चले जाते हैं। बांदा - बहराइच स्टेट हाईवे है। इस नाते प्रदेश सरकार इसे चौड़ा करने में असमर्थ दिखती है। पूर्व एमएलसी ने बादा-बहराइच राजमार्ग को लालगंज से हैदरगढ़ तक चौड़ा कराने के साथ ही इसे नेशनल हाइवे में परिवर्तित करने की मांग की है। यह राज्यमार्ग क्रमशः लखनऊ-अयोध्या, लखनऊ-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग,लखनऊ-प्रयागराज नेशनल हाईवे को क्रॉस करता हुआ निकलता है। इस राज्य मार्ग से करबई एवं हमीरपुर खदान से निर्माण सामग्री ढुलाई की जाती है, जिसमें प्रमुख रूप से रायबरेली, बाराबंकी, बहराइच, श्रावस्ती,अयोध्या, बलरामपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, गोंडा आदि जिले शामिल हैं। इस राज्य मार्ग पर स्थित लालगंज, बछरावां इंडस्ट्रियल क्षेत्र है।

## एक नजर

### करंट से मजदूर की मौत

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** नसीराबाद थाना क्षेत्र में रविवार को टीन शेड की वेल्डिंग करते समय बिजली का करंट लगने से मजदूर की मौत हो गई। डीह थाना क्षेत्र के नगर पंचायत परशदेपुर के कजियाना मुहल्ला निवासी सगीर अहमद नसीराबाद थाना क्षेत्र के लाल का पुरवा मजरे चतुरपुर गांव में पानी की टंकी के पास ग्राम सभा की ओर से वर्मी कंपोस्ट गड्ढे की टीन शेड की वेल्डिंग कर रहा था। अचानक उसे बिजली का करंट लग गया और वह नीचे गिर गया। ग्रामीणों ने एंबुलेंस से उसे नसीराबाद सीएचसी भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दो घरों से लाखों के गहने और नकदी चोरी

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** बीती रात कोतवाली अंतर्गत ग्राम कनावा में चोरों ने दो घरों से लाखों रुपये के माल से हाथ साफ कर दिया। लोगो को घटना की जानकारी सुबह हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी कर्मवीर पुत्र खुशीराम अपने परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। उनका लड़का धनन्जय नीचे कमरे में सो रहा था। सुबह करीब चार बजे के आसपास कर्मवीर की बेटी अपने बच्चे का दूध लेने के लिए नीचे आयीं तो उसने देखा बगल वाले कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा था, जिसको देखकर वह चिल्लाने लगी। परिजन नीचे पहुंच गए तब उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। दूसरी घटना भी इसी गांव के रहने वाले इंदल कुमार के यहां हुई। चोरो ने उनके यहां भी कटर से बक्से काटकर लाखों का माल पार कर दिया। थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पुलिस द्वारा चोरों की खोजबीन की जा रही है।

# साक्षरता दिवस पर शिक्षा प्रेरकों ने की सेवा बहाली की मांग

## विकास भवन परिसर में काली पट्टी बांध किया विरोध, कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव ने सुनी प्रेरकों की पीड़ा, दिया समाधान का आश्वासन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय साक्षरता कर्मी महासंघ के बैनर तले शिक्षा प्रेरकों ने रविवार को विकास भवन परिसर में काली पट्टी बांध कर सरकार के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित तहसीलदार सदर को एक मांग पत्र भी सौंपा गया। जिसमें सेवा बहाली और बकाया मानदेय भुगतान की मांग की गई। कार्यक्रम में प्रेरकों की समस्याएं सुनने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी भी धरना स्थल पर पहुंचे थे।



विकास भवन में धरना स्थल पर शिक्षा प्रेरकों से ज्ञापन लेते तहसीलदार सदर। अमृत विचार

उन्होंने प्रेरकों से अपने विपक्षीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए सरकार तक उनकी बात पहुंचाने का आश्वासन दिया। कहा कि यदि विपक्ष में रहकर शिक्षा प्रेरकों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो सत्ता में आने के बाद राहुल गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी प्रेरकों को उनका हक दिलाएगी। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने जिला प्रशासन को दिए गए मांग पत्र में बताया कि साक्षर भारत मिशन के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष में ग्राम पंचायत स्तर पर एक महिला व एक पुरुष दो हजार रुपए मासिक मानदेय की दर से कार्यरत थे। जिनका 40 माह का मानदेय भी बकाया है। उसके बाद भी सरकार ने बिना मानदेय भुगतान किये वर्ष 2018 से सभी प्रेरकों की सेवाएं रोक रखी हैं। परिणाम स्वरूप देश भर के लाखों शिक्षा प्रेरक बेरोजगार चल रहे हैं और उनके सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट है। इस संबंध में कई बार धरना प्रदर्शन कर सरकार तक अपनी बात रखी गई, लेकिन सरकार ने नई योजना में समायोजन का आश्वासन देकर टाल दिया और अब जब नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सरकार लेकर आई तो उसमें हम लोगों को सेवा का अवसर नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार जल्द ही हमारी मांगे नहीं मानती है तो हम लोग प्रदेश और केंद्र स्तर पर आंदोलन को बाध्य होंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पारसनाथ मिश्रा, पवन यादव, दिलीप कुमार सोनकर, प्रदीप सिंह, तेज बहादुर, मिथिलेश तिवारी, कुसुमा पटेल, नवनीत श्रीवास्तव, धर्मपाल विश्वकर्मा, कृष्णानंद, अनूप कुमार, सुनील यादव, बीनू सिंह, संत प्रसाद, जितेंद्र बाजपेई, राजेश कुमार सिंह, रामविलास, रेनू, कनकलाता, उर्मिला यादव, सीता वर्मा, लल्ली देवी, सरला देवी, विष्णु प्रताप सिंह, आशुतोष सिंह, स्नेह लता, राम बक्श सिंह, मोतीलाल, राजेंद्र कुमार वर्मा, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## दो पक्षों में मारपीट तीन लोग घायल

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** एकौनी निवासी पुतान ने आरोप लगाया है कि मैं रविवार को अपना इलाज कराने जा रहा था। तभी उनके पड़ोसी इंदल के पालतू कुत्ते ने मेरे ऊपर हमला कर दिया। मैंने इंदल से कुत्ते को बांधकर रखने को कहा। इसी बात से नाराज इंदल के बेटे राजा, लखन, श्यामू, गंगा, मोनू और उनके घर की महिलाओं ने कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। बचाव करने पहुंचे भाई रंजीत को भी भाले से घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से घायल बृजकुमारी पत्नी इंदल ने भी मारपीट का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# विद्युत उपकरण जलने से दो दर्जन घरों की बिजली गुल

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार:** रविवार की दोपहर दो दर्जन से अधिक घरों के अचानक विद्युत उपकरण और मीटर एक-एक कर जलने लगे। धुंआ का गुबार देख ग्रामीण घर से बाहर भागे। मीटर पैनल विद्युत उपकरण में धमाका होने से दर्जन भर घरों की बिजली गुल रही। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विभाग को दी, पर मौके पर कोई नही पहुंचा।

कोतवाली अंतर्गत वार्ड औना सदरा में रविवार को अचानक ग्रामीणों के घरों के एक एक कर इन्वर्टर, एलईडी बल्ब टीवी, पंखा, कूलर फ्रिज आदि जलने लगे। ग्रामीण अर्जुन,लल्ले, तुलानी, विमल, मुन्ना राजा राम, तुफान, ओम प्रकाश, रंजीत, मोहन, मोनू, जितेन्द्र पटेल, दिलीप, पप्पू समेत दो दर्जन से अधिक लोगो के घरों का विद्युत उपकरण फुकने से लगभग ढाई से तीन लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक हो रहे विद्युत हादसे से स्थानीय लोग डरे हुए है। वहीं घटना की सूचना विभागीय अधिकारी को दी गई, लेकिन मौके पर कोई नही पहुंचा। जेई रंजन कुमार का कहना है कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं थी। मीडिया के जरिये सूचना मिली है। टीम भेजकर जांच के लिए निर्देशित किया है।

# लूटकांड में जेल भेजे गए दीपू को क्लीन चिट

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

**पुलिस की विवेचना में निर्दोष पाये जाने पर न्यायालय ने किया रिहा**

**अमृत विचार:** बीते 20 अगस्त को गदागंज थाना क्षेत्र के ढसवा मोड़ जलालपुर धई के पास सीएससी संचालक से हुई सात लाख की लूट के मामले में जेल भेजे गए युवक को न्यायालय ने रिहा कर दिया है। लूटकांड के बाद रास्ते में मिले रुपयों से भरे बैग को थाने वापस करने गए युवक को ही गदागंज पुलिस ने 26 अगस्त आरोपी बनाकर जेल भेज दिया था। शनिवार की रात को उसे रिहा कर दिया गया।

जलालपुर धई निवासी रवि शंकर गदागंज में सीएससी चलते हैं। 20 अगस्त को शाम को दुकान बंद करके वह घर वापस जा रहे थे। तभी रास्ते में दो अज्ञात लोगों ने उनके साथ लूट की घटना को अंजाम दिया। रुपयों से भरा हुआ बैग और अपाचे बाइक लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए मुकदमा दर्ज किया। एक दिन बाद जमुनीपुर चारुहर निवासी दीपू उर्फ गौरव ग्राम प्रधान की मदद से रुपयों से भरे हुए बैग को गदागंज थाने वापस करने पहुंचे युवक का कहना था कि वह गदागंज पानी लेने गए हुए थे। वहां से वापस आ रहे थे। तभी रास्ते में यह बैग उन्हें पड़ा मिला। पहले तो पुलिस ने उसे निर्दोष करार दिया। लेकिन जब लूट के आरोपी नहीं मिले तो पुलिस ने उसे ही लूट का आरोपी बनाकर 26 अगस्त को जेल भेज दिया। निर्दोष को जेल भेजने के बाद ग्रामीण परिजन व व्यापारियों में काफी आक्रोश देखने को मिला एवं उसकी रिहाई को लेकर गदागंज थाने में जोरदार प्रदर्शन किया गया। पुलिस की जमकर किरकिरी हुई। क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नवहार ने निर्दोष को जेल से वापस करने का आश्वासन दिया और विवेचना गदागंज थाने से डलमऊ पुलिस को सौंपी गई।

डलमऊ पुलिस ने 169 की कार्रवाई करते हुए उसे निर्दोष साबित किया और शनिवार को उसे जेल से रिहा होने की खबरें आने लगी। विवेचक डलमऊ कोतवाल पवन कुमार सोनकर ने बताया कि विवेचना में 169 की कार्रवाई की गई है।

## सार-संक्षेप

### महामंत्री धर्मपाल सिंह ने घर-घर जाकर दिलाई सदस्यता



प्रगतिपुरम में सदस्यता दिलाते भाजपाई। अमृत विचार

**रायबरेली,अमृत विचार।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के तहत प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रगतिपुरम में घर-घर जाकर लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी, जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा, नगर प्रभारी शिवेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष अखिलेश तिवारी सहित सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा सरकार में बेपटरी हुई कानून व्यवस्था : रामकिशोर

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर पंचायत के भवानीगढ़ चौराहा स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। रामकिशोर मौर्य ने कहाकि भाजपा के तानाशाही रवैये से जनता त्रस्त है। कानून व्यवस्था बेपटरी और महंगाई चरम पर है। लूट, हत्या, बलात्कार, चोरी जैसे जघन्य अपराधों पर खाकी अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही हैं। भाजपा सरकार में पुलिस बेलगाम हो चुकी है। रायबरेली में अपराधों का ग्राफ तेजी से आगे बढ़ रहा है। भाजपा की मनमानी से परेशान यूपी की जनता ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारा जवाब दिया है। 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को जड़ से उखाड़ फेकेगी। पराग प्रसाद रावत ने कांग्रेसियों में ऊर्जा भरते हुए कहा कि 2027 के चुनाव की तैयारियों में सभी को अभी से लग जाना है। प्रदेश की जनता भाजपा के लालीपॉप को समझ चुकी है। अब जनता भाजपा के झांसे में आने वाली नहीं है। इस मौके पर जिला सचिव गिरिजेश श्रीवास्तव, ममता सिंह, बसंतपुर सकतपुर न्याय पंचायत अध्यक्ष चंद्र मोहन दीक्षित, बृजेन्द्र द्विवेदी, निर्मल त्रिवेदी,मो. रईस आदि लोग मौजूद रहे।

### गणेश उत्सव के दूसरे दिन भंडारा आयोजित

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** आदर्श विद्यालय में गणेश उत्सव के दूसरे दिन भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों, शिक्षकों, व अभिभावकों के अलावा हजारों श्रद्धालुओं ने भी भंडारे का प्रसाद चखा। मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता अनूप पांडेय ने कहा कि यह विद्यालय सरेनी का सबसे पुराना शिक्षा मंदिर है जिसकी नीवें देवपुरुष राममोहन मिश्र ने रखी थी। चार दशकों से ज्यादा समय बिताने के बावजूद विद्यालय अपने आदर्शों पर कायम रहा और आज इसका संचालन श्री मिश्र की बेटियों के हाथ में है जिन्होंने लगातार संघर्ष के बाद भी साहस व धैर्य से काम लिया। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सभी को साधुवाद दिया इसके पूर्व भंडारे में छोला चावल व बूंदी का प्रसाद बांटा। इस मौके पर इंटर कॉलेज बैरुआ के प्रबंधक रामसकल सिंह, धुरेमऊ के पूर्व प्रधान भीम सिंह, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रामू सिंह, मोनू शुक्ला, मयंक, आनंद मिश्रा, नीरज श्रीवास्तव, शेख शाहरुख खान, पवन पांडेय, हरिओम , सरिता, श्वेता, अंजली, गुड़िया, रश्मि आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र के बच्चों को मिलेगा श्री साईं लाइब्रेरी का लाभ



ऊंचाहार में श्री साईं लाइब्रेरी का फीता काट कर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** समय के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में स्पर्धा बढ़ी है, इसकी तैयारी के लिए परीक्षार्थियों को अनुकूल माहौल जरूरी है। ऊंचाहार नगर में इसी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर श्री साईं लाइब्रेरी शुरू की गई है। जिसका लाभ पूरे क्षेत्र के बच्चों को मिलेगा। यह विचार ऊंचाहार प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष हरिशरण सिंह मुन्नू ने रविवार को नगर के एनटीपीसी रोड कुशल भवन के सामने श्री साईं लाइब्रेरी के उद्घाटन में व्यक्त किए।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप के बोलते हुए पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हम लोगों के अध्ययन के समय काफी अभाव था। आज समय बदला है, सुविधाएं बढ़ी हैं, साथ ही परीक्षाओं में सफल होने के लिए चुनौतियां भी बढ़ी है। इस मौके पर पूर्व प्रधान मनोज सिंह कोथरिया समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# जैन मंदिर में मना पर्युषण महापर्व

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** सिविल लाइन स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में रविवार को जैन धर्मावलंबियों का 10 दिवसीय दशलक्षण महापर्व की शुरुआत हुई। पर्युषण पर्व के पहले दिन जैन मंदिर में सहस्त्र शांतिधारा, नित्य पूजन सहित विशेष पूजा अर्चना शुरू की गई है। पर्युषण महापर्व के मौके पर मंदिर को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। पर्व के पहले दिन आशीष जैन, अरिहंत जैन हर्षित जैन और पूरे जैन समाज ने भगवान के सहस्त्र नाम की शांति धारा करने का अवसर प्राप्त किया।



दिगम्बर जैन मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

उत्तम छमा धर्म पर जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन के सानिध्य में जैन श्रद्धालुओं ने क्षमा भाव व क्रोध के त्याग की साधना के साथ पूजा अर्चना की। पर्युषण पर्व के पहले दिन उत्तम छमा धर्म पर जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन ने कहा यहां क्षमा का व्यापक अर्थ भूल सुधार है। क्षमा मनुष्यता की पहचान है। मीडिया प्रभारी अंकित जैन ने बताया कि जैन मंदिर महापर्व के पहले दिन समस्त जैन समाज ने सहस्त्र शांतिधारा एवं विशेष पूजा पाठ का आयोजन किया। इन दस दिनों में पर्युषण पर्व के दौरान पूजन के दौरान अर्ध्य चढ़ाए जाएंगे। शाम को संगीत मय सामूहिक आरती शास्त्र सभा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रतिदिन आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर अशोक जैन, रमेश जैन, सुभाष जैन, दीपचंद जैन, हेमेन्द्र जैन, आरके जैन, नितेश जैन, नवीन जैन, अजय जैन, अतुल जैन, संदीप, अजय जैन, प्रदीप, अनिल जैन, राकेश जैन जैन आदि लोग मौजूद रहे।

## वाहन छोड़कर भागे गो तस्कर

**ऊंचाहार, अमृत विचार।** पिकप में गोवंशों को ठूंसकर परिवहन करते समय मवेशियों की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने पिकप को घेर लिया, उसके बाद गो तस्कर वाहन छोड़कर भाग गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोवंशों को मुक्त कराया है। मामला तहसील क्षेत्र के रसूलपुर गांव का है। शनिवार की रात गांव से एक पिकप गौवंशों को लादकर जा रही थी। पिकप से मवेशियों की आवाज ग्रामीणों ने सुनीं तो ग्रामीणों ने उसे घेरकर रोक लिया। इसके बाद उसमें सवार लोग मौका पाकर भाग गए। ग्रामीणों ने मामले की सूचना डायल 112 को दी। पुलिस ने पिकप में ठूंसकर लादे गए मवेशियों को मुक्त कराया।

**समस्या** | उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने आंदोलन की दी चेतावनी

# लालगंज के लोगों को कब मिलेगी बदहाल सड़कों से निजात

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार:** लालगंज नगर की चारों तरफ की सड़के गांव गलियों से भी बदतर हो गई हैं। चौराहों पर उड़ती धूल से व्यापारी सहित आम जनता बुरी तरह त्रस्त है। इससे व्यापार पूरी तरह से प्रभावित है। इससे व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है।

यूपी उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि कई वर्षों से नगर की सड़के जहां ध्वस्त हैं, वही बाईपास रेलवे पुल के खराब हो जाने से नगर में जाम की निरंतर स्थिति बनी रहती है। जिससे दुर्घटनाएं होना भी आम बात है। उन्होंने कहा कि अगर सड़कें दुरुस्त नहीं हुई तो व्यापार मंडल आंदोलन करने को बाध्य होगा। किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने नेशनल हाईवे और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बाईपास रेलवे पुल के निर्माण का काम अगस्त में पूरा होना था। लेकिन अभी तक आधा काम भी नहीं हुआ है। बाईपास रेलवे पुल के निर्माण में नेशनल हाईवे के द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है, जिसका परिणाम आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। वास्तव में रेलवे पुल का निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। ने कहा कि प्रदेश की सरकार के गड्ढा मुक्त सड़कों के मंसूबे पर पीडब्ल्यूडी विभाग पानी फेरने का काम कर रहा है। योगी सरकार को ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। व्यापारी नेता महेश सोनी ,शिवम गुप्ता, मृत्युंजय बाजपेई, भाजपा सेक्टर संयोजक सुनील मिश्रा, अनिल त्रिवेदी, विनोद गुप्ता आदि ने भी कस्बे की सड़कों पर उड़ती धूल को लेकर नाराजगी जताई है। उल्लेखनीय है कि कस्बे के नगर पंचायत तिराहा, अटल चौक गांधी चौराहा, बाईपास रोड, सेमरपहा मार्ग, डलमऊ तिराहा, बेहटा चौराहा से लेकर सातनपुर मार्ग सभी संपूर्ण रूप से ध्वस्त हो गए हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग गड्ढों की मरम्मत भी नहीं कर रहा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। वही पीडब्ल्यूडी विभाग के अवर अभियंता अमित कुमार का कहना है कि टेंडर हो गया है, बरसात के बाद सड़के बनेंगी।



विवेक शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष।



संतोष सिंह, भाजपा उपाध्यक्ष।



शिवम गुप्ता, व्यापारी नेता।



रोहित सोनी, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष।

## पागल सियार के आतंक से ग्रामीण परेशान

**शिवगढ़, अमृत विचार।** क्षेत्र के रामपुर टिकरा में पागल सियार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पागल सियार ने अब तक एक महिला, पुरुष सहित दो पालतू कुत्तों और करीब आधा दर्जन से अधिक आवारा कुत्तों पर हमला कर जख्मी कर चुका है। रामपुर टिकरा की रहने वाली वृद्ध महिला राजवती खेत में घास काट रही थी। तभी पागल सियार ने उनके ऊपर हमला जख्मी कर दिया। साथ ही रास्ते से गुजर रहे एक राहगीर पर हमला करके उसे जख्मी कर दिया। शिवगढ़ सीएचसी अधीक्षक डॉ.प्रेम शरन ने बताया कि सियार के हमले से एक महिला, पुरुष सहित 2 लोग अस्पताल आए थे। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को एंटीरेबीज का इंजेक्शन लगाकर वापस घर भेज दिया गया है।

# सर्जरी के बाद मरीज की अच्छे से देखभाल करें

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में सीटीवीएस विभाग ने एक कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य अतिथि रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. भोलानाथ, प्रो. डॉ. धर्मेंद्र श्रीवास्तव डॉ. आरएमएल हॉस्पिटल लखनऊ ने दीप प्रज्वलित कर की शुरुआत की।



एम्स में आयोजित कार्यशाला का दीप प्रज्जवलित कर शुरुआत करते मुख्य अतिथि।

मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. भोलानाथ ने कहा कि यहां कार्यशाला नर्सिंग स्टाफ को जागरूक करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सीटीवीएस विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता सिंह ने मरीजों की देखभाल व सरल व्यवहार करने और नर्सिंग स्टाफ को होने वाली समस्याओं पर चर्चा कर मनोबल बढ़ाया। सीटीवीएस सर्जन डॉ. संकल्प, डॉ. आरएमएल हॉस्पिटल के नर्सिंग कॉलेज की उपप्रधानाचार्य प्रो. डॉ. प्रज्ञा पाठक ने भी अपने विचार रखे। प्रश्नोत्तरी परीक्षा में नर्सिंग निताशा शर्मा, ममता कुमारी, मोनिका प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। अनुकरणीय आचरण के लिए एसजीपीजीआई लखनऊ से अलका मोहन और नीलम श्रीवास्तव, केजीएमयू लखनऊ से ऋतू कुमारी और ज्योति पाल, डॉ. आरएमएल हॉस्पिटल लखनऊ से आगा शाही और राखी नायर एवं एम्स रायबरेली से सज्जन दान चारण और आंचल कटोच को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया।एम्स निदेशक प्रो. डॉ. अरविंद राजवंशी ने कहा कि सीटीवीएस विभाग में हमारे कुशल व योग्य डाक्टर नित नई और जटिल सर्जरी कर रहे है।

## एक नजर

### गांजा के साथ दो लोग गिरफ्तार, भेजा जेल

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। बाइक की डिग्गी में गांजा रखकर जा रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरकर कर जेल भेजा है। सलोन थाना क्षेत्र के हटका मजरे उमरन गांव निवासी दुर्गेश मिश्रा साथ में ऊधवामऊ गाँव निवासी सतीश पटेल के साथ रविवार की सुबह बाइक की डिग्गी में गांजा भरकर जा रहा था, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सादे की बाजार रेलवे क्रासिंग के पास उन्हें रोककर जब तलाशी ली तो उनके पास से 958 ग्राम गांजा बरामद किया गया। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर दोनों युवकों को जेल भेजा गया है।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ घायल

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। भटनोसा के पास सड़क किनारे खड़े एक अंधेर को अनियंत्रित बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया। भटनोसा गांव के रहने वाले राजा सड़क किनारे खड़े हुए थे, तभी एक बाइक वाले ने अधेड़ को टक्कर मार दी, जिससे अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा एंबुलेंस की मदद से जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीएचसी के डा. मनीष मिश्रा ने बताया कि अधेड़ गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया था, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया।

### होटल के सामने से बाइक चोरी

खीरों, रायबरेली। थाना क्षेत्र हरचंदपुर के गांव लालमन का पुरवा निवासी अवधेश कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि रविवार को दोपहर लगभग ढाई बजे मैं उन्नाव जिले के गांव बिसरामऊ निवासी अपनी बहन सुमन यादव के घर से वापस लौट रहा था। कस्बा खीरों पहुंचने पर मैंने थाने से थोड़ी दूर पर स्थित एक होटल के पास अपनी बाइक खड़ी कर दी और पास की दुकान से कुछ सामान खरीदकर वापस पहुंचा तो मेरी बाइक गायब थी। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि बाइक बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार बुआ-भतीजा घायल

बछरावां, अमृत विचार : देदौर गांव के रहने वाले विवेक कुमार (24) रविवार दोपहर बुआ अनीता (36) के साथ उनका इलाज कराने बाइक से लखनऊ जा रहे थे। तभी लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर टोल प्लाजा के पास एक अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अनीता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शहर की बदली आबोहवा, स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में जिला अव्वल

## जिलाधिकारी के निर्देशन में नगर पालिका अध्यक्ष और ईओ के बीच बेहतर सामंजस्य का दिखा असर, देश में रायबरेली को मिला पहला स्थान

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार:** शहर की आबोहवा बदलने लगी है। प्रदूषण के स्तर में सुधार होने के साथ ही साफ सफाई दिनोंदिन बेहतर हो रही है। यह हम नहीं बल्कि इसके गवाह सरकारी आंकड़े हैं। बीते दिनों देश के सभी शहरों के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण का परिणाम घोषित किया गया तो इसमें रायबरेली को पहला स्थान मिला।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में नगर पालिका अध्यक्ष और ईओ के बेहतर सामंजस्य का इससे अच्छा परिणाम और क्या हो सकता है। इस सफलता से जहां नगर पालिका के जिम्मेदार गदगद हैं। वहीं, जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में रायबरेली को देश में प्रथम स्थान (1 से 3 लाख जनसंख्या की श्रेणी में) प्राप्त होने पर केन्द्रीय मंत्री (पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन) भूपेंद्र यादव एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर और अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह को सम्मानित किया। तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों में उत्तर प्रदेश से एक मात्र शहर रायबरेली को ही सम्मान मिला है। इसके अलावा नलगोंडा (तेलंगाना) और नालागढ़ (हिमाचल प्रदेश) शीर्ष पर रहे।

'स्वच्छ वायु सर्वेक्षण' राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत कवर किए गए शहरों




स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में रायबरेली को देश में प्रथम स्थान मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर एवं अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह को सम्मानित करते केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा।

में शहरी कार्य योजना और वायु गुणवत्ता के तहत अनुमोदित गतिविधियों के कार्यान्वयन के आधार पर शहरों को रैंक करने के लिए मंत्रालय की एक पहल है। इसी के तहत 2017 को आधार वर्ष के रूप में उपयोग करते हुए 2024 तक कण प्रदूषण को 20-30 प्रतिशत तक कम करने के लक्ष्य के साथ 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) शुरू किया। बाद में 2019-20 को आधार वर्ष के रूप में उपयोग करते हुए लक्ष्य को 2026 तक 40 प्रतिशत की कटौती के लिए संशोधित किया गया। इन शहरों को वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कई सर्वोत्तम प्रथाओं के माध्यम से वायु गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य गतिविधियों में सड़कों को पक्का करना, मैकेनिकल स्वीपिंग को बढ़ावा देना, पुराने कचरे का बायोरेमेडिएशन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, डंप साइटों से पुनः प्राप्त भूमि को हरित स्थानों में परिवर्तित करना, ग्रीनबेल्ट विकास, बुद्धिमान यातायात प्रबंधन प्रणाली और मियावाकी वनीकरण शामिल हैं।

### मैकेनिकल स्वीपिंग से सड़कों की सफाई बेहतर

शहर से होकर गुजरने वाली सड़कों पर अभी तक सफाई व्यवस्था बेहतर नहीं थी। वजह सफाई कर्मियों के भरोसे ही पूरी व्यवस्था का होना। अधिशासी अधिकारी ने मैकेनिकल स्वीपिंग को लाने के साथ ही प्रमुखता से लागू भी किया। इससे अब शहर की सड़कें प्रतिदिन बेहतर तरीके से साफ हो रही हैं।

"शहर की दशा के बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। वायु सर्वेक्षण में रायबरेली के नंबर एक होने पर मुझे ही नहीं बल्कि सभी को गर्व है। यह कहीं न कहीं जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन से संभव हो सका है।

**-स्वर्ण सिंह**, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद रायबरेली।"

"स्वच्छता हो या फिर वायु प्रदूषण को बेहतर बनाना। हमारा प्रयास है कि जनता की समस्याओं को प्रमुखता से दूर करें। साथ ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा रहा है। प्रशासन के सहयोग से इसे बेहतर किया जा रहा है। नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए पूरा प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

**-शत्रोहन सोनकर**, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद"

# चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना, लाखों की चोरी

## लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत



चोरी के बाद कमरे में खुली अलमारी व बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार



चोरी के बाद मौका मुआयना करती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता, सतांव, रायबरेली

**अमृत विचार:** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। बीती रात एक बार फिर चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों का सामान पार कर दिया। वहीं पुलिस महज खानापूरी करती ही नजर आई। हाल यह है कि बीते 31 अगस्त से 7 सितम्बर के बीच शातिर बेखौफ चोरों ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में चोरी की करीब एक दर्जन वारदातों को अंजाम देकर दहशत का माहौल बना रखा है। हैरत की बात तो यह है कि इतनी वारदातों के बाद भी गुरुबक्शगंज थाना पुलिस की कुम्भकर्णी नींद अभी तक नहीं टूटी और शातिर चोर अब भी पुलिस की पकड़ से कोसों दूर है।

**▸▸ गुरुबक्शगंज थाना पुलिस चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने में नाकाम**

थाना क्षेत्र के गम्भीपुर मजरे ओनई पहाड़पुर और बिल्हऊमऊ गांवों चोरों ने घटना को अंजाम देते हुए एक बार फिर पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने अशोक पुत्र गया प्रसाद निवासी गम्भीपुर और बिल्हऊमऊ गांव निवासिनी गीता सिंह पत्नी स्व. दान बहादुर सिंह के घरों को निशाना बनाया। अशोक के घर में चोर छत के रास्ते आंगन में बांस डालकर नीचे उतरे और गृहस्थी के कमरे में रखी आलमारियों का लॉक खोलकर नकदी समेत करीब एक लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के आभूषण पार कर ले गए। वहीं गीता सिंह के घर से चोर 10 हजार रुपये के साथ करीब पांच लाख रुपये कीमत की सोने चांदी के आभूषण उठा ले गए। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने दोनों घटनाओं में मौके का निरीक्षण कर जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया।

### चोरों से कोसों दूर खाकी, खुलासे की मांग

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। मॉडर्न कोच फैक्ट्री में 18 एवं 21 अगस्त को हुई चोरी का खुलासा करने में लालगंज पुलिस नाकाम रही। यद्यपि एएसपी नवीन कुमार ने इस घटना की अतिशीघ्र पर्दाफाश करने का आश्वासन कॉलोनीवासियों को दिया था उल्लेखनीय है कि आईजी रेंज प्रशांत कुमार क्षेत्र में हुई सर्राफा व्यापारी के साथ लूट की घटना के सिलसिले में आए थे तभी महाप्रबंधक आरेडिका के आग्रह पर रेल कोच फैक्ट्री के ऑफिसर क्लब का दौरा किया था और वहां अधिकारियों से कोच फैक्ट्री में हुई चोरियों के विषय में बातचीत हुई थी। परंतु उस बातचीत का कोई प्रभाव लालगंज पुलिस की कार्यशेली पर दिखाई नहीं देता है स्थानीय विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह इस विषय पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की बात कही थी एवं मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने भी इस विषय पर उत्तर प्रदेश पुलिस के आलाधिकारियों को ट्वीट के माध्यम से उचित कार्रवाई करने का आग्रह कई बार कर चुके हैं। परंतु प्रशासन एवं लालगंज पुलिस की कार्यशैली से यह प्रतीत होता है की वह इस घटना को लेकर उतना गंभीर नहीं है। उल्लेखनीय है कि जिले एवं तहसील में चोरी एवं डकैती की घटनाएं पिछले एक महीने में बढ़ी है।

# संघ ने चोरी के खुलासे की डीजीपी से की मांग

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार:** भले ही रेल कोच में हुई चोरी की वारदातों का खुलासा न हुआ हो, लेकिन रेल कोच प्रशासन लगातार आवासीय परिसर में सुरक्षा उपायों पर तेजी से काम कर रहा है। वहीं चोरी की वारदातों का खुलासा न होने से मजदूर संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने ट्विटर पर डीजीपी प्रशांत कुमार से शिकायत की है।

रेल कोच प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना कॉलोनी की सुरक्षा सुदृढ़ीकरण के लिए प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के द्वारा संयुक्त सुरक्षा निरीक्षण करके सुरक्षा सुधार के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई है। जिसमें सीसीटीवी, सुरक्षा कर्मियों की अतिरिक्त नियुक्ति एवं उनके द्वारा गश्त बढ़ाना, बाउंड्रीवॉल की मरम्मत एवं आवश्यकतानुसार ऊंचाई बढ़ाना, दरवाजों की सुरक्षा के लिए कार्य करना और टाइप-2 क्वार्टर्स में पीछे की खिड़की की ग्रिल को सुरक्षित करना शामिल है।

**शिकायत**

**▸▸ चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए रेल कोच प्रशासन कर रहा है उपाय**

आरेडिका रायबरेली ने आरपीएफ के सहयोग से आवासीय परिसर में सुरक्षा के उपायों को सुरक्षा बलों की तैनाती में वृद्धि कर सुरक्षा सुदृढ़ीकरण के तहत आवासीय परिसर में अतिरिक्त 22 उप्र पूसैक. निलि. के गार्ड्स को तैनात किया गया है। गार्ड्स को टाइप-2, 3, 4 और टाइप-5 क्वार्टर्स जैसे विभिन्न आवासीय ब्लॉक्स में रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है। गश्त के कार्यों को भी तेज किया गया है, जिसमें सहायक उप निरीक्षक/रे.सु.ब. और उप्र पू.सै.क.नि.लि. पर्यवेक्षकों द्वारा रात में लगातार गश्त की जा रही है। रात्रि प्रभारी निरीक्षक, रे.सु.ब. और सहायक सुरक्षा आयुक्त / रे.सु.ब. द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है। प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रे.सु.ब. भी औचक निरीक्षण के माध्यम से संचालन की निगरानी कर रहे है। सीसीटीवी कैमरों के साथ सुरक्षा निगरानी को सुदृढ़ करने के लिए आवासीय परिसर में 30 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। आरेडिका रायबरेली के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता द्वारा निरीक्षण के उपरान्त सभी 38 हाईमास्ट लाइट को शाम 6:30 से सुबह 5:30 तक चालू रखा जा रहा है और कुछ जगहों को चिन्हित कर नई हाईमास्ट लाइट लगाई जायेंगी। आरेडिका में 2818 रोड लाइट लगी है। रेल कोच के महाप्रबंधक पीके मिश्रा के अनुसार आरेडिका रायबरेली अपने निवासियों और कार्यबल के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के निरंतर प्रयास का हिस्सा हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि आवासीय परिसर सभी के लिए एक सुरक्षित स्थान बना रहे।

# चाचा के हमले में घायल किशोरी की मौत, केस दर्ज

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली

अमृत विचारः थाना क्षेत्र के एक गांव में छह दिन पहले घर में बैठी किशोरी पर चाचा ने लाठी से हमला कर दिया था। घायल किशोरी को एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां से दवा देकर घर भेज दिया गया। लेकिन घर में देर शाम किशोरी की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को चाचा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक किशोरी।

थाना क्षेत्र के बेलहा मजरे धनपालपुर गांव के रहने वाले शिव शंकर पुत्र संतु ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा कि बीते सोमवार को तड़के करीब चार बजे उसकी बेटी रूपरानी घर में लेटी थी। तभी उसके चाचा रामसागर ने घर में घुसकर गालियां देकर लाठी से मार दिया। शिव शंकर ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां के डॉक्टरों ने एक्सरे के लिए जिला अस्पताल रेफर किया। लेकिन परिजनों ने प्राइवेट अस्पताल में उसका एक्सरे करवाया और जिले के एक नर्सिंग होम में भर्ती कर दिया। शनिवार को दवा देकर किशोरी को घर भेज दिया गया, लेकिन देर शाम उसकी मौत हो गई। इससे कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि मुकदमे में मौत की धारा बढ़ा दी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### एसोसिएशन की मासिक बैठक संपंन



गौरव सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश रायबरेली की टीम।

राही, रायबरेली, अमृत विचार। गौरव सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन में तेज बहादुर सिंह तथा पूनम तिवारी को मिली बड़ी जिम्मेदारी। रविवार को गौरव सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की मासिक बैठक अध्यक्ष कैप्टन राजपाल सिंह व महामंत्री जितेन्द्र सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में संपंन हुई। बैठक में सर्व सम्मति से सुबेदार तेज बहादुर सिंह को जिला अध्यक्ष व पूर्व सभासद पूनम तिवारी को महिला वींग का जिला अध्यक्ष चुना गया। बैठक में बार मिमोरियल भवन रायबरेली में बनवाने के लिए शासन से पत्राचार करने की सहमति बनी। कैप्टन दिनेश सिंह, कैप्टन राजबख्श सिंह, सुबेदार तेज प्रताप, राज बहादुर सिंह, दीपक सिंह, धीरेन्द्र, जिले के प्रबुद्ध वर्ग तथा वीर सैनिक आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### रैन गांव में जलविहार मेले का हुआ समापन

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। विकासखंड के रैन गांव में वर्षों से चले आ रहे जल बिहार मेले का भव्य आयोजन हुआ। मेले के मुख्य अतिथि नेता विरोधी दल विधानसभा यूपी माता प्रसाद पांडे की मौजूदगी में मेले में चार चांद लग रही थी। वहीं विशिष्ट अतिथि सपा के वरिष्ठ नेता अरुणेश पांडे भी मौजूद रहे। मेले के आयोजन ग्राम प्रधान राम सजीवन यादव व वरिष्ठ समाजवादी पार्टी के नेता हरीश चौरसिया ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके साथ ही साथ क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्राम प्रधान के साथ हजारों की संख्या में ग्रामीण जनता ने रैन गांव में मेले में जल विहार का आनंद उठाया। मेले में आल्हा गायन भी कराया गया। मुख्य अतिथि माता प्रसाद पांडे ने बताया कि कोई भी विकास कार्य इस समय नहीं हो रहे। केवल पूर्व में जो भी विकास कार्य समाजवादी पार्टी ने कराएं उन्हीं को यह सरकार अपना नाम दे रही है। सड़क गड्ढे में तब्दील हैं। किसान आवारा जानवर से परेशान हैं। आवारा जानवरों से ग्रामीण किसानों को निजात नहीं मिल रही है। उनकी आय दोगुनी नहीं आधी रह गई है। इनके वादे धरातल पर खोखले साबित हो रहे हैं। सरकार को जनता के सुख और दुख की कोई परवाह नहीं है, जो जहां पर जो भी जनप्रतिनिधि और सरकारी कारिंदे है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के विधायक श्याम सुंदर भारती, जिला अध्यक्ष इं. वीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### महेंद्र प्रताप बने भाकियू के जिलाध्यक्ष



शहीद स्मारक में मौजूद भाकियू के पदाधिकारी। अमृत विचार

सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार। महेंद्र प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया को भारतीय किसान यूनियन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष शिवकांत दीक्षित ने दी है। मनोनयन के बाद जिलाध्यक्ष पहले सरेनी के ऐतिहासिक शहीद स्मारक पहुंचे। वहां अमर शहीदों को नमन किया। समर्थकों ने सरेनी के शहीदों को भूलो मत के नारे लगाए। वहां पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने सारा जीवन किसानों, युवाओं व विद्यार्थियों के हितों के लिए संघर्ष किया है। भारतलाल वर्मा, काली पासवान, अभय प्रताप, श्रीपाल यादव आदि ने खुशी का इजहार किया।

### मलबे में दबकर तीन श्रमिक घायल

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। मरम्मत के लिए पक्की छत तोड़ते समय भरभरा कर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर छत तोड़ रहे तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये, जिसमें एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रतापगढ़ जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव निवासी अंकित (22) रविवार की सुबह पक्के मकान के छत की मरम्मत के लिए परिवार के ही धीरेंद्र (26) व विकास (23) के साथ हथौड़े से छत तोड़ रहा था, इसी दौरान छत भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर तीनों युवक घायल हो गये, परिजनों द्वारा आनन फानन घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां से अंकित कुमार को डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि घायल अवस्था में तीन लोगों को सीएचसी लाया गया था, जिसमें एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# अनियंत्रित बस खाई में गिरी चालक समेत चार यात्री घायल

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार:** रायबरेली डिपो की एक बस शनिवार देर रात सेरी गांव के पास अनियंत्रित होकर खाई में चली गई। हादसे में बस चालक समेत चार लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

देर रात लखनऊ से रायबरेली जा रही रोडवेज बस सेरनी गांव के निकट अनियंत्रित हो गई। चालक जब तक संभलता तब तक बस खाई में जा चुकी थी। इसमें चालक सर्वनाम सिंह पुत्र वेद प्रकाश निवासी जनपद औरैया घायल हो गया। साथ ही चार यात्रियों को चोटें आई हैं। घायल चालक को विभागीय कर्मचारियों के द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वही यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य तक भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस लखनऊ से रायबरेली जा रही थी। इसमें चालक, परिचालक एवं एक दर्जन सवारियां मौजूद थी। जैसे ही बस शेरी गांव के निकट पहुंची । तभी चालक को झपकी आ जाने के चलते बस अनियंत्रित होकर दाहिनी तरफ खाई में कूद गई। खाई के पास ही बिजली का एक ट्रांसफार्मर भी रखा हुआ था। गनीमत रही कि बस ट्रांसफार्मर से नही टकराई अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता।

# संजय मद्धेशिया अध्यक्ष व प्रमोद भास्कर बने मंत्री

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यछ बने संजय कुमार मद्धेशिया व प्रमोद कुमार भास्कर बने मंत्री राज्य कर्मचारी परिषद उत्तर प्रदेश का आज दो वार्षिक अधिवेशन जिला अस्पताल के परिसर में मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश रावत व चंद्रशेखर चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

अधिवेशन के अंत में जनपद का द्विवार्षिक कार्यकारिणी का गठन चुनाव अधिकारी रमेश कुमार श्रीवास्तव, संरक्षक परिषद व शोमनाथ, लैब टेक्नीशियन संघ के द्वारा संपन्न कराई गई। अधिवेशन में उपस्थित समस्त संगठनों के पदाधिकारी सर्वसम्मत




दो वार्षिक अधिवेशन में मौजूद नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

से निर्विरोध पदाधिकारी का चयन किया गया। अध्यक्ष संजय मद्धेशिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल कुमार यादव, मंत्री प्रमोद कुमार भास्कर, सम्प्रेक्षाक अनिल पांडेय, संगठन मंत्री अतुल कुमार विमल, संघर्ष सीमित अध्यक्ष संजय सिंह निर्वाचित हुए। उक्त अधिवेशन में राजकीय नर्सेस संघ डीपीए लैब संघ, एक्स रे संघ, लैब सहायक संघ, रोडवेज कर्मचारी संघ, वन कर्मचारी संघ, बेसिक हेल्थ वर्कर संघ, पुरुष /महिला होम्योपैथी फार्मासिस्ट संघ वेटनरी फार्मासिस्ट संघ आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट संघ एफजीआईटी संघ चतुर्थ श्रेणी चिकित्सा कर्मचारी संघ संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के साथ जनपद के कई कर्मचारी संगठनो के पदाधिकारी सदस्यों ने भागीदारी की।

**सदस्यता अभियान** | भाजपा जिला कार्यालय में हुआ शक्ति केंद्र के सदस्यता सहयोगी बैठक का आयोजन

# देश की एकता और अखंडता के लिए भाजपा को करें मजबूत

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन त्रिपुला में जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी की अध्यक्षता में "शक्ति केंद्र के सदस्यता सहयोगी बैठक आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि करके किया गया। अतिथियों और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि संगठन महामंत्री धर्म पाल सिंह ने कहा कि सभी शक्ति केंद्र सदस्यता सहयोगी अपने शक्ति केंद्र के सभी बूथों पर दिनांक 11 से 18 सितंबर तक घर घर संपर्क करते हुए कम से कम दो दो सौ लोगो को भाजपा की सदस्यता दिलाए। साथ ही उन्होंने




भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन त्रिपुला में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

सदस्यता अभियान पर बिंदुवार चर्चा किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने शक्ति केंद्र के सदस्यता सहयोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए भाजपा को मज़बूत करे। ज़िला प्रभारी पीयूष मिश्रा, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, ज़िला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, पूर्व विधायक राकेश सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। ज़िला सदस्यता टोली देवेन्द्र सिंह , शरद सिंह, राजेंद्र चतुर्वेदी, सरोज गौतम, किरन सिंह, पूर्व ज़िलाध्यक्ष राम देव पाल, सुशील शर्मा, पशुपति शकर बाजपेयी, आरबी सिंह, शिवेंद्र सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, विवेक शुक्ला, दिनेश त्रिपाठी, दल बहादुर सिंह, मोहित अग्रवाल, डॉ धनंजय सिंह, राघेन्द्र पांडेय, अभिषेक वर्मा, अखिलेश तिवारी, वीरेंद्र सिंह, वेद प्रकाश पांडेय, जितेंद्र सिंह, भागवत किशोर सिंह, निखिल पांडेय, प्रभात साहू, कालिका पंडित, महिला मोर्चा सुधा अवस्थी, रवि चौधरी, पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

# लोक अदालत में अधिक मामले निस्तारित किये जायें

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेटों व सिविल जजों के न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिक निस्तारण की रुपरेखा तय किये जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता तरुण सक्सेना, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जनपद न्यायाधीश के द्वारा की गयी। बैठक में न्यायिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये गये कि न्यायालय में लम्बित मामलों में दोनों पक्षों को सुलह के लिए प्रेरित करे। अधिक मामले आगामी लोक अदालत में निस्तारित किये जाये। इसके अतिरिक्त सिविल जजों को निर्देशित किया गया। ज्यादा सिविल मामलों व उत्तराधिकार के मामलों को सुलह समझौते के आधार पर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये जाए। प्राचीन वादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाने के लिए विशेष प्रयास किए जाए। अनुपम शौर्य अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैठक में पिछलें लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा किये।

## एक नजर

### ट्रस्ट को मिली 9.5 क्विंटल चांदी मिंट को सौंपी गई

अयोध्या। अमृत विचार : राम मंदिर निर्माण में ट्रस्ट को मिले सोना और चांदी की गुणवत्ता को परखने के लिए पहले चरण में 9 क्विंटल 44 किलो चांदी पूरे रिकॉर्ड के साथ मिंट के अधिकारियों को सौंप दी गई है। इसके साथ ही श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के दो सहयोगी भी हैदराबाद रवाना हुए हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक 4 वर्षों में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को 13 कुंतल चांदी और 20 किलो सोना प्राप्त हुआ है। इसकी गुणवत्ता के लिए भारत सरकार की संस्था मिंट के द्वारा जांच कराई जा रही है। पहले चरण में हैदराबाद के टकसाल की प्रयोगशाला में चांदी की जांच की जाएगी।

### राम की पैड़ी में मिला शव

अयोध्या। अयोध्या कोतवाली के नयाघाट क्षेत्र स्थित राम की पैड़ी में रविवार को दूसरी पहर एक युवक का शव मिला है। मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। टहल रहे लोगों ने गांधी आश्रम के सामने राम की पैड़ी में लगभग 37 वर्षीय एक युवक का शव देखा। जल पुलिस ने शव को बाहर निकाला और तलाशी ली, लेकिन मौके से ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे मृतक की पहचान हो सके। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया।

### पुलिस व चालकों में विवाद ई-बसों का चक्का जाम

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : पुलिस उत्पीड़न के विरोध में रविवार को ई-बसों के चालकों ने बस संचालन ठप कर दिया। लगभग चार घंटे तक रामपथ ई-बसों से सूना रहा। चालकों ने डिपो पर प्रदर्शन किया। यात्री जगह-जगह इंतजार करते रहे। बाद में निगम और पुलिस के अफसरों ने चालकों से बातचीत करके मामले को शांत कराया और ई-बसों का संचालन बहाल हो सका।

# सांसद को नहीं मिलने दिया दुष्कर्म पीड़िता से

मिल्कीपुर, अयोध्या

▸▸ भड़के ग्रामीण, बोले-घटना के तीसरे दिन आ रहे, वो भी रात में


दुष्कर्म पीड़िता के घर शनिवार रात पहुंचे सांसद अवधेश प्रसाद ग्रामीणों से बात करते हुए।

**अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म पीड़िता के घर शनिवार रात पहुंचे सांसद अवधेश प्रसाद को परिवारीजनों ने मिलने से मना कर दिया। मामले की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और कहने लगे कि घटना के तीसरे दिन आप आ रहे हैं। वह भी रात के अंधेरे में।

बताया जाता है कि पीड़ित परिवार के पक्ष में अभी तक सांसद का कोई बयान न आने से खार खाए परिजनों ने उनसे मुलाकात करने से मना कर दिया। सांसद ने ग्रामीणों से कहा हम पीड़िता और उनके परिवारीजनों के साथ खड़े हैं। सुरक्षा दिलाएंगे और मुआवजा भी दिलाएंगे। मौके की स्थिति ऐसी थी कि गांव में बिजली न होने से अंधेरा था। लोग मोबाइल की टॉर्च व बत्ती जलाकर सांसद की बात सुन रहे थे। कुछ ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि पीड़ित परिवार को आरोपियों द्वारा मारने की धमकियां दी जा रही हैं, जिस पर सांसद ने कहा कि हम आ गए हैं अब आप लोगों को कोई धमकी नहीं दे सकता है। जिसने भी यह गलत कार्य किया है उसके खिलाफ कार्रवाई हो रही है। उसे फांसी की सजा भी मिलनी चाहिए।

### पूर्व में हुई दुष्कर्म की घटनाओं में भी अभी तक नहीं पहुंचे सांसद

पूर्व में भी दुष्कर्म की कुछ घटनाएं हुई हैं लेकिन सांसद अवधेश प्रसाद वहां भी अभी तक नहीं पहुंचे हैं। बताते चलें कि अभी कुछ दिनों पहले पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा में भी किशोरी के साथ गैर सम्प्रदाय के लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की घटना की गई थी। इसके अलावा इसी जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में छह वर्षीय बच्ची के साथ भी गैर समुदाय के युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। रौनाही थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ, लेकिन सांसद अवधेश प्रसाद अभी तक किसी भी दुष्कर्म पीड़िता व उसके परिवार वालों से नहीं मिले हैं।


सर्किट हाउस में लाल बिहारी यादव से मुलाकात करते सपा कार्यकर्ता।

### दुष्कर्म पीड़िता का परिवार भाजपा के कब्जे में : लाल बिहारी यादव

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म पीड़िता के परिवार द्वारा सपा सांसद अवधेश प्रसाद से न मिलने के मामले में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कहा हम सब मिलने गए थे हम सभी ने यह कहा है कि जो भी दोषी होगा उसकी सजा मिलनी चाहिए उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं ने पीड़ित परिवार वालों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है, उनको समझा दिया है कि वह समाजवादी पार्टी के नेताओं से न मिले। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार जातिवाद व धर्म को लेकर चल रही है, हिंदू मुस्लिम कर रही है, हमारा संविधान सेकुलर है, संविधान में हिंदू मुस्लिम नहीं है, सब बराबर है। सुल्तानपुर में एनकाउंटर करने वाले डीएसपी डीके शाही पर भी उठाए सवाल। कहा सरकार डीके शाही का सम्मान कर रही है, उनकी पत्नी को महिला आयोग का सदस्य बनाया जा रहा है, यह कहां तक उचित है। डीएनए रिपोर्ट पर कहा कन्नौज मामले में डीएनए रिपोर्ट आ गई क्योंकि वह डीएनए रिपोर्ट मैच कर गई थी लेकिन भदरसा मामले में मोईद खान की डीएनए रिपोर्ट अभी तक नहीं आई जबकि वह सबसे पहले गई थी। उन्होंने कहा कि इसका मतलब साफ है मोईद खान का डीएनए मैच नहीं हुआ है इसीलिए रिपोर्ट बताई नहीं जा रही है।

# शाही परिजनों से मिले, कार्रवाई का दिया भरोसा

मिल्कीपुर, अयोध्या


दुष्कर्म पीड़िता के गांव पहुंचे प्रभारी व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार

**अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मिलने पहुंचे जिले के प्रभारी एवं कृषि मंत्री डॉ सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के आधार पर दुष्कर्म जैसे अपराधों से निपटने के लिए कृत संकल्पित है।

**खंडासा में दुष्कर्म का मामला**

उन्होंने कहा कि शासन इस तरह की घटनाओं में शामिल लोगों को कठोर सजा दिलाए जाने की मंशा से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दलित किशोरी से दुष्कर्म की घटना के मुख्य आरोपी को हाफ एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि दूसरा आरोपी जो फरार बताया जा रहा है, उसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घटना में पीड़िता के परिवार को बम से उड़ने की धमकी देने वाले लोगों को चिह्नित करने का काम पुलिस ने शुरू कर दिया है। जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीड़िता के परिवार से संबंधित जो भी मांगे हैं, उन्हें वह शासन तक पहुंचा देंगे और सरकार से मिलने वाली विधि सम्मत सभी व्यवस्थाएं पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई जायेंगी। पीड़ित परिवार की तरफ से मांग से संबंधित ज्ञापन प्रभारी मंत्री को सौंपा गया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश पांडे बादल, जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, विनय रावत, हरकेश बहादुर शुक्ला समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विधायक ने भी दिलाया भरोसा

इसके पहले भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें हर प्रकार की सहायता का भरोसा दिया। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी व बिजली विभाग के अभियंता से बात कर पीड़ित परिवार के घर तक जाने वाली सड़क और बिजली की व्यवस्था जल्द पूरी करने की बात कही है।

# रामपथ पर विश्राम की जगह ही नहीं, श्रद्धालु परेशान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच आने वाले श्रद्धालु के लिए रामपथ पर चलना किसी मुसीबत से कम नहीं है। नया घाट से राम मंदिर तक के बीच यात्रियों के बैठने आराम करने और धूप व बरसात से बचने के लिए कोई स्थान नहीं है, जिस कारण लोग आराम करने के लिए भवनों की छांव और सड़क पर बैठ कर आराम कर रहे हैं।

अयोध्या में तीन प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण किया गया। धर्म पथ, राम पथ, भक्ति पथ, जिस पर यात्रियों के चलने के लिए अच्छी व्यवस्था दी गई है, लेकिन इस पर श्रद्धालुओं को गर्मियों में धूप से बचने, बरसात से बचने के लिए कोई सुविधा नहीं है। श्रद्धालु संतोष कहते हैं कि यहां पर बड़ी असुविधा है। धूप में बहुत दूर से चलते हुए आ रहे हैं, लेकिन कहीं पर भी आराम करने की जगह नहीं मिल सकी है।


रामपथ पर भवनों की छांव में बैठे श्रद्धालु। अमृत विचार

# दुष्कर्म पीड़िता से पैसे मांगने का ऑडियो वायरल

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की एक दुष्कर्म पीड़िता से मेडिकल के नाम पर महिला सिपाही द्वारा पैसे मांगने का एक ऑडियो वायरल हो रहा है। पुलिस विभाग वायरल ऑडियो की जांच की बात कह रहा है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती से छेड़छाड़, दुष्कर्म, धमकी का एक मामला दर्ज किया गया। रविवार को दुष्कर्म पीड़िता का मेडिकल कराने को लेकर महिला सिपाही के द्वारा पैसा मांगने का आडियो चर्चा का विषय बन गया है। बताया जा रहा है कि वायरल आडियो में पीड़िता का मेडिकल कराने को लेकर एक महिला कांस्टेबल ने पीड़िता से एक हजार रुपए मांग रही है। वायरल ऑडियो में महिला कांस्टेबल ने दुष्कर्म पीड़िता और उसके पिता से कहा वकील को देने के लिए पैसे है, पुलिस के लिए नहीं, पैसे नहीं है तो मुकदमा क्यों लिखवाया? सीओ रुदौली आशीष निगम ने बताया पीड़िता का मेडिकल हो गया है। वायरल ऑडियो क्लिप की जांच की जा रही है। मामले में अमर बहादुर निवासी थाना शुकुल बाजार अमेठी और राजकुमार निवासी कसारी थाना बाबा बाजार के विरुद्ध शारीरिक शोषण, ब्लैकमेल आदि की धाराओं में 5 सितम्बर को केस दर्ज किया जा चुका है। अमृत विचार वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# गौशालाओं में गोवंशों की हुई ईयर टैगिंग

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी


गौशाला में गोवंशों की ईयर टैगिंग करने पहुंचे टीम के सदस्य। अमृत विचार

▸▸ ईयर टैगिंग दिवस घोषित कर की गई अभियान की शुरुआत

**अमृत विचार।** जिले के मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में रविवार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी और राजकीय पशु चिकित्सालय प्रभारी संग्रामपुर डॉ. प्रदीप पांडेय की देखरेख में क्षेत्र के सभी गौशालाओं के संरक्षित गोवंश की ईयर टैगिंग की गई।

ईयर टैगिंग अभियान को सफल बनाने के लिए टीम गठित करके सभी गौशालाओं में पहुंचकर जिन गायों की ईयर टैगिंग नहीं हुई थी, उनके कान में टैग लगाकर उनकी पहचान बनाई गई। राजकीय पशु चिकित्सालय संग्रामपुर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रदीप पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी निशा अनंत ने गौशाला निरीक्षण में शत प्रतिशत संरक्षित गोवंशों की टैगिंग कराने के लिए आदेशित किया था। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ईयर टैगिंग दिवस घोषित करके ईयर टैगिंग अभियान की शुरुआत की। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. हेमन्त कुमार और पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप पाण्डेय की संयुक्त टीम ने आज अमेठी, संग्रामपुर व भादर के सभी गौशाला में संरक्षित गौवंशो की टैगिंग की। टैगिंग अभियान को सफल बनाने के लिए टीम गठित की गई, टीम ने गौशाला में जाकर संरक्षित गोवंशों का ईयर टैगिंग कर उनकी पहचान बनाई। उन्होंने बताया कि अभियान चलाकर धीरे-धीरे गांव के पशुपालक किसानों की गायों और भैंसों की भी टैगिंग की जाएगी। क्षेत्र के गोरखपुर गौशाला पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. हेमन्त कुमार ने पहुंच कर संरक्षण प्राप्त गोवंशों की टैगिंग कराई। संग्रामपुर क्षेत्र में कसारा, जरौटा, गोरखा पुर, भवसिंहपुर, ठेंगहा, चण्डेरिया, बनवीरपुर आदि गौशाला में लगभग 68 गोवंशो की ईयर टैगिंग की गई।

# अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर चोरों ने घर को बनाया निशाना

संवाददाता, दुर्गापुर, अमेठी

▸▸ गृहस्वामी परिवार के साथ गए हुए थे वैष्णोदेवी धाम

**अमृत विचार।** अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नरबहनपुर में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। पीपरपुर थाना क्षेत्र के नरबहनपुर निवासी श्याम बहादुर गुप्ता 6 सितंबर से माता वैष्णोदेवी के दर्शन के लिए जम्मू गये हुए हैं। चोरों ने उनकी गैरमौजूदगी का फायदा उठा कर एनएच 330 पर स्थित उनके घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार, पड़ोसियों द्वारा घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच में जुटी हुई है। पड़ोसी की सूचना पर श्याम बहादुर गुप्ता के भाई लाल बहादुर गुप्ता रामगंज बाजार से अपने भाई के घर पहुंचे।

इस प्रकरण को लेकर एसओ राज कुमार कुशवाहा ने बताया कि हम लोग मौके पर पहुंचे थे, लेकिन जिनके घर में चोरी की घटना हुई है, वो लोग अभी पूरे परिवार के साथ माता वैष्णो देवी का दर्शन करने के लिए गए हैं। इसलिए अभी ये जानकारी नहीं हुई है कि क्या-क्या समान चोरी हुआ है, उनके आने के बाद मामला साफ होगा और अभी तक कोई तहरीर थाने में नहीं मिली है। बाकी हम लोग जांच कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप


एफएलएन प्रशिक्षण लेने पहुंचे शिक्षक। अमृत विचार

### निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

भेंटुआ, अमेठी अमृत विचार। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा व गणित पर आधारित शिक्षकों का एफएलएन पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम चक्र का समापन हो गया। 3 सितंबर को प्रशिक्षण का पहला चरण शुरू हुआ था। चार चरणों में भेंटुआ ब्लाक में प्राथमिक स्तर पर कार्यरत कुल 334 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रत्येक चक्र में 50-50 के दो बैच को प्रशिक्षित किया जायेगा। चार दिवसीय एफएलएन पर आधारित प्रशिक्षण में कक्षा 1, 2 और 3 में अंग्रेजी भाषा के लिए एनसीईआरटी पर आधारित पाठ्य पुस्तक मृदंग, गणित भाषा पर एनसीईआरटी पर आधारित पाठ्य पुस्तक आनंदमई और हिंदी भाषा के लिए एनसीईआरटी पर आधारित पाठ्य पुस्तक सारंगी के प्रयोग पर शिक्षकों की संदर्शिका एवं कार्य पुस्तिका पर समझ विकसित की जायेगी। जिससे 2024-25 में कक्षा 1 से 5 तक में अध्ययन कर रहे सभी बच्चों को निपुण बनाया जा सके। भेंटुआ ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी संतोष यादव ने बताया कि हमारे यहां प्रशिक्षण कार्य निपुण प्रशिक्षकों के द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। सभी शिक्षक उपस्थित होकर अपना प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं। प्रशिक्षण में संदर्भ दाता के रूप में महेंद्र जायसवाल, पवन कुमार, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, राजीव गुप्ता, संजय पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

### केंद्रीय विद्यालय में आईओक्यूएम का हुआ आयोजन


परीक्षा में शामिल विद्यार्थी। अमृत विचार

अमेठी, अमृत विचार। केन्द्रीय विद्यालय में भारतीय ओलंपियाड क्वालीफायर इन मैथमेटिक्स 2024 का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और गणित के क्षेत्र में अपनी योग्यता का परिचय दिया। विद्यालय के उच्च स्तरीय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से संपन्न हुआ। प्राचार्य कपिल देव मिश्रा ने सभी छात्रों, उनके अभिभावकों और सहयोगी शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनकी मदद से यह आयोजन सफल हो पाया।

# बबूल की छत्रछाया में पल रहे पौधे

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी

▸▸ मुहीबशाह के डेवणसा गांव के पास प्रतापगढ़ सीमा पर लगभग 12500 पौधों का रोपण अभियान के तहत किया गया था

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम सभा मुहीबशाह के डेवणसा गांव के पास प्रतापगढ़ सीमा पर लगभग 12500 पौधे वृहद वृक्षारोपण अभियान 2024-25 के तहत लगाए गए थे। जिसमें फलदार, रेशेदार समेत विभिन्न किस्म के पौधों का रोपण पौधशाला भावसिंहपुर के माध्यम से किया गया था। इस स्थान पर जंगली बबूल के पौधे इस कदर छाए हुए हैं कि देव वन में किसी भी व्यक्ति का जाना नामुमकिन लगता है। जंगली बबूल के पेड़ की छत्रछाया से पौधे सुरक्षित और जीवित हैं।

यह क्षेत्र प्रतापगढ़-अमेठी की सीमा पर स्थित है और यहां की मिट्टी अनुपयोगी थी, जिसमें रेह होने से मिट्टी नमकीन हो गई थी। प्रधान के द्वारा वन विभाग को यह जमीन इस वृहद वृक्षारोपण अभियान तहत सौंप दी गई थी। भावसिंहपुर पौधशाला प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में वृक्षारोपण के तहत 12500 पौधों का रोपण किया गया, लगभग 1 से 2 प्रतिशत पौधे मृत हो गए, शेष पौधे जीवित हैं, जो हरे पत्ते लेकर देवबंद की शोभा बढ़ा रहे हैं।


रोपित किए गए पौधे। अमृत विचार

# किठावर-अमेठी सड़क हुई जर्जर

## शिलान्यास के बाद भी निर्माण कार्य ठप, राहगीर हो रहे परेशान

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले की किठावर-अमेठी मार्ग की दूरी 18 किलोमीटर है। इस सड़क मार्ग पर स्थित विशेषरगंज बाजार, बड़गांव आदि प्रमुख बाजार हैं। इसी सड़क पर पूरे मुहीबशाह में उप्र बड़ौदा ग्रामीण बैंक व बैंक ऑफ बड़ौदा बाजार में स्थित है। भीम सेन इण्टरमीडिएट कालेज बड़गांव, सुभाष इण्टरमीडिएट कालेज विशेषरगंज,रानी अमिता सिंह बालिका इंटर कॉलेज विशेषरगंज बाजार में है। किठावर बाजार सोमवार और गुरुवार को लगती है। जबकि सड़क मार्ग पर जर्जर है।


जर्जर सड़क से गुजरते राहगीर।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क का शिलान्यास मई माह में किया गया था। पट्टी पर सफाई की गयी। इसके बाद काम बन्द है। दैनिक यात्रियों को सड़क मार्ग पर आना जाना पड़ता है। स्कूल के छात्र और छात्राओं को मजबूरन सफर करना पड़ता है। कांग्रेस किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश दूबे ने प्रशासन और शासन से मांग किया है कि सड़क मार्ग का पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाए।

किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि जर्जर सड़क की तत्काल मरम्मत प्रशासन करवाएं, अन्यथा प्रदर्शन करेंगे। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अमेठी अध्यक्ष डॉ. देव मणि तिवारी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी संग्रामपुर उपाध्यक्ष बृजेश मिश्रा ने राज्यपाल से सड़क मार्ग निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है।

**अव्यवस्था** मुहीबशाह के सामुदायिक शौचालय की सुंदरता और गुणवत्ता हुई खराब

# सामुदायिक शौचालय का नहीं मिल पा रहा लाभ

संवाददाता, संग्रामपुर



जर्जर हालत में मुहीबशाह का सामुदायिक शौचालय। अमृत विचार

▸▸ पानी का पाइप फटने से टैंक से बह जाता है पानी

**अमेठी, अमृत विचार।** क्षेत्र ग्रामसभा मुहीबशाह के सामुदायिक शौचालय की सुन्दरता और गुणवत्ता दोनों समाप्त होती नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय में पानी की ठीक व्यवस्था नहीं है। यहां की टंकी में पानी नहीं रुकता है, जिससे शौचालय की सुविधा नहीं मिल पा रही है। वहीं शौचालय के दीवार पर प्लास्टर टूटा दिखाई दे रहा है और अनुप्रयोग होने से इसकी सुंदरता भी समाप्त होते दिखाई दे रही है।

शौचालय की मरम्मत न होने से समस्या पिछले कई माह से बरकरार चल रही है। यही कारण है कि शौचालय का प्रयोग न करके यहां के ग्रामीण खेतों में शौच जाने को मजबूर हैं। यह सामुदायिक शौचालय प्रतापगढ़ अमेठी सीमा पर अवस्थित है, जिसमें आने जाने वाले राहगीरों के लिए भी बहुत लाभकारी सिद्ध हो रहा था। विगद कुछ माह से मरम्मत के अभाव में टंकी भरने पर कुछ ही समय में टंकी का पानी बह जाता है। शौचालय में चारों तरफ पानी-पानी हो जाता है और शौचालय के पानी का प्रयोग करने से पहले ही समाप्त हो जाता है। इस सामुदायिक शौचालय में पानी जाने के लिए डाली गई पाइप फूट गई है, जिसके कारण टैंक में पानी नहीं रुक पा रहा है। पंचायती राज अधिकारी संग्रामपुर राकेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि शौचालय का निरीक्षण कर जल्द मरम्मत कर के सुचारू रूप से चलने के लिए व्यवस्थित किया जाएगा।

### शराब सेल्समैन पर ईंट से हमला, मिला मरणासन्न

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार।** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट बाजार स्थित पथरकट चौराहे की अंग्रेजी शराब की दुकान के विक्रेता पर ईंट से हमला किया गया। बुजुर्ग विक्रेता दुकान के पिछवाड़े स्थित धान के खेत में खून से लथपथ मिला है। पुलिस ने उसको अस्पताल भेजवाया है। पीड़ित के दामाद की शिकायत पर चार अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की है और एफएसएल के साथ एसओजी ने भी मौके पर पहुंच जांच की है। बताया गया कि मूल रूप से पड़ोसी जनपद अंबेडकरनगर निवासी मेवालाल चौरसिया (60) यहां अंग्रेजी शराब की दुकान पर विक्रेता के रूप में कार्य करता है।

# बाजारों में साप्ताहिक बंदी पर जोर

## उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक आयोजित

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल जनपद अमेठी की बैठक रविवार को जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर हुई, जिसमें पूर्व बैठक की कार्यवाही की समीक्षा की गई, जो कि संतोषजनक रही।

बैठक में मौजूद सहायक श्रम आयुक्त गोविंद प्रसाद ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिसमें बाल श्रमिक की दंड संहिता के बारे में और व्यापारिक पेंशन योजना, श्रमिक पेंशन योजना के बारे में बताया और जनपद की सभी बाजारों के साप्ताहिक बंदी के बारे में जोर दिया। इसी क्रम में सहायक श्रम आयुक्त को जिला अध्यक्ष द्वारा अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात जनपद के विभिन्न बाजारों के आए हुए अध्यक्ष और महामंत्री से व्यापार मंडल की सदस्यता प्रमाण पत्र की जानकारी ली गई। जिसमें जनपद की 44 बाजारों में 12740 व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सदस्यता प्रमाण पत्र लगाने की पुष्टि हुई। महिला प्रकोष्ठ को निर्देशित किया गया कि महिला व्यापारियों की समस्याओं का निदान करें।



सहायक श्रम आयुक्त को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर किया गया सम्मानित।

# दो बेटियों की हत्या कर पिता ने फांसी लगाकर जान दी

## घटना से इलाके में सनसनी, मौके पहुंचे आला अफसर

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक बाप ने अपनी ही कलेजे के टुकड़ों की गला रेत कर हत्या कर दी। फिर खुद भी फंदे से लटकर जान दे दी। इस वारदात से पहले पति ने अपनी पत्नी से फोन कर पूछा कि कितनी देर में घर वापस आओगी। पत्नी जब घर पहुंची तो कमरे में खून फैला हुआ था और पति फंदे से लटक रहा था। तीन लाशों को देखकर वह दहाड़े मारकर रोने लगी। आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। खबर पर मौके पर एसपी एसएसपी फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि, अभी तक हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना धूमनगंज के रम्मन का पुरवा में रविवार दोपहर की है।

**घटना से पहले पत्नी से पूछा- कितनी देर में आओगी घर**

पुलिस के मुताबिक आरोपी धूमनगंज थाना के रम्मन का पुरवा निवासी मनीष प्रजापति (30) है। वह पेंटिंग का ठेका लिया करता था। वह रम्मन का पुरवा में किराए के मकान में रहता है। उसकी दो बेटियां थीं। बड़ी बेटी का नाम नैन्सी 5 वर्ष और छोटी का नाम खुशबू 3 वर्ष था। आरोपी की पत्नी का नाम संगीता है। वारदात के वक्त पत्नी घर पर नहीं थी, वह बाजार गई हुई थी। आरोपी ने पत्नी को दो बार फोन किया था। लेकिन फोन नहीं उठा था। फिर तीसरी बार में पत्नी ने फोन उठाया। तो पूछा- कहां हो, कितनी देर में घर आओगी। पत्नी ने कहा कि अभी थोड़ी देर में आऊंगी। कोई काम है क्या। इसके बाद उसने फोन काट दिया। फिर अचानक घर पहुंच गया।

पुलिस के मुताबिक, दोनों बेटियां कमरे में सो रही थीं। मनीष किचन से चाकू लेकर पहुंचा और दोनों का बेरहमी से गला रेत दिया। इससे पूरे बिस्तर और कमरे में खून फैल गया। इसके बाद वह पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर पंखे के हुक में फंसाकर लटक गया और खुदकुशी कर ली। पूरी घटना को अंजाम देने से पहले दरवाजे को अंदर से बंद कर लिया गया था। बाजार से पत्नी संजना जब वापस लौटी तो कई बार दरवाजा पीटा। अंदर से कोई आहट न मिलने पर खिड़की से झांकने लगी। संजना ने झांक कर देखा तो दोनों बच्चियां जमीन पर खून से लथपथ व पति फंदे से लटका हुआ था। ये सब देख पत्नी जोर-जोर से रोने लगी और बेसुध हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस के साथ एसपी एसएसपी और फोरेंसिक टीम भी पहुंची। मौके पर पुलिस ने सबूत जुटाये और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच की जा रही है।

## 2 उर्वरक विक्रेताओं का लाइसेंस निरस्त

**लालगंज (मिर्जापुर)। अमृत विचार:** एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने रविवार को तहसील क्षेत्र में छापामारी कर उर्वरक के दुकानों की जांच की। इस दौरान एसडीएम ने क्षेत्र के आधा दर्जन दुकानों पर छापेमारी कर स्टॉक रजिस्टर, दुकान की निर्धारित मानक के मुताबिक चौहद्दी का निरीक्षण किया जिसमें बड़े पैमाने पर कमियां पाई गईं। कुछ दुकानदारों के दुकानों की उचित चौहद्दी नहीं थी। लहगपुर बाजार में संचालित खाद की दुकान सम्राट खाद भंडार और हर्ष खाद भंडार के निरीक्षण में स्टॉक रजिस्टर में कमियां पाई गई। एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए खाद विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लाइसेंस निरस्त कर दिया।

# निरीक्षण में चिकित्सक समेत 8 गैरहाजिर

## एमएलसी और विधायक पहुंचे सीएचसी, मिली लापरवाही, कार्रवाई के दिए निर्देश

संवाददाता, परियावां, प्रतापगढ़



सीएचसी कालाकांकर में बुजुर्ग को इलाज का भरोसा देते एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह।

**अमृत विचार :** लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अचानक सीएचसी पहुंचे जनप्रतिनिधियों के निरीक्षण में चिकित्सक सहित आठ लोग गैरहाजिर मिले। लापरवाही मिलने पर जनप्रतिनिधियों ने अफसरों को मामले से अवगत कराया और संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की बात कही।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकांकर का निरीक्षण करने के लिए शनिवार को अचानक एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी, बाबागंज विधायक विनोद सरोज व जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष डॉ. केएन ओझा कालाकांकर सीएचसी पहुंचे। अस्पताल पहुंचते हुए वहां आये मरीजों व तीमारदारों से बात किये। लोगों द्वारा यह बताया गया कि यहां डाक्टर भी नहीं हैं। इसके बाद एमएलसी व विधायक ने अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में चिकित्सक सहित आठ कर्मचारी अनुपस्थित मिले। बताया गया कि सीएचसी प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा अवकाश पर हैं। एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह ने सीएमओ से फोन पर बात कर अस्पताल में गैरहाजिर मिले चिकित्सक व कर्मचारियों के बारे में बताया। कहा कि जनता के हित को देखते हुए इस तरह की लापरवाही अक्षम्य है। मामले में स्पष्टीकरण के साथ वेतन रोकने की बात भी कही।

**स्टीमेट आप बनवा लीजिये, भुगतान करा देंगे**

सीएचसी कालाकांकर का निरीक्षण करने के बाद एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह ने मरीजो से अस्पताल से मिलने वाली सुविधा के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने किसी भी परेशानी से मना किया। किशुनदास पुर गांव के राम बहादुर ने एमएलसी से बताया कि मेरा इलाज यहां नहीं हो पायेगा। मुझे हार्ट की समस्या है, इलाज के लिए पैसे नहीं है। एमएलसी ने कहा कि जहां भी इलाज कराना हो उस अस्पताल का स्टीमेट बनवा लीजिए, भुगतान हम करवा देंगे।

# मेला देखकर लौट रहे दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत, एक गंभीर

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** सलोरी में दधिकांदो का मेला देखकर लौट रहे बाइक सवार तीन दोस्त सड़क हादसे का शिकार हो गये। घटना में दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक साथी की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना शनिवार की रात करीब तीन बजे नैनी स्थित डांडी राजपूत ढाबे के पास की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घायल का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली के डभांव निवासी

**सलोरी से लौटकर वापस जा रहे थे घर, डांडी हाईवे पर हुई घटना**

बादल पुत्र रमेश भारतीय 19 वर्ष, मोहित पुत्र राम किशोर 18 वर्ष और आकाश प्रजापति पुत्र वीरेंद्र प्रजापति 20 वर्ष तीनों में काफी दोस्ती थी। तीनों मजदूरी करते थे। शनिवार की रात तीनों एक बाइक से सलोरी प्रयागराज में डधिकांदो का मेला देखने गये थे। वह बाइक से रात करीब 3 बजे वापस लौट रहे थे। तीनों डांडी राजपूत ढाबे के पास तिकोनिया चौराहे पर पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह डिवाइडर से टकरा गये और गिर पड़े। वही घटना में बादल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा लेकिन मोहित ने भी स्वरूपरानी अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने पर तीनों के घरवाले अस्पताल पहुंच गये। घटना से मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, गंभीर रुप से घायल आकाश को उसके परिजनों ने शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्टेशन के पास नाली में मिला युवक का शव

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** हरनामगंज रेलवे स्टेशन के आगे पुराने गोदाम के पास बनी नाली में रविवार की सुबह 35 वर्षीय युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान कराने का प्रयास किया।

स्टेशन के पास से पुलिस को उसका एक बैग मिला लेकिन उसमें भी कोई आईडी नहीं मिली, केवल कुछ कपड़े रखे थे। वहां मौजूद लोगों में चर्चा रही कि शनिवार रात वह नशे में घूम रहा था। कुछ लोगों से अभद्रता की तो उसकी पिटाई भी की गई थी। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दियाा।

**शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा, रिपोर्ट आने पर होगी कार्रवाई**

कोतवाल सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि नाली के पास रहे विद्युत पोल से करंट की चपेट में आने या नाली में गिरने से भी मौत सकती है। एएसपी पश्चिमी संजय राय ने बताया कि प्रथम। दृष्टया युवक नशे का आदी प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के अनुसार ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

### प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के राज्यपाल से की मुलाक़ात



झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार को फूलों का गुलदस्ता देता प्रतिनिधिमण्डल।

**संवाददाता, केराकत, जौनपुर। अमृत विचार :** यूपी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ का प्रतिनिधिमण्डल रविवार को झारखण्ड के राज्यपाल एवं भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार से मिला और सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रदेश भर के स्वास्थ्य अधिकारियों की मांग है कि उनकी भी एएमएस ऐप पर उपस्थिति ली जाए। इसके आलावा उनका ग्रेड पे 4800 रूपये करने और पीबीआई को सैलरी में मर्ज करने, आयुष्मान आरोग्य केंद्र पर सपोर्टिंग स्टॉफ के नियुक्ति आदि की मांग है। प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व संघ के प्रदेश अध्यक्ष सनत सिंह और प्रदेश प्रभारी सुधांशु पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित राजपूत और कुशीनगर के जिलाध्यक्ष आकाश गंगवार साथ रहे। केराकत ब्लॉक के बेहड़ा गांव में तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के प्रदेश प्रभारी डॉ सुधांशु पाण्डेय ने बताया कि राज्यपाल ने आश्वासन दिया है।

### जूबाए सदस्यता की बनी रूपरेखा

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन कमेटी के पदाधिकारियों ने रविवार को बैठक करने के बाद सदस्यता अभियान का कार्यक्रम तय कर दिया है। जूबाए अध्यक्ष रोहित कुमार शुक्ला, महामंत्री संतोष कुमार सिंह ने रविवार को बैठक में तय किया कि संगठन का चुनाव संपन्न होने से पूर्व सदस्यता का नवीनीकरण 9 से 24 सितंबर तक चलेगा। सदस्यता प्राप्त करने के लिए आवेदक को 100 रुपये, सीओपी, बार काउंसिल के पहचान पत्र की छाया प्रति देना अनिवार्य है।

### जेल में बंद सपा जिलाध्यक्ष के कुर्क बाग का आम बिका, केस

**संवाददाता, कुंडा/बाबागंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** गैंगस्टर के मामले में कौशाम्बी जेल में बंद सपा जिलाध्यक्ष के कुर्क बाग का आम बेच दिया गया। मामले की जांच में आरोप सही पाए जाने पर हल्का लेखपाल ने जिलाध्यक्ष, उनकी पत्नी, मां और भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। 24 जून 2022 को गैंगस्टर के मामले में जिलाधिकारी के आदेश पर कुंडा के दिलेरगंज में सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव के आम का बाग कुर्क करके एसडीएम की सुपुर्दगी में दिया गया था। डिस्ट्रिक मजिस्ट्रेट ने माना था कि छविनाथ ने अपने अपराध की कमाई से इसे अपनी पत्नी प्रियंका और मां शशिप्रभा के नाम बाग खरीदी थी। आरोप है कि बाग कुर्क होने की जानकारी के बावजूद भी छविनाथ, उनकी मां, पत्नी और भाई ने अवैधानिक रूप से उस पर कब्जा जमाकर आर्थिक लाभ के लिए आम बेच दिया। मामले में अनुसूचित जाति के अर्जुन की पत्नी गायत्री की शिकायत पर कुंडा कोतवाल ने जांच की तो आरोप सही मिला। एसडीएम के आदेश पर लेखपाल विनय कुमार ने सपा जिलाध्यक्ष, उनकी मां, पत्नी, भाई और बाग खरीदने वाले दिलेरगंज के शिवकुमार मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

### गंगा घाट पर बनेगा यात्री रैन बसेरा, किया भूमिपजन

**संवाददाता, परियावां, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** क्षेत्रीय लोगों ने गंगा घाट सोनामऊ नवाबगंज में यात्री रैन बसेरा बनाये जाने की मांग की थी। कुंडा विधायक व जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के निर्देश पर बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने अपने विधायक निधि से नवाबगंज गंगा घाट पर यात्री रैन बसेरा बनाने की स्वीकृति दी है। ग्राम प्रधान की अगुवाई में यात्री रैन बसेरा बनाने के लिए ग्रामीण अभियंत्रण सेवा प्रतापगढ़ को यात्री रैन बसेरा बनवाने के लिए धन की स्वीकृत प्रदान की है। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले पूर्व प्रधान जीवनलाल यादव ने पूजन अर्चन किया। राम जानकी ट्रस्ट संग्रामपुर कुटी के बाबा धर्मदास ने भूमिपजन कराया। इस अवसर पर सुरेश यादव, अनिल सिंह बाबा, रामगोपाल अग्रहरि, विनोद यादव, शैलेश कुमार, प्रदीप पटेल, गनेश अग्रहरि, विजय सरोज, छोटेलाल सोनकर, डेजी प्रजापति, सूर्यपाल आदि लोग मौजूद रहे।

### स्व.रामकरन का सामाजिक व शैक्षिक योगदान अविस्मरणीय

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** समाजसेवी, पत्रकार स्व .रामकरन सिंह की पुण्यतिथि रविवार को चिलबिला के दिलराज निकेतन में समारोह पूर्वक मनाई गई। वरिष्ठ पत्रकार अखिल नारायण सिंह ने कहा कि बाबू रामकरन सिंह का सामाजिक एवं शैक्षिक योगदान अविस्मरणीय है। प्रबन्धक अनिल त्रिपाठी प्रवात ने भी स्व .राम करन के व्यक्तित्व की चर्चा की। समारोह में साहित्यकार अर्चना सिंह,आशीष तिवारी व रायबरेली के पत्रकार राजू निषाद को अंगवस्त्र,स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। सह आयोजक चन्द्रेश बहादुर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह को राजेश मणि त्रिपाठी,ओम प्रकाश पांडेय, राज कुमार पांडेय,पूर्व प्रधानाचार्य महेंद प्रताप सिंह,डा . प्रेम शंकर जायसवाल,संतोष भगवन,डा जगदीश श्रीवास्तव,डा .उत्कर्ष राज श्रीवास्तव,बृजेंद्र प्रताप सिंह,प्रधानाचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता डॉ . दयाराम मौर्य रत्न व संचालन डॉ .रवीन्द्र कुमार सिंह,सुरेश नारायण दुबे ने किया। अंत में डा . हरिकेश बहादुर सिंह अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### किसानों और गरीबों के कर्ज माफ हों : रामप्यारे

**संवाददाता, राजगढ़ (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की बैठक पिपरवार गांव में मनोज कुमार के घर पर हुई। स्वयं सहायता समूह और कैशपार, माइक्रोफाइनेंस कंम्पनियों से लिए गये कर्ज माफ करो, जिला सचिव रामप्यारे ने कहा, करोड़ों देशवासियों का अपने खून पसीने से पेट भरने वाले अन्नदाता किसानो का फसली और महाजनी कर्ज माफ न करके मोदी सरकार ने अपना किसान विरोधी और बड़े पूजीपति और कारपोरेट का 16 हजार करोड़ कर्ज माफ कर कारपोरेट परस्त चेहरा उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि बेलगाम बढ़ती खाद, दवा बीज, डीएपी, कीटनाशक दवाओं की कीमतों ने खेती को घाटे का सौदा है। अगर गरीबों के कर्ज माफ नही हुए तो 23 सितम्बर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर आवाज उठाया जायेगा। बैठक में मनोज कुमार, रबिशंकर, बचूलाल गोड, उमाशंकर आदि रहे।

### स्वदेशी से स्वावलंबन जागरूकता की गोष्ठी आयोजित

**संवाददाता, बारा, प्रयागराज, अमृत विचार :** स्वदेशी से स्वावलंबन, भारतीय संस्कृति के पुनरूत्थान के लिए जागरूकता गोष्ठी का आयोजन एसआरके गुरुकुलम विद्यालय नारीबारी में किया गया। परिवर्तन ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजकुमारी पटेल ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के पुनरूत्थान के लिए युवाओं के अन्दर स्वाभिमान जगाना चाहिए। रासायनिक उर्वरक की जगह जैविक खाद का प्रयोग कर बीमारी से बचा जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार सूर्यकान्त शुक्ल ने करते हुए कहा कि जनमानस में सामाजिक समरसता, मानसिक, नैतिक, शारीरिक, आध्यात्मिक, शैक्षिक और बौद्धिक विकाश कर सम्पूर्ण भारत में स्वावलंबन की भावना उत्पन्न किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन परिवर्तन ट्रस्ट के अध्यक्ष विकाश कुमार ने करते हुए आगंतुकों को धन्यवाद अर्पित किया। प्रमुख रूप से सुभाष चौधरी, छोटेलाल, विमला कुशवाहा, गुलाबकली सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## पत्रकार पर हमले में 3 लोगों पर केस

**कोरांव/नैनी, अमृत विचार:** थाना कोरांव के एक पत्रकार के घर में घुसकर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मारा पीटा गया। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की पूरी वीडियो मोबाइल में कैद है। खिवली निवासी सोमधर शुक्ल एक हिंदी दैनिक अखबार के रिपोर्टर हैं। उनके जमीन में पड़ोस के ही रहने वाले नागेश्वर प्रसाद, निलेश, प्रवीण द्वारा घर का गंदा पानी बहाया जा रहा था। मना करने पर शनिवार को लाठी डंडा लेकर उनके घर में घुस गए और उनको मारने लगे। पीड़ित ने तत्काल थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी ने मेडिकल कराया और तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

# डब्ल्यूएचओ की टीम ने इंडिया पोलियो और सीरो प्रिविलेंस का किया निरीक्षण

संवाददाता, प्रतापगढ़



डब्ल्यूएचओ की टीम के साथ सुखपाल पीएचसी प्रभारी डॉ . डीके सरोज।

**अमृत विचार :** डब्ल्यूएचओ की टीम ने रविवार को सुखपाल नगर पीएचसी में इंडिया पोलियो व सीरो सर्विलांस स्टडी का निरीक्षण किया। टीका लगवाने वाले बच्चों पर टीके का असर और टीके की कोल्ड चेन का निरीक्षण करने के बाद डब्ल्यूएचओ की टीम ने पीएचसी अधीक्षक, एसएमओ सहित पूरी टीम की सराहना किया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुखपाल नगर से संचालित इंडिया पोलियो एवं सीरो प्रिविलेंस स्टडी 2024 का राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता और डब्ल्यूएचओ के डॉ. अंकुर की

**पीएचसी अधीक्षक, एसएमओ सहित पूरी टीम की सराहना**

टीम ने रविवार को निरीक्षण किया। पोलियो और एमआर टीके का असर देखने के लिए उन बच्चों को बुलाया गया था जिन्हें टीका लग चुका है। बच्चों के साथ उनकी माताओं के हीमोग्लोबिन का परीक्षण हुआ। निरीक्षण में सब ठीक मिलने पर पीएचसी अधीक्षक डॉ. डीके सरोज, एसएमओ डॉ. सुष्मिता, फार्मासिस्ट अनिल पांडेय सहित उनकी पूरी टीम की सराहना की। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एएन राय, महेश नरायण, देवानंद, बीपीएम राजकमल सिंह, अनिल, अंजना, गोरख श्रीवास्तव, कोल्ड चेन हैंडलर देवेन्द्र मिश्र, उर्मिला आदि मौजूद रहीं।

# तालाब में नहाते समय दो किशोर डूबे, एक की मौत

संवाददाता, गौरा, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** वाराणसी-लखनऊ हाईवे किनारे फतनपुर के रामपुर स्थित गुड़िया तालाब में रविवार दोपहर पांच किशोर नहाने पहुंचे। नहाते समय दो किशोर गहरे पानी में डूबने लगे। वहां मौजूद लोगों ने एक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि दूसरे की मौत हो गई।

रानीगंज थाना क्षेत्र के खुशहालगढ़ के रहने वाले प्रशांत यादव का 17 वर्षीय बेटा अमन उर्फ प्रियांशु नरी स्थित माडर्न साइंस इंटर कॉलेज में 12वीं का छात्र था। रविवार को अवकाश होने पर वह चार अन्य साथियों के साथ साइकिल से दो किलोमीटर दूर रानीगंज के रामापुर में हाईवे किनारे गुड़िया तालाब में नहाने गया था। नहाने के लिए अमन कार की ट्यूब भी ले गया था। गहरे पानी में जाने पर अमन के साथ एक किशोर डूबने लगा। यह देख अन्य के शोर मचाने पर वहां मौजूद लोग पहुंचे। लोगों ने बाहर पड़ी प्लास्टिक के पाइप के सहारे एक किशोर को बाहर निकाल लिए। अमन को बाद में बाहर निकाला गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गौरा लाया गया। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। किशोर की मौत से परिजन रो रो कर बेहाल रहे।

# मऊआइमा में युवक की हत्या ट्यूबवेल की छत पर मिला शव

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** मऊआइमा थाना क्षेत्र के महमदपुर सरायअली गांव में एक युवक की हत्या कर लाश फेक दी गई। युवक का शव घर से पांच सौ मीटर दूर एक ट्यूबवेल की छत पर मिला। हत्या से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

महमदपुर सराअली गांव के रहने वाले पन्नालाल मौर्य शव 18 वर्षीय बेटा रवि मौर्य फाफामऊ में स्थित एक रेस्टोरेंट में काम करता था। दो दिन पहले शुक्रवार को घर से बिना कुछ बताये शुक्रवार को घर से निकला था। रातभर वह घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश करने मे जुट गये। शनिवार की देर शाम परिजन उसकी गुमशुदगी थाने में दर्ज कराई थी। वहीं रविवार को घर से करीब पांच सौ मीटर की दूर एक पंडित के ट्यूबवेल की छत पर उसकी लाश मिली। युवक के शव रस्सी से बांधा हुआ था। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की हत्या किन कारणों से की गई। इसका पता पुलिस लगा रही है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सपा सम्मेलन में उप चुनाव जीतने पर बनाई रणनीति

संवाददाता, मझवां (मिर्जापुर)

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी 397, मझवां विधानसभा उपचुनाव को लेकर मैदान में उतर गयी है। बरैनी, मझवां में आयोजित सम्मेलन को समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव श्रीप्रकाश राय (लल्लन राय) ने विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से कहा कि किसी भी दिन चुनाव की तिथि घोषित हो सकती है। इसे लेकर पार्टी जिला स्तर के पदाधिकारियों को भी सेक्टर व जोन स्तर का प्रभार सौंप दिया गया है। उन्होंने साथ ही साथ चुनाव जीतने की रणनीति पर भी चर्चा की।



उप चुनाव को लेकर चर्चा करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

नए वोटरों के नाम लिस्ट में जोड़े जाने की प्रक्रिया में तहसील कर्मचारियों की ओर से बरती जा रही शिथिलता पर चिंता जताई। कहा कि तहसील में नए फॉर्म स्वीकार करने में हिलाहवाली की जा रही है। उपचुनाव को लेकर उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं को विधानसभा के जोन, बूथ और सेक्टर में निगरानी की जिम्मेदारी सौंप दी है। श्रीप्रकाश राय ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को दायित्व मिला है, वह अपने क्षेत्र के आमजन के बीच जाएं। विधानसभा के प्रत्येक गांव व बूथ तक पहुंचने की रणनीति बनाये। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने

**मझवां विस उपचुनाव**

**नये नाम जोड़े जाने की प्रक्रिया में तहसील कर्मचारियों की शिथिलता : श्रीप्रकाश राय**

कहा कि प्रत्येक बूथ और सेक्टर क्षेत्र में पहुंचकर सपा नेता पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें। सम्मेलन को पूर्व सांसद रमेश बिन्द, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, रामराज पटेल, दामोदर मौर्या, रोहित शुक्ला 'लल्लू', भरत लाल बिन्द, संतोष सिंह, आदर्श यादव, कन्हैया यादव, सौरभ सिंह, धीरज त्रिपाठी, मेवालाल प्रजापति, राजेन्द्र यादव, कौशिक कन्नौजिया, श्यामअचल यादव, रोहित बिन्द, मोहित बिन्द आदि ने सम्बोधित किया।

# जूना अखाड़े ने माफिया को बनाया मठाधीश, हंगामा

## अल्मोड़ा जेल में काट रहे आजीवन कारावास की सजा, प्रकाश से प्रकाशानंद बने "पीपी"

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** संगमनगरी प्रयागराज में महाकुंभ से पहले जूना अखाड़ा के संतों में हंगामा खड़ा हो गया है। जूना अखाडा ने माफिया डान प्रकाश पाण्डेय उर्फ़ पीपी को पंच दशनाम जूना अखाड़ा का मठाधीश बना दिया है। जिसको लेकर संतो में खासा नाराजगी है।

मालुम हो कि अल्मोड़ा जेल बंद प्रकाश पाण्डेय पीपी को आजीवन कारावास की सजा मिली है। माफिया डॉन प्रकाश पांडेय ' पीपी' को जूना अखाड़े में शामिल करते ही उनका नया नाम प्रकाशानंद गिरि दिया गया है। इसके दो दिन पहले प्रकाशानंद को जेल में ही श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा का संत और मठाधीश बनाने का फरमान जारी कर दिया गया था। इसकी जानकारी संत समाज में होते ही हंगामा खड़ा हो गया है। प्रकाश पाण्डेय के मठाधीश बनने को लेकर संत समाज में भी आलोचना की जा रही है। हलांकि तमाम चर्चाओं और आलोचना के बाद अखाड़ा प्रबंधन ने अपने कदम को पीछे कर लिया है। मालूम हो कि माफिया पीपी दाऊद इब्राहिम को मारने के लिए कराची जा पहुंचा था।

जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक महंत हरि गिरि ने कहा कि इस मामले पर जांच की जा रही है। हर किसी को जीवन में स्वेच्छा से सनातन की शरण में आने का अधिकार है, इसलिए सनातन की शरण में आए माफिया पीपी को अकेला छोड़ उससे किनारा नहीं किया जा सकता है।

**शिक्षक दिवस पर दी दीक्षा**

माफिया पीपी ने बीते गुरूवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के थानापति राजेंद्र गिरि ओर अगुवाई में 11 संतों के प्रतिनिधिमंडल से सामने शामिल हुए थे। इसमें तीन सदस्यों ने अल्मोड़ा जेल के अंदर जाकर दीक्षा दी थी। प्रकाशानंद गिरी को अंसेश्वर मठ, मुनस्यारी माता का मठ, गंगोलीहाट में लमकेश्वर, यमुनोत्री में भैरव और भद्रकाली मंदिर का उत्तराधिकारी यानी मठाधीश बनाए जाने की घोषणा किया था। यहां भी कहा जा रहा है कि प्रकाश पाण्डेय छोटा राजन का खास रहा है। पीपी उत्तराखंड के रानीखेत में स्थित खनौइया गांव का मूल निवासी है। उसका 1990 के दशक में कुमाऊं मंडल में क्राइम के मामले में नाम ।कमाया था। उसका नाम नैनीताल, अल्मोड़ा, हल्द्वानी व रानीखेत में अवैध शराब, लीसा तस्करी में आया है। नब्बे के दशक में वह मुंबई पहुंचा। यही वह दौर था जब छोटा राजन ने दाऊद इब्राहिम से अलग होकर अपनी अलग गैंग बनाई थी। सूत्रों के मुताबिक छोटा राजन को अपनी गैंग के लिए शूटरों की जरूरत थी। उसने मुंबई में कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया 2010 में वह वियतनाम से पकड़ा गया और तब से वह जेल में बंद है।

# जलसे के चौथे दिन बयान की गयी हुजूर की सीरत

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार:** इस्लामी महीना रबी उल अव्वल की शुरुआत होते ही शहर कोतवाली के सामने किदवई पार्क में 12 दिवसीय होने वाले सीरतुन्नबी व महफिले मिलाद शरीफ के चौथे दिन हजरत मौलाना कयामुद्दीन ने हजरत मोहम्मद पैगम्बर की सीरत पर बयान किया।

उन्होंने बताया कि हुजूर के यहां जब कोई भी अपना समान अमानत के तौर पर रख देता तो आप उसे जस का तस अपने पास रखते जब वह मांगता तो उसे उसी हाल में वापस कर देते। किसी के भी अमानत में ख्यानत नहीं करनी चाहिये। अपने अमालों को दुरुस्त रखना चाहिए। ईमान बचाना हर हालत में लाजिमी है। लोग मिलाद में आये तो अदब और एहतराम का विशेष ध्यान रखे। वहीं नात पढ़ने वाले हाफिज जौनपुरी ने "तो ऐसी थी हजरत मोहम्मद पैगम्बर की सीरत" पढ़कर एक अलग ही समां बांध दिया। वहीं शायर अहमद रजा ने अपनी बेहतरीन नातों से समां को बरकरार कर महफिल में चार चांद लगा दिया। रियाजुल हक ने बताया कि महफिल ए मिलाद का यह सिलसिला रबी उल अव्वल की 12 तारीख तक लगातार चलता रहेगा। महफिल का संचालन कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष असलम शेर खान ने किया।

## एक नजर

### मीरवाइज नजरबंद, नहीं दे सकेंगे उपदेश

**श्रीनगर।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य मौलाना मीरवाइज उमर फारूक को रविवार को फिर से नजरबंद कर दिया गया और उन्हें श्रीनगर में मनाये जाने वाले सालाना उर्स के अवसर पर ख्वाजा दीगर या सामूहिक अस्र की नमाज से पहले नक्शबंद साहिब दरगाह पर उपदेश देने की अनुमति नहीं दी गयी। अंजुमन औकाफ जामा मस्जिद ने कहा कि अधिकारियों ने एक बार फिर मीरवाइज को नजरबंद कर दिया है।

### नाइट क्लब के बाहर गोलीबारी में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा में एक नाइट क्लब के बाहर चार लोगों द्वारा कथित तौर पर गोलीबारी करने के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि देर रात 12 बजकर 59 मिनट पर पुलिस को झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र स्थित कांच क्लब के बाहर गोलीबारी की सूचना मिली। एसीमापुरी पुलिस थाने का एक दल घटनास्थल पर पहुंचा और क्लब के बाहर सड़क पर दो कारतूस और आठ खाली खोखे बरामद किए। उन्होंने बताया कि क्लब के दरवाजे पर गोली लगने के दो निशान थे।

### अल्युमिना रिफाइनरी में तीन की मौत, एक घायल

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक अल्युमिना रिफाइनरी में कोयले से भरा एक हॉपर गिरने से तीन श्रमिकों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि लापता हो गये एक श्रमिक का पता लगाने के लिए बचाव प्रयास जारी हैं। रघुनाथपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के सिलसिला गांव में मा कुदारगढ़ी अल्युमिना रिफाइनरी में पूर्वाह्न करीब 11 बजे यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि प्राथमिक सूचना के मुताबिक कोयले से भरा एक हॉपर उसके नीचे काम कर रहे लोगों के ऊपर गिर गया।

### सड़क हादसे में एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**रामनाथपुरम।** तमिलनाडु में मदुरै-रामेश्वरम राजमार्ग पर रविवार तड़के कार सड़क किनारे खड़ी राज्य परिवहन निगम (टीएनएसटीसी) बस से टकरा गयी जिससे सवार एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना तब हुयी जब कार यहां मदुरै-रामेश्वरम राजमार्ग पर उचिपुली के पास पीरप्पनवलसाई गांव में एक कार टीएनएसटीसी बस से टकरा गयी। उनकी पहचान सेंथिल मनोहरन, उनकी पत्नी अंगला ईश्वरी, दामाद राजेश और बेटी पंडी सेल्वी और उनकी नातिन दर्शिला रानी, प्रणविका और एक नवजात शिशु रामनाथपुरम के रूप में हुई है।

# नेकां-भाजपा का वोटरों को डराने का आरोप

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा : फारूक अब्दुल्ला बोले- भाजपा हिंदुओं को डराने की कर रही कोशिश

श्रीनगर, एजेंसी

- भाजपा ने नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर धमकाने का आरोप लगाते हुए आयोग से की शिकायत

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को एक-दूसरे पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से पहले वोटरों को डराने की कोशिश का आरोप लगाया।

नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि भाजपा जम्मू क्षेत्र में अपने विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान हिंदू मतदाताओं को डराने की कोशिश कर रही है। अब्दुल्ला ने मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में कहा कि भाजपा को लगता था कि हिंदू उनके पक्ष में मतदान करेंगे। लेकिन अब हिंदू पहले जैसे नहीं रहे, भाजपा ने राम मुद्दे का फायदा उठाने की कोशिश की और अब वह हिंदुओं को डराने की कोशिश कर रही है लेकिन हम विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करेंगे और लोगों का जीवन बदल देंगे।

भाजपा जम्मू-कश्मीर इकाई ने नेकां उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर लोगों को धमकाने का आरोप लगाया है। पार्टी ने चुनाव आयोग से उमर का नामांकन रद करने की मांग की। जम्मू-कश्मीर भाजपा के मुख्य प्रवक्ता सुनील सेठी ने कहा कि गंदेरबल के पूर्व सरपंच ने उमर की सहमति से धमकी दी है कि जो लोग नेकां का समर्थन नहीं करेंगे, उन्हें मार दिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कांग्रेस और नेकां गठबंधन अस्थायी टिप्पणी पर अब्दुल्ला ने जवाब दिया कि शाह बहुत बोल रहे हैं और मैं बताना चाहता हूं कि जिस भारत को वे पेश करने की कोशिश कर रहे हैं, हम उसके खिलाफ हैं। हम घुसपैठिये नहीं हैं, न ही हम मंगलसूत्र छीनने वाले, न गाय बेचने वाले हैं। जिन मुसलमानों ने आजादी के लिए लड़ाई लड़ी और कुर्बान की, वे भी उतने ही भारतीय हैं।

### भाजपा ने 10 उम्मीदवारों की छठी सूची की जारी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को 10 उम्मीदवारों की सूची जारी की, जिसमें उधमपुर पूर्व सीट से आरएस पठानिया और बांदीपुरा सीट से नसीर अहमद लोन को मैदान में उतारा गया है। जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरण के चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को होंगे। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। भाजपा की उम्मीदवारों की छठी सूची के अनुसार, फकीर मोहम्मद खान, गुरेज (अनुसूचित जनजाति) सीट से, अब्दुल रशीद खान सोनावारी से और गुलाम मोहम्मद मीर हंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। भारत भूषण कठुआ से, राजीव भगत बिश्नाह सीट से और सुरिंदर भगत मढ़ सीट से चुनाव लड़ेंगे। ये तीनों विधानसभा सीटें अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं। भाजपा ने विक्रम रंधावा को बाहु विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है।

# मेघालय के निजी विवि पर बरसे सरमा

शिलांग (मेघालय), शैलेश अवस्थी



- गुवाहाटी में बाढ़-जिहाद के लिए चांसलर हक को ज़िम्मेदार ठहराया
- आरोप लगाया- विवि के गुम्बद और गेट का डिजाइन इस्लामिक
- मेघालय के सीएम ने बनाई संयुक्त जांच कमेटी, शीघ्र रिपोर्ट आएगी

लव-जिहाद के बाद अब असम-मेघालय में बाढ़-जिहाद चर्चा में है। अपने आक्रामक बयानों के लिए चर्चित असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्व सरमा ने मेघालय के एक निजी विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय पर बाढ़-जिहाद का आरोप लगाया है। इस विवि के मालिक एवं चांसलर महबाबुल हक पर आरोप लगाया कि इन्होंने विश्वविद्यालय की इमारत बनाने के दौरान पहाड़ियों और वनों की कटाई इस तरह कराई कि बारिश का पानी बड़े पैमाने पर गुवाहाटी पहुंचा और जबरदस्त बाढ़ आ गई।

सरमा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में शिक्षा के नाम पर बर्बादी की जा रही है। विश्वविद्यालय इमारत की डिजाइन भी इस्लामिक है। तीनों गुम्बद और गेट मक्का-मदीना की तर्ज़ पर हैं। इमारत बनाने के दौरान बड़े पैमाने पर पहाड़ियों और पेड़ों की कटाई हुई, जिससे बारिश का पानी बिना बाधा गुवाहाटी तक पहुंचता और बाढ़ आ जाती है। बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है। अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्यूंकि इससे गुवाहाटी को जान माल का खतरा है।

सरमा ने दावा किया कि विवि के चांसलर ने अन्य पिछड़े वर्ग का बताते हुए इसका प्रमाणपत्र भी हासिल कर लिया था, जिसे बाद में जांच के बाद रद कर दिया गया था। मेघालय के री-भोई जिले में स्थित इस विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर वहां की पहाड़ियों को काटा गया। अब हम किसी भी हाल में गुवाहाटी को बाढ़ से बचाने के कोशिश करेंगे। एफआईआर भी कराएंगे।

बताया गया कि बाढ़-जिहाद का नया विवाद सामने आने के बाद मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के सांगमा ने असम के मुख्यमंत्री सरमा से बात कर उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएगी और इसके बाद उन्होंने असम और मेघालय के वरिष्ठ अधिकारियों की कमेटी बना दी है। यह कमेटी शीघ्र ही हर पहलू पर जांच -पड़ताल के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। असम और मेघालय के बीच अन्य मुद्दों पर भी गौर करेगी...।

# जनता के आशीर्वाद से हर लड़ाई जीतेंगे : विनेश

चंडीगढ़, एजेंसी

पहलवान और कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए रविवार को कहा कि उन्हें लोगों के आशीर्वाद से हर लड़ाई जीतने की उम्मीद है। फोगाट को विधानसभा चुनाव के लिए जुलाना विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है।

हरियाणा में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान पांच अक्टूबर को होगा जबकि मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। जुलाना पहुंचने पर फोगाट का गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा बुजुर्गों, महिलाओं और विभिन्न खापों के सदस्यों समेत उनके समर्थकों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया तथा आशीर्वाद दिया। कांग्रेस ने शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 32 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी, जिसमें उनका नाम भी पार्टी उम्मीदवारों में शामिल था।



हरियाणा में कार्यक्रम को संबोधित करतीं जुलाना सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट।

### गुजरात में अज्ञात बुखार से 12 लोगों की मौत

**भुज।** गुजरात के कच्छ जिले के लखपत तालुका में भारी बारिश से 12 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 12 वर्ष से कम उम्र के चार बच्चे भी हैं। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि मौत का कारण प्राथमिक रूप से न्यूमोनाइटिस प्रतीत होता है। जिला पंचायत सदस्यों ने कहा कि डॉक्टर बुखार का सही निदान नहीं कर पाए हैं, जिससे सांस लेने में कठिनाई हो रही है। कच्छ के कलेक्टर अमित अरोड़ा ने कहा कि पाकिस्तान की सीमा के निकट तालुका में 22 निगरानी दल और डॉक्टर तैनात हैं तथा एच1एन1, स्वाइन फ्लू, क्रीमियन-कांगो बुखार, मलेरिया और डेंगू की जांच के लिए नमूने लिए जा रहे हैं।

# दावों-प्रतिदावों पर टकराव का केंद्र बनी वक्फ समिति की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई सरकारी निकायों ने वक्फ बोर्डों पर उनकी संपत्तियों पर कब्जा रखने का लगाया आरोप

वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक दावों-प्रतिदावों को लेकर टकराव का केंद्र बन गई हैं, क्योंकि कई सरकारी निकायों ने वक्फ बोर्डों पर उनकी संपत्तियों पर कब्जा रखने के आरोप लगाए हैं। इन्हें लेकर प्रतिदावे भी किये जाने लगे हैं।

समिति में विपक्षी सदस्यों ने दावा किया है कि वास्तव में बड़ी संख्या में वक्फ संपत्तियां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) सहित सरकारी निकायों के अनधिकृत कब्जे में हैं। बैठकों में विपक्ष के एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने केवल दिल्ली की ही 172 वक्फ संपत्तियों की सूची सौंपी, जो उनके अनुसार एएसआई के कब्जे में हैं।

समिति अध्यक्ष एवं भाजपा सदस्य जगदम्बिका पाल के समक्ष उनकी यह टिप्पणी एएसआई के इस दावे के बाद आई है कि एएसआई के 120 से अधिक संरक्षित स्मारकों पर विभिन्न वक्फ बोर्ड दावा कर रहे हैं। एएसआई ने उन पर अनधिकृत निर्माण का भी आरोप लगाया है।

### यूपीएससी अभ्यर्थी ने ठाणे में आठवीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में सिविल सेवा के एक अभ्यर्थी ने एक इमारत की आठवीं मंजिल से छलांग लगा कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे वर्तक नगर इलाके में हुई।

वर्तक नगर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को व्यक्ति के घर से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने अपने परिवार के सदस्यों से माफी मांगते हुए कहा था कि वह सभी लोगों की उम्मीदों को पूरा नहीं कर सका और इस दुनिया में जीवित रहना अब उसके लिए मुश्किल हो रहा है। अभ्यर्थी (28) के दोस्तों के अनुसार वह संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा पास नहीं कर पाने से अवसाद में था, और इसलिए उसने यह कदम उठाया। व्यक्ति ने एक आवासीय परिसर की आठवीं मंजिल पर स्थित अपने घर से छलांग लगाई और जमीन पर गिर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### मध्यप्रदेश में गणेश शोभायात्रा पर पथराव, सुरक्षा बढ़ाई गई

**रतलाम (मप्र)।** मध्यप्रदेश के रतलाम में भगवान गणेश की शोभायात्रा पर पथराव के बाद शहर में महत्वपूर्ण स्थानों पर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार रात को मोचीपुरा इलाके में हुई जब कुछ लोग 10 दिवसीय गणेश उत्सव के लिए भगवान गणेश की मूर्ति ले जा रहे थे। एक अधिकारी ने बताया कि बाद में जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो पथराव में उनका वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि स्थिति अभी नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि लगभग 500 लोगों ने शनिवार रात को स्टेशन रोड पुलिस थाने का घेराव कर लिया और मोचीपुरा इलाके में शोभायात्रा पर पत्थर फेंकने वाले एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### चिकित्सक से नशे में मरीज ने की अभद्रता

**नई दिल्ली।** द्वारका के इंदिरा गांधी अस्पताल में नशे में दो लोगों ने चिकित्सक से अभद्रता की। वे अस्पताल में एक्स-रे सेवाएं उपलब्ध न होने से नाराज हो गए थे। यह घटना रविवार तड़के चार बजे हुई जब दोनों अस्पताल में आए और उनमें से एक के दाएं हाथ पर कटने का जख्म था। द्वारका पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि मरीजों ने दुर्व्यवहार किया। डॉ. मनोहर लाल ने बताया कि जब उन्होंने दोनों से दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल जाने को कहा तो उनसे गाली-गलौज की गयी।

### मणिपुर में सुरक्षा बढ़ी, ड्रोन रोधी प्रणालियां तैनात

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा की नई घटनाओं में कई लोगों की मौत के बाद राज्य में रविवार को सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में है। अभी तक हिंसा की कोई नयी घटना दर्ज नहीं की गई है। विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षक सुरक्षा बलों के साथ मिलकर स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि असम राइफल्स ने किसी भी ड्रोन हमले से निपटने के लिए इंफाल घाटी के दूरस्थ इलाकों में ड्रोन रोधी प्रणालियां तैनात की हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने राज्य पुलिस को ड्रोन रोधी प्रणाली सौंपी है। मणिपुर में जारी जातीय संघर्ष के बीच हमलों के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल होने लगा है। विस्फोटक गिराने के लिए रिमोट नियंत्रित ड्रोन का इस्तेमाल पहली बार इंफाल के कौत्रुक गांव में एक सितंबर को हुआ था।

### भेंट-मुलाकात



धर्मशाला में तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात करतीं समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव। एजेंसी

### नाचने के दौरान हुई झड़प में तीन लोगों की मौत

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में गणेश पूजा पंडाल में डीजे पर नाचने को लेकर दो समूहों में झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि नंदिनी थाना क्षेत्र के शीतला मंदिर इलाके में हुई इस घटना में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंडाल में डीजे पर नाच रहे तीन लोग और उनके अन्य दोस्त, एक व्यक्ति और उसके दोस्तों से भिड़ गए। इसके बाद कुछ स्थानीय लोगों ने उन्हें शांत कराया। शनिवार रात को दोनों समूहों के बीच फिर से झड़प हो गई।

## कारोबार/कृषि

# शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी दो लाख करोड़ घटी

## ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज -टीसीएस को, हिंदुस्तान यूनिलीवर-एचडीएफसी बैंक लाभ में

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के साथ देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण में संयुक्त रूप से 2,01,699.77 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ। पिछले सप्ताह सेंसेक्स 1,181.84 अंक यानी 1.43 प्रतिशत नुकसान में रहा।

बाजार पूंजीकरण से आशय कंपनी के शेयर के कुल मूल्य से है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की पूंजी (एमकैप) 60,824.68 करोड़ घटकर 19,82,282.42 करोड़, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 34,136.66 करोड़ घटकर 16,12,762.51 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक 29,495.84 करोड़ घटकर 6,98,440.13 करोड़ और भारती एयरटेल का 28,379.54 करोड़ घटकर 8,76,207.58 करोड़ रुपये रहा। इन्फोसिस 17,061.44 करोड़ घटकर 7,89,819.06 करोड़ और एलआईसी 16,381.74 करोड़ घटकर 6,57,009.14 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 15,169.76 करोड़ घटकर 8,51,204.65 करोड़ और आईटीसी 250.11 करोड़ घटकर 6,27,337.65 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर 14,179.78 करोड़ बढ़कर 6,66,919.73 करोड़ और एचडीएफसी बैंक 3,735.35 करोड़ बढ़कर 12,47,941.78 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही।

### वैश्विक रुख तय करेंगे बाजार की चाल

**नई दिल्ली।** मुद्रास्फीति जैसे वृहत आर्थिक आंकड़ें, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगी। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में कुछ दिनों में सुधार है और ब्रेंट क्रूड अब 73 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के करीब है। भारत में, निवेशक इस सप्ताह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सहित अन्य वृहत आर्थिक आंकड़े जारी होने का इंतजार करेंगे। वैश्विक स्तर पर, निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती को लेकर आशावादी बने हुए हैं। उनकी नजर इस महीने होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक पर होगी। आंकड़ों के तहत जुलाई के लिए औद्योगिक उत्पादन और अगस्त के लिए मुद्रास्फीति आंकड़ों की घोषणा गुरुवार को की जाएगी।

### एफपीआई ने 11,000 करोड़ का किया निवेश

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने महीने के पहले सप्ताह में घरेलू शेयर बाजारों में 11,000 करोड़ का निवेश किया है। भारतीय बाजार में मजबूती और अमेरिका में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से एफपीआई का निवेश बढ़ा है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जून से इक्विटी खरीद रहे हैं। इससे पहले, उन्होंने अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ रुपये की राशि निकाली थी। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि हाल ही में हुए निवेश आशाजनक हैं और भारत की मजबूत वृहद आर्थिक स्थिति से यह जारी रह सकता है। हालांकि, अमेरिकी ब्याज दर और भू-राजनीतिक परिदृश्य जैसे वैश्विक कारक प्रेरक शक्ति बने रहेंगे। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इस महीने (छह सितंबर तक) शेयरों में 10,978 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है।

# जीएसटी पंजीकरण : सुविधाजनक और आसान

जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) के लिए ऑनलाइन आवेदन करना सरल और त्वरित प्रक्रिया है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म आपको व्यवसाय के लिए जीएसटी पंजीकरण प्राप्त करने में मदद करता है। पंजीकरण के लिए आपको आवश्यक दस्तावेज़, जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, और व्यवसाय का प्रमाण पत्र, को सही ढंग से प्रस्तुत करना होगा। इसके बाद, आवेदन फॉर्म भरकर, दस्तावेज़ अपलोड कर, और ओटीपी सत्यापन के माध्यम से प्रक्रिया को पूरा किया जाता है। सफलतापूर्वक आवेदन के बाद, आपको एक जीएसटी आइडेंटिफिकेशन नंबर (जीएसटीआईएन) प्राप्त होता है।

**पंजीकरण के लिए तैयारी: पात्रता की जांच :** सुनिश्चित करें कि आपकी व्यापार की गतिविधियां जीएसटी के दायरे में आती हैं।

**दस्तावेज़ :** आवश्यक दस्तावेजों को तैयार करें जैसे कि पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, पते का प्रमाण, और व्यवसाय का पंजीकरण प्रमाण पत्र।

**जीएसटी पोर्टल पर लॉगिन :** पोर्टल पर जाएं, सर्विस मेनू से रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें और न्यू रजिस्ट्रेशन चुनें।

**आवेदन फॉर्म भरना:** फॉर्म 1 : फॉर्म जीएसटी रजि. - 01 को भरें, जिसमें जानकारी दें : व्यापार का नाम और पता, पैन नंबर, व्यापार प्रकार, संबंधित राज्य और जिला।

**दस्तावेज़ अपलोड करना:** आवश्यक दस्तावेज़ों को स्कैन करके अपलोड करें जैसे कि पैन कार्ड, आधार कार्ड, पते का प्रमाण, बैंक खाता विवरण आदि।

**आवेदन की समीक्षा और सबमिट करना:** भरे गए विवरणों की समीक्षा करें और सुनिश्चित करें कि सभी जानकारी सही है। सबमिट पर क्लिक करें।

**ओटीपी सत्यापन:** पैन और आधार नंबर के सत्यापन के लिए ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) प्राप्त होगा। इसे सत्यापित करें।

**आवेदन संख्या प्राप्त करना:** आवेदन सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद, आपको एक आवेदन संख्या प्राप्त होगी।

**फीस :** जीएसटी पंजीकरण शुल्क माफ कर दिया गया है। हालांकि, टैक्स की अपर्याप्त भुगतान पर दंड लग सकता है।

**लाभ:** सरलीकृत बिजनेस स्टार्ट-अप : केंद्रीकृत पंजीकरण प्रक्रिया के साथ, विभिन्न कर नियमों को नेविगेट करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।




**आवेदन की स्थिति की निगरानी:** आप अपने जीएसटी पोर्टल खाते में लॉगिन करके आवेदन की स्थिति की निगरानी कर सकते हैं।

**जीएसटीआईएन प्राप्त करना:** आवेदन को स्वीकृत करने के बाद, आपको एक जीएसटी आइडेंटिफिकेशन नंबर (जीएसटीआईएन) प्राप्त होगा। यह आपकी जीएसटी पंजीकरण की पुष्टि है।

**रजिस्टर करने की पात्रता**

● पहले से टैक्स सर्विसेज़ प्री-जीएसटी कानून अधिनियम के तहत पंजीकरण। ● अनिवासी टैक्सेबल और कैजुअल टैक्सेबल व्यक्ति। ● रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत टैक्स के अधीन व्यक्ति। ● ई-कॉमर्स एग्रीगेटर। ● 40 लाख से अधिक टर्नओवर वाले बिज़नेस, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और उत्तर-पूर्वी राज्यों में, सीमा रु. 10 लाख है। ● सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर और सप्लायर के एजेंट इनपुट करें। ● ई-कॉमर्स एग्रीगेटर से माल बेचने वाले। ● 20 लाख या उससे अधिक के वार्षिक टर्नओवर वाले बिज़नेस।

**डिजिटल साइन:** कुछ मामलों में, आवेदन के साथ डिजिटल साइन की जरूरत हो सकती है।

यदि किसी भी चरण में समस्या आती है, तो जीएसटी पोर्टल पर **हेल्प** सेक्शन या अपने राज्य के जीएसटी कार्यालय से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### आईपीओ : 13 कंपनियां 8,644 करोड़ रुपये जुटाने को ला रहीं निर्गम

**नई दिल्ली।** आईपीओ बाजार में अगले सप्ताह बजाज हाउसिंग फाइनेंस समेत चार कंपनियां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम ला रही हैं। इसके जरिये कंपनियों की 8,390 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। इनके अलावा, नौ एसएमई अपना पहला निर्गम लाने में जुटे हैं। इन लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) का 254 करोड़ जुटाने का लक्ष्य है। इन 13 कंपनियों की आईपीओ से 8,644 करोड़ जुटाने की योजना है। एक्विरस के प्रबंध निदेशक मुनीष अग्रवाल ने कहा कि आईपीओ बाजार में दो सप्ताह में गहमागहमी देखने को मिलेगी।

# बैंक ऋण में गिरावट से निर्यातकों को नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

- 11 को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के साथ होने वाली बैठक में उठेगा मुद्दा

निर्यातकों को बैंक ऋण में गिरावट से क्षेत्र को नुकसान होगा और वे 11 सितंबर को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक के दौरान इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे। निर्यातकों का शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) के अधिकारी ने रविवार को यह कहा।

निर्यातकों के अनुसार 2021-22 और 2023-24 के बीच रुपये के लिहाज से निर्यात में 15% की वृद्धि हुई है, जबकि मार्च 2024 में बकाया ऋण, मार्च 2022 की तुलना में 5% कम हो गया है। फियो ने कहा कि निर्यात ऋण वृद्धि का देश के बढ़ते निर्यात से तालमेल नहीं है। फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी, माल ढुलाई (समुद्री और हवाई दोनों) में उछाल और लाल सागर संकट से लंबी अवधि के लिए अधिक ऋण की जरूरत के बावजूद हमने मार्च 2022 और मार्च 2024 के बीच निर्यात ऋण में गिरावट देखी है।

### घरेलू औषधि रसायन कारोबार में 10% वृद्धि की उम्मीद : ग्लेनमार्क

**नई दिल्ली।** ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने कहा है कि भारत में दवा में उपयोग होने वाले रसायन बाजार के अगले दशक में नौ से 10% की संचयी सालाना वृद्धि होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि जन औषधि केंद्र देश में बहुत मजबूत इकाई के रूप में उभर सकती हैं। घरेलू औषधि रसायन बाजार का आकार दो लाख करोड़ होने का अनुमान है, जिसमें दो दशकों में सालाना 11% की वृद्धि हुई है। मुंबई स्थित दवा विनिर्माता ने रिपोर्ट में कहा कि अनुमान है कि जेनरिक खंड और जन औषधि केंद्र के विस्तार के साथ दस वर्षों में समग्र बाजार में इनकी 30% हिस्सेदारी हो सकती है।

### उप्र के पांच शहरों में अटकी पड़ी हैं 378 आवासीय परियोजनाएं

**नई दिल्ली।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा सहित उत्तर प्रदेश के पांच प्रमुख शहरों में 378 आवासीय परियोजनाएं अटकी हैं। इनमें 1.46 लाख फ्लैट हैं। रियल एस्टेट आंकड़ा विश्लेषण कंपनी प्रॉपइक्विटी ने यह जानकारी दी।

- नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद लखनऊ और आगरा में हैं परियोजनाएं

उत्तर प्रदेश के नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ और आगरा में 1,45,880 फ्लैट वाले 378 आवासीय परियोजनाएं रुकी हैं। ग्रेटर नोएडा में 74,645 इकाइयों वाली 167 अवरुद्ध परियोजनाएं हैं। नोएडा में 41,438 इकाइयों वाली 103 परियोजनाएं हैं, जबकि गाजियाबाद में 15,278 इकाइयों वाली 50 परियोजनाएं हैं। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद दिल्ली-एनसीआर में महत्वपूर्ण संपत्ति बाजार हैं। लखनऊ में भी 13,024 फ्लैट वाली 48 आवासीय परियोजनाएं अटकी हैं। आगरा में 10 परियोजनाएं अवरुद्ध हैं, जिनमें 1,495 इकाइयां शामिल हैं।

# ऑनलाइन गेमिंग, बीमा प्रीमियम पर कराधान पर होगा विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

- जीएसटी परिषद की आज बैठक, जीएसटी और राजस्व प्रभाव पर पेश होगी रिपोर्ट

जीएसटी परिषद सोमवार (आज) को होने वाली बैठक में बीमा प्रीमियम पर कराधान, दरों को तर्कसंगत बनाने पर मंत्री समूह के सुझाव और ऑनलाइन गेमिंग पर रिपोर्ट समेत अन्य मुद्दों पर विचार कर सकती है। सूत्रों ने कहा कि फिटमेंट समिति जीवन, स्वास्थ्य और पुनर्बीमा प्रीमियम पर लगने वाले जीएसटी और राजस्व प्रभाव पर एक रिपोर्ट पेश करेगी। समिति में केंद्र और राज्य कर अधिकारी शामिल हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद इस बात पर फैसला करेगी कि स्वास्थ्य बीमा पर कर का बोझ मौजूदा 18% से कम किया जाए या वरिष्ठ नागरिकों जैसे कुछ श्रेणियों के व्यक्तियों को छूट दी जाए। परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। जीवन बीमा प्रीमियम पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के संबंध में भी विचार-विमर्श होने की संभावना है। केंद्र और राज्यों ने 2023-24 में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी के माध्यम से 8,262.94 करोड़ प्राप्त किए, जबकि स्वास्थ्य पुनर्बीमा प्रीमियम पर जीएसटी से 1,484.36 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई। बीमा प्रीमियम पर कराधान का मुद्दा संसद में उठ चुका है। विपक्षी सदस्यों ने मांग की कि स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को जीएसटी से मुक्त रखा जाए।



# पेरिस पैरालंपिक 2024



खेल डायरी

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी



## भारत ने पहले मैच में चीन को 3-0 से हराया

**हुलुनबुइर (चीन)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में मेजबान चीन पर 3-0 की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। भारत के लिए सुखजीत सिंह (14वें मिनट), उत्तम सिंह (27वें मिनट) और अभिषेक (32वें मिनट) ने गोल किए जबकि चीन एक भी गोल नहीं कर सका। ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक हासिल करने के बाद टूर्नामेंट में खेलने उतरी भारत ने शुरुआत में मिले मौकों को भुनाया और डिफेंस में भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। सुखजीत ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में भारत को बढ़त दिलाई जबकि दूसरे क्वार्टर की समाप्ति से ठीक तीन मिनट पहले उत्तम सिंह ने बढ़त दोगुनी कर दी जिससे भारत पहले हाफ तक 2-0 से आगे हो गया। खेल फिर से शुरू होने के ठीक दो मिनट बाद अभिषेक ने शानदार रिवर्स हिट से गोल किया। भारत पूल एक में अपने दूसरे मैच में सोमवार को जापान से भिड़ेगा। पिछले साल भारत ने घरेलू मैदान पर यह टूर्नामेंट जीता था जिससे वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई थी। वहीं, मलेशिया ने पाकिस्तान को 2-2 से बराबरी पर रोका जबकि जापान और कोरिया ने ड्रा खेला।

## टेस्ट सीरीज रावलपिंडी और मुल्तान में होगी : नकवी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा है कि इंग्लैंड के साथ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला रावलपिंडी और मुल्तान में खेली जाएगी। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में चल रहे काम का जायजा लेने के बाद नकवी ने कहा कि मुल्तान और रावलपिंडी तीनों टेस्ट मैचों की मेजबानी करेंगे। नकवी ने कहा ईसीबी ने मुल्तान और रावलपिंडी में टेस्ट खेलने के प्रति अपनी रजामंदी दे दी है। नकवी के प्रवक्ता मोहम्मद रफीउल्लाह ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा इस बारे में कोई संदेह ही नहीं होना चाहिए। श्रृंखला अपने तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगी। हम लगातार ईसीबी के संपर्क में बने हुए हैं और वे स्थान को लेकर भी संतुष्ट हैं। उल्लेखनीय है कि इस समय पाकिस्तान के विभिन्न स्टेडियम में निर्माण कार्य चल रहा है और इसी वजह से इंग्लैंड के साथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला की मेजबानी पेचीदा बन गई है। नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे नवीनीकरण के कार्य को देखते हुए कराची में दूसरे टेस्ट का आयोजन संभव नहीं है।

## नोएडा में आज से होगा अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट

**ग्रेटर नोएडा।** न्यूजीलैंड का लक्ष्य सोमवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में अफगानिस्तान की लंबी अवधि के प्रारूप में अनुभवहीनता का फायदा उठाना और उपमहाद्वीप में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत होने वाले मैचों के लिए लय हासिल करना होगा। न्यूजीलैंड का अफगानिस्तान के खिलाफ यह पहला टेस्ट मैच होगा जो उसके लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है। न्यूजीलैंड की टीम को उपमहाद्वीप की मुश्किल परिस्थितियों में छह टेस्ट मैच खेलने हैं। पिछले 40 वर्षों में यह पहला मौका होगा जब उसकी टीम उपमहाद्वीप में इतने अधिक टेस्ट खेलेगी। उपमहाद्वीप में न्यूजीलैंड का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। उसने यहां जो 90 मैच खेले हैं उनमें से 40 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम इस रिकॉर्ड में सुधार करने के लिए बेताब होगी।

## मोहन बागान ने कैथ का अनुबंध 2029 तक बढ़ाया

**कोलकाता।** मोहन बागान ने रविवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आगामी सत्र से पहले अपने गोलकीपर विशाल कैथ का अनुबंध 2029 तक बढ़ाने की घोषणा की। कैथ (28 वर्ष) 2022 में चेन्नईयिन एफसी से बागान की टीम में शामिल हुए थे और आईएसएल में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए 'गोल्डन ग्लव' विजेता बने। कैथ ने मोहन बागान को पिछले सत्र में लीग विनर्स शील्ड जीतने और एएफसी चैंपियंस लीग टू के लिए क्वालीफाई करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे पहले एएफसी कप के रूप में जाना जाता था। कैथ को हाल ही में संपन्न डूरंड कप में गोल्डन ग्लव से भी सम्मानित किया गया था, जहां उन्होंने मोहन बागान की फाइनल तक की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हिमाचल प्रदेश के रोहरू के इस खिलाड़ी ने कहा मैं जीवन भर मोहन बागान के लिए खेलना चाहता हूं। इसलिए मैंने क्लब के साथ दीर्घकालिक अनुबंध किया है।

## मोईन अली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**लंदन।** इंग्लैंड के ऑल राउंडर मोईन अली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने द डेली मेल समाचार पत्र से कहा अब अगली पीढ़ी का समय है। मुझे लगा कि यह संन्यास लेने का सही समय है। मैंने अपना काम कर लिया है। मोईन ने इंग्लैंड की तरफ से 68 टेस्ट, 138 एक दिवसीय और 92 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले। वह सीमित ओवरों के दोनों प्रारूप में विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम के सदस्य रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अब भी लगता है कि वह शीर्ष स्टार की क्रिकेट खेल सकते हैं लेकिन वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर यथार्थवादी बनने की कोशिश कर रहे हैं। मैं अब भी इंग्लैंड की तरफ से खेलने के लिए प्रयास कर सकता हूं लेकिन मैं जानता हूं कि मैं वास्तव में ऐसा नहीं करूंगा।

# भारतीय पैरालंपियंस ने दिए गर्व के कई क्षण

## पहली बार मिलीं कई उपलब्धियां, पेरिस पैरालंपिक में शक्ति के रूप में उभरा भारत

पेरिस, एजेंसी

दिव्यांग लेकिन असाधारण रूप से दृढ़ भारत के पैरा एथलीट को अपने पैरालंपिक अभियान पर गर्व महसूस होगा क्योंकि अधिकांश स्थापित नाम उम्मीदों पर खरे उतरे और कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने ही रिकॉर्ड तोड़ 29 पदक जीतकर बड़े मंच पर अपनी जगह बनाई। भारत ने कुल 29 पदक जीते जिसमें से सात स्वर्ण हैं जो देश के लिए पहली बार हुआ है।

भारत ने 2016 के चरण में ही अपनी उपस्थिति दर्ज करानी शुरू की थी जिसमें देश के पैरा एथलीट चार पदक जीत सके थे। इसके बाद उनका प्रदर्शन शानदार होता चला गया जिससे तोक्यो में पैरा खिलाड़ियों ने 19 पदक जीते।पांच खेलों में कुल 29 पदकों से केवल ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धा में ही 17 पदक मिले जिसने सुनिश्चित किया कि देश इन खेलों में शीर्ष 20 में शामिल रहा। पैरालंपिक में एक बार फिर चीन का दबदबा रहा जिसने 200 से ज्यादा पदक जीते।



### ट्रैक और जूडो में अप्रत्याशित पदक

भारत के 84 सदस्यीय दल ने पैरालंपिक इतिहास में ट्रैक स्पर्धाओं सहित कई पहले स्थान सुनिश्चित किए जिसमें धावक प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर टी35 और 200 मीटर टी35 श्रेणी में कांस्य पदक जीता। टी35 वर्ग उन खिलाड़ियों के लिए है जिनमें हाइपरटोनिया, अटैक्सिया और एथेटोसिस जैसे विकार होते हैं। प्रीति के पैर जन्म से कमजोर थे और बड़े होने पर उनकी स्थिति और खराब होती गई। वहीं पहली बार जूडो में पदक मिला। कपिल परमार ने पुरुषों जूडो के 60 किग्रा जे1 वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित करते हुए इस खेल में पहला पदक जीता। कपिल (24 वर्ष) बचपन में अपने गांव के खेतों में खेलते समय बिजली के झटके से घायल हो गए थे लेकिन उन्होंने इस दुर्घटना से खुद को उबारा। उन्हें जरूरतों को पूरा करने के लिए चाय बेचने के लिए भी मजबूर होना पड़ा लेकिन उन्होंने हालात को बदल दिया।

### तीरंदाजी और क्लब थ्रो ने पदक तालिका में आगे बढ़ाया



हरविंदर सिंह और धरमबीर जैसे खिलाड़ियों ने क्रमश: तीरंदाजी और क्लब थ्रो में अभूतपूर्व स्वर्ण पदक हासिल करके भारत को पदक तालिका में काफी ऊपर पहुंचाया। बिना हाथों के जन्म लेने वाली तीरंदाज शीतल देवी पहले से ही लाखों लोगों के लिए उम्मीद की किरण थीं। मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीतने के बाद इस 17 वर्षीय खिलाड़ी ने कभी हार नहीं मानने का का जज्बा दिखाया। उन्होंने अपने हाथों की बजाय पैरों का इस्तेमाल करके निशाना साधा जिससे वह पेरिस में दर्शकों की पसंदीदा बन गई। पर उनके एकल स्पर्धा में 1/8 एलिमिनेशन से बाहर होने के बाद दर्शकों को बहुत निराशा हुई। कुछ दिन बाद हरविंदर ने दबाव में संयम बरतते हुए तीरंदाजी में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता और साथ ही तोक्यो चरण के अपने कांस्य पदक का रंग भी बदला। वहीं क्लब थ्रो स्पर्धा में पहला और दूसरा स्थान हासिल करना भारत के लिए दुर्लभ उपलब्धि रही जिसमें धर्मबीर और प्रणव सोरमा एफ51 वर्ग में पोडियम पर पहुंचे। धर्मबीर एक दुर्घटना में कमर से नीचे लकवाग्रस्त हो गए थे।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 94 | 76 | 50 | 220 |
| ब्रिटेन | 49 | 44 | 31 | 124 |
| अमेरिका | 36 | 42 | 27 | 105 |
| नीदरलैंड्स | 27 | 17 | 12 | 56 |
| ब्राजील | 25 | 26 | 38 | 89 |
| इटली | 24 | 15 | 32 | 71 |
| यूक्रेन | 22 | 28 | 32 | 82 |
| फ्रांस | 19 | 28 | 28 | 75 |
| ऑस्ट्रेलिया | 18 | 17 | 28 | 63 |
| भारत | 7 | 9 | 13 | 29 |



### सुमित अंतिल और अवनि लेखरा ने खिताब बरकरार रखा

जहां कई स्पर्धाओं में पहली बार पदक आये तो वहीं भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और निशानेबाज अवनि लेखरा सहित कुछ खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें थीं जिन्होंने तोक्यो में स्वर्ण पदक जीता था। सुमित का बायां पैर एक दुर्घटना के बाद काटना पड़ा था। उन्होंने लगातार दूसरी बार भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर अपना ही पैरालंपिक रिकॉर्ड तोड़ दिया जबकि व्हीलचेयर पर रहने वाली राइफल निशानेबाज लेखरा ने एयर राइफल एसएच1 फाइनल में दबदबा बनाया बैडमिंटन कोर्ट से भी कुमार नितेश ने एक स्वर्ण पदक जीता जिन्होंने एक रोमांचक फाइनल में ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को हराया। नितेश ने भी एक ट्रेन दुर्घटना के बाद अपना पैर खो दिया था। उन्होंने आईआईटी-मंडी से स्नातक की पढ़ाई के दौरान बैडमिंटन खेलना शुरू किया था। भारत अगर पैरा तैराकों का एक पूल बना ले तो शीर्ष 10 में जगह बनाने की उम्मीद रख सकता है क्योंकि पेरिस में केवल एक तैराक ने देश का प्रतिनिधित्व किया। वहीं शीर्ष पर रहे चीन ने तैराकी में 20 स्वर्ण सहित 54 पदक जीते।

## क्रूर ताने भी झेले हैं पर हम भी सम्मान के हैं हकदार : नवदीप



पेरिस, एजेंसी

छोटे कद से पीड़ित नवदीप सिंह को हरियाणा के पानीपत जिले में अपने गांव में प्रशिक्षण की सामान्य कठिनाइयों के साथ लोगों के क्रूर तानों का भी सामना करना पड़ता था। नवदीप ने उन उपहासों को सफलता में बदलते हुए खेल के सबसे बड़े मंचों में से एक पैरालंपिक में स्वर्ण पदक हासिल किया। 4 फीट 4 इंच कद का 23 साल का यह खिलाड़ी भाला फेंक के एफ41 वर्ग में भारत का पहला स्वर्ण पदक विजेता बना।

- **4 फीट 4 इंच कद के भाला फेंक खिलाड़ी ने एफ41 वर्ग में दिलाया देश को पहला स्वर्ण**

उन्होंने अपने जैसे पैरा खिलाड़ियों के लिए उस तरह की सम्मान की मांग की जैसा की सामान्य खिलाड़ियों को मिलता है। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की ओर से साझा वीडियो में नवदीप ने अपने स्वर्ण पदक को दिखाते हुए कहा हमें भी उतना दर्जा मिलना चाहिए, मैंने भी देश का नाम रोशन किया है। मेरा उद्देश्य समाज को शिक्षित करना है कि हम भी इस दुनिया में मौजूद हैं और किसी को हमारा मजाक नहीं उड़ाना चाहिए, जो अक्सर होता है। हम भी अपने देश को गौरवान्वित कर सकते हैं। शुरुआत में बहुत सारी बाधाएं थीं लेकिन मैंने अपने खेल को जारी रखने के साथ खुद को मजबूत बनाये रखा। मुझे इसका अच्छा परिणाम मिला। यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा क्षण है, मुझे स्वर्ण पदक जीतने पर गर्व महसूस हो रहा है।

## ओसीए अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बने रणधीर सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गये। उन्हें रविवार को यहां इस महाद्वीपीय संस्था की 44वीं आम सभा के दौरान यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। पांच बार के ओलंपिक निशानेबाज रणधीर ओसीए अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र योग्य उम्मीदवार थे। उनका कार्यकाल 2024 से 2028 तक रहेगा। उनका चयन सर्वसम्मति से किया गया।

यह 77 वर्षीय कुशल प्रशासक 2021 से ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष थे। उन्होंने कुवैत के शेख अहमद अल-फहद अल-सबा की जगह ली है, जिन पर नैतिकता के उल्लंघन के कारण इस साल मई में खेल प्रशासन से 15 साल का प्रतिबंध लगा दिया गया था। भारतीय और एशियाई खेल संस्थाओं में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रहे रणधीर को खेल मंत्री और एशिया के सभी 45 देशों के शीर्ष खेल प्रशासकों की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर ओसीए अध्यक्ष चुना गया।

### युवा ओलंपिक 2030 के लिए भारत लगाएगा बोली: खेलमंत्री

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने रविवार को कहा कि भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने के लिए तैयार है। 44वीं ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) की आमसभा में डा. मनसुख मंडाविया ने कहा कि 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने लगाने जा रहा है। आईओए की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा आज 44वीं ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया महासभा के संयोजक के रूप में आपके सामने खड़ा होना एक बहुत बड़ा सम्मान और सौभाग्य की बात है।

## आर्यना ने जीती अमेरिकी ओपन की ट्रॉफी

न्यूयॉर्क, एजेंसी



जश्न मनातीं आर्यना सबालेंका। ● एजेंसी

आर्यना सबालेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में हरा कर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका में आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त पेगुला को 7-5, 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन में पहला और कुल मिलाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीता।

सबालेंका पिछले साल यहां फाइनल में हार गई थी जबकि इससे पहले वह दो बार सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने पहले सेट के आखिरी दो गेम और मैच के आखिरी चार गेम जीतने के बाद कहा पिछले साल मैंने यहां कड़ा सबक सीखा था। फाइनल के मुश्किल पलों में मैं मजबूत बने रहने की कोशिश कर रही थी। मैं खुद को यह याद दिलाने की कोशिश कर रही थी कि मैंने बहुत कुछ झेल लिया है और मैं इस दबाव को झेलने के लिए काफी मजबूत हूं। सबालेंका ने उन चुनौतियों का जिक्र भी किया जिनका सामना उन्हें पिछले कुछ वर्षों में करना पड़ा था। उनके पिता का 2019 में निधन हो गया था जबकि इस साल मार्च में उनके एक पूर्व प्रेमी की मृत्यु हो गई थी। दाहिने कंधे की समस्या के कारण उन्हें इस जुलाई में विंबलडन से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा।

- **दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना ने जीता अपना तीसरा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट**

उन्होंने कहा अपने पिता को खोने के बाद टेनिस के इतिहास में अपने परिवार का नाम दर्ज कराना हमेशा मेरा लक्ष्य रहा। जब भी मैं ट्रॉफी पर अपना नाम देखती हूं तो मुझे खुद पर बहुत गर्व होता है। मुझे अपने परिवार पर गर्व होता है जिन्होंने मुझे आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया था। सबालेंका पिछले साल फाइनल में कोको गॉफ से हार गई थी। तब उन्हें दर्शकों का समर्थन नहीं मिला था। गॉफ की तरह पेगुला भी अमेरिकी खिलाड़ी है, लेकिन दर्शक इस बार सबालेंका के प्रति कहीं अधिक उदार थे। पेगुला पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही थी। वह शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई तथा सबालेंका लगातार पांच गेम जीतकर पहला सेट जीतने के साथ ही दूसरे सेट में 3-0 की बढ़त बनाई। अमेरिकी खिलाड़ी ने इसके बाद वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन वह सबालेंका को चैंपियन बनने से नहीं रोक पाई। पेगुला ने कहा उसने महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया।

# बॉलीवुड हलचल



## कंगना की फिल्म को मिला यूए सर्टिफिकेट

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी अब जल्द ही पर्दे पर रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने एक्ट्रेस की फिल्म को सर्टिफिकेट दे दिया है। पर उन्होंने एक शर्त रखी है। सेंसर बोर्ड का कहना है कि फिल्म में से कुछ सीन्स काटने होंगे। साथ ही डिस्क्लेमर देना होगा, इसके बाद फिल्म रिलीज हो सकती है। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि सेंसर बोर्ड ने इमरजेंसी के फिल्म मेकर्स से कुछ सीन्स कट करने के लिए कहा है। साथ ही डिस्क्लेमर देने की बात भी उन्होंने रखी है। फिल्म में जो भी हिस्टॉरिकल इवेंट्स को दिखाया गया है, उसमें डिस्क्लेमर लगाने के लिए कहा है। इमरजेंसी को यूए सर्टिफिकेट मिला है। पर ये तभी मिलेगा, जब फिल्म मेकर्स सीन कट कर देंगे और डिस्क्लेमर दे देंगे। हालांकि, अबतक फिल्म की रिलीज को लेकर कोई अपडेट नहीं है। फिल्म थिएटर्स में कब आएगी, ये नहीं बताया गया है। सिर्फ सर्टिफिकेट मिला है, जिसका इंतजार फिल्म मेकर्स काफी समय से कर रहे थे।

## दीपिका के घर गूंजी किलकारी, बेटी का किया स्वागत



**मुंबई।** बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह बेटी के माता-पिता बन गए हैं। दीपवीर ने रविवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपने प्रशंसकों के साथ इस खबर की आधिकारिक पुष्टि की। पोस्ट में लिखा है, आपका स्वागत है बच्चा 8.9.2024। इस खुशखबरी के बाद दीपवीर के प्रशंसक ख़ुशी से झूम उठे। शनिवार को अस्पताल जाते समय दीपिका की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं थी। अपने पहले बच्चे का स्वागत करने से पहले, दीपिका और रणवीर शुक्रवार शाम को गणेश चतुर्थी के अवसर पर मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर गए। हाल ही में इस जोड़े ने अपने शानदार मैटरनिटी शूट से प्रशंसकों का मनोरंजन किया। दीपिका और रणवीर के इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा की गई संयुक्त पोस्ट में जोड़े ने इसे बुरी नजर से बचाने वाला और दिल इमोजी के साथ कैप्शन दिया। तस्वीरों में कपल को बेबी बंप को गले लगाते हुए देखा जा सकता है।

## रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन का पहला गाना मनासिलायो आज होगा रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन का पहला गाना मनासिलायो 9 सितंबर को रिलीज होगा। रजनीकांत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म वेट्टैयन को लेकर चर्चा में हैं। वेट्टैयन के निर्माताओं ने फिल्म के पहले गाने के बारे में अपडेट साझा किया है। वेट्टैयन के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि फिल्म का पहला सिंगल 9 सितंबर को रिलीज किया जाएगा।पहले गाने का शीर्षक मनासिलायो है। इस अपडेट को साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, अपने स्पीकर तैयार रखें। हमारा चेतन माल्टा के एक आदर्श मिश्रण के साथ आ रहा है मानसिलायो, वेट्टैयन का पहला सिंगल 9 सितंबर को रिलीज हो रहा है। अनिरुद्ध रविचंदर इस उच्च-बजट मनोरंजन के लिए साउंडट्रैक की रचना कर रहे हैं। इसके साथ इस फिल्म से रजनीकांत का नया पोस्टर भी साझा किया गया है। वेट्टैयन का निर्देशन टीजे ज्ञानवेल ने किया है।

## इंडिया बी ने ए को 76 रन से हराया

दलीप ट्रॉफी

बेंगलुरु, एजेंसी

रिषभ पंत (61) और सरफराज खान (46) की संघर्षपूर्ण पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंडिया बी ने रविवार को दिलीप ट्रॉफी के चौथे और आखिरी इंडिया ए टीम को 198 के स्कोर पर ढ़ेर कर 76 रन से मुकाबला जीत लिया है।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडिया ए ने कल के दो विकेट पर 27 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया था कि 13वें ओवर में नवदीप सैनी ने इंडिया ए के कप्तान शुभमन गिल (21) को पंत के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद इंडिया ए को ध्रुव जुरेल (शून्य) और तनुष कोटियान (शून्य) के दो और झटके लगे। इस दौरान के एल राहुल एक छोर थामे रहे। राहुल ने (57) रनों की धैर्यपूर्ण पारी खेली। शिवम दुबे (14), कुलदीप यादव (14), आवेश खान (3) और आकाश दीप (43) रन बनाकर आउट हुये। खलील अहमद (4) रन बनाकर नाबाद रहे। इंडिया बी के गेंदबाजों के आगे इंडिया ए के एल राहुल और अकाश दीप के अलावा कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। इंडिया ए की पारी 53 ओवर में 198 रन पर सिमट गई। यश दयाल ने तीन विकेट लिए। मुकेश कुमार और नवदीप सैनी को दो-दो विकेट मिले। वॉशिंगटन और नितीश एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले रिषभ पंत (61) और सरफराज (46) की संघर्षपूर्ण पारियों की मदद से भारत बी ने दलीप ट्राफी के रोमांचक मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को भारत ए के खिलाफ छह विकेट पर 150 रन बना कर 240 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त बनाई थी।



विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ी के साथ जश्न मनाते वॉशिंगटन। ● एजेंसी

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### वेनेजुएला में मादुरो विरोधियों पर खतरा बढ़ा

**कराकस।** वेनेजुएला की सरकार ने कहा है कि ब्राजील अब से देश में अर्जेंटीना के राजनयिक हितों की रक्षा नहीं कर सकेगा, जिससे शरण की उम्मीद में महीनों से अर्जेंटीना के दूतावास में रह रहे वेनेजुएला के सरकार विरोधी लोगों पर खतरा मंडराने लगा है। वेनेजुएला के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने ब्राजील को अपने फैसले के बारे में सूचित कर दिया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### तीन इजराइलियों की गोली मारकर हत्या

**यरुशलम।** वेस्ट बैंक-जॉर्डन सीमा पर रविवार को तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इजराइली अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारी एक ट्रक पर सवार होकर जॉर्डन की ओर से एलेन्बी ब्रिज क्रॉसिंग पर आया तथा इजराइली सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सेना के अनुसार, जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी ढेर हो गया। हमले में मारे गए तीनों व्यक्ति इजराइली नागरिक थे।

### इजराइल पर लेबनान से दागे गए 50 गोले

**यरूशलम।** उत्तरी इजराइल में लेबनान से लगभग पचास गोले दागे गए जिनमें से कुछ गोले वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराए गए। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार को टेलीग्राम पर कहा कि ऊपरी गलील में 5:35 बजे बजने वाले सायरन के बाद लेबनान से आने वाले लगभग 30 प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई। आईडीएफ एरियल डिफेंस एरे ने कई प्रोजेक्टाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया और बाकी खुले क्षेत्रों में गिर गए, इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### फिलिस्तीन समर्थक रैली में 8 को हिरासत में लिया

**लंदन।** लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई के खिलाफ हजारों लोगों के विरोध प्रदर्शन के दौरान आठ लोगों को हिरासत में लिया गया। हजारों गाजा विरोधी प्रचारक शनिवार को लंदन की सड़कों पर उतरे। मार्च कुछ देर के लिए तब रुक गया जब हाथ में हमास की निंदा करने वाला बैनर लिए कुछ लोगों ने इस आंदोलन को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस ने एक्स पर कहा कि कुल 8 गिरफ्तारियां की गईं जिसमें छह फिलिस्तीन समर्थक थे।

### एक्स को ब्लॉक करने के विरोध में निकाली रैली

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' को ब्लॉक करने के फैसले के विरोध में हजारों ब्राज़ीलियाई लोग सड़कों पर उतर आए। ब्राजील के सुप्रीम फेडरल कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरिस ने एलोन मस्क द्वारा सोशल नेटवर्क के लिए एक नया कानूनी प्रतिनिधि नियुक्त करने से इनकार करने के कारण देश में 'एक्स' को ब्लॉक करने का आदेश दिया। इसके अलावा न्यायाधीश ने पहले इसी कारण से ब्राजील में स्टारलिंक के खातों को फ्रीज कर दिया था।

### वियतनाम में तूफान से 14 लोगों की मौत

**हनोई, एजेंसी।** वियतनाम में तूफान 'यागी' के कारण देश के उत्तरी क्षेत्र में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई तथा 176 अन्य घायल हो गए। भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वियतनामी अधिकारियों द्वारा पिछले दशक में आए सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक यागी के कारण उत्तरी वियतनाम में 30 लाख से अधिक लोग बिना बिजली के रह रहे हैं।

### हसीना के प्रत्यर्पण को बांग्लादेश उठाएगा कदम

**ढाका।** बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के नव नियुक्त मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने रविवार को कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से प्रत्यर्पित कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि हाल में छात्र आंदोलन के दौरान हुई सामूहिक हत्याओं के आरोपों को लेकर उन पर मुकदमा चलाया जा सके। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा और वह भारत चली गईं।

### मंगल पर मानवरहित उड़ान की योजना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क ने दो साल में मंगल ग्रह पर स्टारशिप अंतरिक्ष यान की पहली मानव रहित उड़ान और उसके बाद मानवयुक्त मिशन की उम्मीद जताई है। मस्क ने एक्स पर कहा कि अगली पृथ्वी-मंगल स्थानांतरण विंडो खुलने पर मंगल ग्रह के लिए पहला स्टारशिप 02 साल में लॉन्च होगा। मंगल ग्रह पर लैंडिंग परीक्षण करने के लिए ये बिना चालक दल के होंगे।

# केंद्र मणिपुर की अखंडता की रक्षा को उठाए कदम

**इंफाल, एजेंसी**

- हिंसा की घटनाओं के बीच मुख्यमंत्री बीरेन ने की अपील

मणिपुर में हिंसा की नई घटनाओं के बीच मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार को केंद्र से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए कदम उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सिंह ने केंद्र सरकार से कुकी-जो समूहों द्वारा उठाई गई अलग प्रशासन की मांग के आगे न झुकने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कई विधायकों और विधानसभा अध्यक्ष के साथ राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की और एक बैठक की। उन्होंने ये अपील राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सौंपे ज्ञापन में की।

एक अधिकारी के अनुसार, आचार्य को सौंपे ज्ञापन में सिंह ने कहा कि केंद्र को मणिपुर में शांति सुनिश्चित करनी चाहिए और निर्वाचित राज्य सरकार को पर्याप्त शक्तियां देनी चाहिए। सिंह ने परिचालन निलंबन (एसओओ) समझौते को रद करने का भी आह्वान किया। एसओओ समझौते पर केंद्र, मणिपुर सरकार और कुकी उग्रवादी संगठनों के दो समूहों - कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) और यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते पर 2008 में हस्ताक्षर किए गए थे तथा उसके बाद समय-समय पर इसे बढ़ाया जाता रहा। राजभवन ने एक बयान में कहा कि सिंह ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ राज्यपाल से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। हालांकि, न तो राजभवन और न ही मुख्यमंत्री ने ज्ञापन की विषय-वस्तु साझा की।

# लाइलाज है मांसपेशियों की दुर्बलता, जागरुकता जरूरी



मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (मांसपेशीय दुर्विकास) एक न्यूरोमस्कुलर (तंत्रिकाओं और मांसपेशियों से जुड़ा हुआ) आनुवांशिक विकारों का एक समूह है जिसमें मांसपेशियां लगातार घटती जाती हैं और कमजोर भी होती जाती हैं। यह एक ऐसी अवस्था है जो वक्त के साथ लगातार बढ़ती ही जाती है। फिलहाल इसका पूरे विश्व में कोई इलाज नहीं है और इसे भारत व अमरीका समेत कई देशों में विकलांगता के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। भारत के दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में उल्लिखित 21 विकलांगताओं में एक मस्कुलर डिस्ट्रॉफी भी है। आइए इसे विस्तार में समझते हैं।

**मस्कुलर डिस्ट्रॉफी का इलाज :** फिलहाल मस्कुलर डिस्ट्रॉफी एक ऐसी स्थिति है जिसका कोई इलाज नहीं है लेकिन चिकित्सीय सहायता मांसपेशियों के कमजोर होने की दर को कम कर सकती है। इससे प्रभावित व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

### मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के कारण

हमारे शरीर में मांसपेशियों को बनाने हेतु प्रोटीन का निर्माण करने वाले कुछ जीन्स होते हैं। कुछ स्थितियों में इन जीन्स में उत्परिवर्तन या म्युटेशन हो जाते हैं जिसके कारण ये असामान्य रूप से कार्य करने लगते हैं। इनके असामान्य होने के कारण शरीर में मांसपेशियों की ताकत बनाए रखने वाले प्रोटीन का निर्माण और संचार उचित तरीके से नहीं हो पाता और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के लक्षण नजर आने लगते हैं।

### ड्यूशेन और मायोटोनिक के मामले सबसे अधिक

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के इन प्रकारों में ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और मायोटोनिक मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के मामले सबसे अधिक पाए जाते हैं। ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी केवल पुरुषों में पाया जाने वाला विकार है और इसके लक्षण 2 से 6 वर्ष की आयु में नजर आने लगते हैं। इससे प्रभावित पुरुष अमूमन 20 वर्ष की आयु से अधिक नहीं जी पाते। स्त्रियां हालांकि इससे प्रभावित नहीं होती लेकिन वे मां के रूप में इसकी वाहक जरूर हो सकती हैं। मायोटोनिक मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से भी बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होते हैं। इसके लक्षण बालपन से लेकर वयस्क अवस्था तक कभी भी उभर सकते हैं।

### जागरूक रहकर ही इससे पा सकते हैं पार

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी मांसपेशियों को प्रभावित करती है और प्रगतिशील होने के कारण यह विकार व्यक्ति की स्थिति को लगातार कमजोर करता जाता है। ऐसी स्थिति से बेहतर तरीके से निबटने के लिए बहुत जरूरी है कि हम जागरूक हों। यह आलेख जागरूकता फैलाने की ओर हमारा एक कदम है। इस लेख को पढ़कर और इसे अपने आस-पास के लोगों के साथ साझा करके आप जागरूकता के इस मुहीम का हिस्सा बन सकते हैं।

### मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के प्रकार

- मायोटोनिक मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- बेकर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- लिम्ब एंड गर्डल मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- फेसियोस्कैपुलोह्यूमरल मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- कौनजेनाइटल मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- ऑक्यूलोफेरैन्जल मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- डिस्टल मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- एमरी-ड्रेइफस मस्कुलर डिस्ट्रॉफी

### मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के लक्षण

- कदमों में लड़खड़ाहट
- दौड़ने या कूदने में परेशानी
- बार-बार गिरना
- लेटने या बैठने में कठिनाई
- नजर में कमजोरी
- मांसपेशियों में जकड़न
- कद न बढ़ना
- तेजी से वजन घटना
- बौद्धिक विकास में रुकावट आदि।

# भारत बहुपक्षवाद का उत्साही व प्रतिबद्ध समर्थक : फ्रांसिस

## संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष ने की टिप्पणी

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**



- कहा-वैश्विक मामलों में निरंतर योगदान देता रहा है भारत

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत बहुपक्षवाद का उत्साही एवं प्रतिबद्ध समर्थक रहा है और 1.4 अरब की आबादी वाले लोकतंत्र के रूप में वैश्विक मामलों में निरंतर मजबूत योगदान देने के लिए उसका उज्ज्वल भविष्य है। फ्रांसिस ने 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा के इस सत्र के प्रमुख के तौर पर सोमवार को अपना एक साल का कार्यकाल खत्म होने से पहले ये टिप्पणियां कीं। फ्रांसिस ने यहां कहा कि इसमें कोई शक नहीं है-भारत निश्चित तौर पर संयुक्त राष्ट्र में अग्रणी देश है। भारत बहुपक्षवाद का उत्साही और प्रतिबद्ध समर्थक रहा है, जिसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा काफी महत्व दिया जाता है।

कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमन यांग 10 सितंबर को महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे। फ्रांसिस ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि विश्व निकाय में भारत की भूमिका जारी रहे और मजबूत होती रहे। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि भारत की सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने की महत्वाकांक्षा है। सदस्य इस पर फैसला लेंगे कि उन्हें परिषद में कैसे सुधार करना है, सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए कौन-से देश सबसे उपयुक्त होंगे और शक्तियों का विभाजन किस तरह से किया जाएगा। फ्रांसिस ने कहा कि लेकिन (भारत के) 1.4 अरब की आबादी वाला लोकतंत्र होने के कारण, मुझे विश्वास है कि कोई भी इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकता कि भारत का वैश्विक मामलों में निरंतर मजबूत योगदान देने के लिए उज्ज्वल भविष्य है।

### विशेषज्ञता साझा करना सराहनीय कार्य

फ्रांसिस ने कहा कि भारत ने दक्षिण सहयोग के संदर्भ में ग्लोबल साउथ में अन्य विकासशील देशों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करने में एक उन्नत विकासशील देश के रूप में बड़ी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है, जिसके लिए भारत सरकार की सराहना की जानी चाहिए। पिछले सप्ताह, संयुक्त राष्ट्र में भारत के मनोनीत स्थायी प्रतिनिधि पार्थवनेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में फ्रांसिस से मुलाकात की थी। राजदूत हरीश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें पारस्परिक हित के विभिन्न मुद्दों पर फ्रांसिस के विचारों से लाभ हुआ। उन्होंने फ्रांसिस के कार्यकाल के दौरान भारत को मिले महासभा के समर्थन की सराहना भी की।

### भारत के साथ काम करना चाहता है अमेरिका : बिस्वाल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन जैसी कुछ प्रमुख वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए भारत के साथ काम करने का इच्छुक है। यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (डीएफसी) की उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी निशा देसाई बिस्वाल ने यह बात कही। उनकी यह टिप्पणी इस सप्ताह भारत की उनकी प्रस्तावित यात्रा से पहले आई है। बिस्वाल ने कहा कि मुद्दा यह नहीं है कि भारत को किस चीज में मदद की जरूरत है, बल्कि यह है कि अमेरिका और भारत समस्याओं के समाधान के लिए किस तरह मिलकर काम कर रहे हैं।

## इमरान ने संशोधित कानूनों के तहत की अपनी रिहाई की मांग



**इस्लामाबाद।** एक ओर जहां पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश 1999 में सुप्रीम कोर्ट की ओर से बहाल किए गए संशोधनों के खिलाफ रैली निकाला था, वहीं दूसरी ओर उनकी कानूनी टीम ने शनिवार को जवाबदेही अदालत में आवेदन दायर करके पूर्व प्रधानमंत्री को 19.0 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार मामले में बरी करने की मांग की। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि खान की कानून टीम ने अपनी याचिका में दलील दी है कि संशोधित कानून संघीय कैबिनेट के फैसलों की रक्षा करता है। गौरतलब है कि यह मामला अल कादिर यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के नाम पर नहर भूमि के कथित अधिग्रहण से जुड़ा हुआ है, जिसके कारण सरकारी खजाने को 19 करोड़ पाउंड (करीब 50 अरब रुपये) का नुकसान हुआ था।

# भारत-यूएई के संबंध होंगे मजबूत और खुलेंगे साझेदारी के नए रास्ते

- क्राउन प्रिंस वली अहद पहुंचे दिल्ली गर्मजोशी से किया गया स्वागत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का नई दिल्ली आगमन पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उनका स्वागत किया।

अबू धाबी के वली अहद (युवराज) शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा के तहत रविवार को नई दिल्ली पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। नाहयान अपने भारत प्रवास के दौरान पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा और संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हवाई अड्डे पर अहद की अगवानी की, जिसके बाद उनका औपचारिक स्वागत किया गया। यह उनकी इस यात्रा को भारत द्वारा दिए गए महत्व को दर्शाता है।

नाहयान के साथ संयुक्त अरब अमीरात सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। अल नाहयान एक व्यापार मंच में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अल नाहयान की यात्रा से भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच संबंध और मजबूत होंगे तथा नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के रास्ते खुलेंगे।

### विदेश मंत्री जयशंकर पहुंचे सऊदी अरब

**रियाद।** विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में हिस्सा लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को रियाद पहुंचे। इसके बाद वह जर्मनी और स्विट्जरलैंड जाएंगे। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि भारत-खाड़ी सहयोग परिषद के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में हिस्सा लेने के लिए सऊदी अरब की राजधानी रियाद पहुंचा। गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए प्रोटोकॉल मामलों के उपमंत्री अब्दुलमजीद अल समारी का आभार।

### भारत-अमेरिका संबंध मजबूत करने अमेरिका पहुंचे राहुल

**ह्यूस्टन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी तीन दिवसीय यात्रा पर रविवार को अमेरिका पहुंचे। इस दौरान, राहुल भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए सार्थक एवं गहन बातचीत करेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने 'फेसबुक' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका के टेक्सास प्रांत के डलास में भारतीय प्रवासियों और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के सदस्यों ने गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया, जिससे मैं वास्तव में बहुत प्रसन्न हूं। अमेरिका आगमन की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए राहुल ने कहा कि मैं इस यात्रा के दौरान सार्थक चर्चाओं और गहन बातचीत में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं, जिससे दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने पिछले हफ्ते कहा था कि राहुल को कैपिटल हिल में विभिन्न लोगों से व्यक्तिगत तौर पर बातचीत करने का मौका मिलेगा।

### सिंगापुर में पहली बार आयोजित हुआ भोजपुरी कार्यक्रम

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर में बढ़ते भारतीय सांस्कृतिक वैभव की झलक पेश करते हुए हाल में पहली बार एक भोजपुरी कार्यक्रम का मंचन किया गया। देश में कलाकार वैश्विक एवं बहुराष्ट्रीय दर्शकों के सामने लगातार भाषाई विविधता एवं सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित कर रहे हैं। भोजपुरी एसोसिएशन सिंगापुर (बीएएस) के अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारतीय प्रवासी समुदाय खासतौर पर विदेशों में अपने परिवारों के साथ रहने वाले पेशेवर पहले से कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ रहे हैं। और उनके साथ अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को साझा करने लिए हम प्रतिभाशाली कलाकारों को इस तरह सामने ला रहे हैं कि वे उन्हें अपनी जड़ों से जुड़ने में मदद कर पाएं। बीएएस ने कहा कि पहली बार 31 अगस्त को 'नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस)' में उसने एक भोजपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया।

# अगर दुर्गा पूजा पर माहौल बिगाड़ा तो कड़ी कार्रवाई

**ढाका, एजेंसी**

- बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दी उपद्रवियों को चेतावनी
- हिंदुओं को सुरक्षा का आश्वासन उत्साह से पर्व मनाने का आग्रह

दुर्गा पूजा के दौरान अशांति पैदा होने की आशंकाओं के बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने रविवार को संदिग्ध उपद्रवियों को चेतावनी देते हुए इस हिंदू त्योहार के दौरान पूजा स्थलों को निशाना बनाने या साम्प्रदायिक सद्भाव भंग करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का संकल्प लिया। दुर्गा पूजा उत्सव नौ अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक मनाया जाएगा।

धार्मिक मामलों के सलाहकार डॉ. एएफएम खालिद हुसैन ने राजशाही जिले के गोदागारी में प्रेमातली गौरंग बाड़ी कालीमंदिर के दौरे पर कहा कि अगर कोई पूजाघरों में व्यवधान डालता है या लोगों को परेशान करता है, तो हम उन्हें नहीं बख्शेंगे। हम उन्हें कानून के तहत सजा दिलाएंगे और शांति सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने हिंदू समुदाय से अपने त्योहारों को उत्साह के साथ मनाने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि किसी को भी उनके मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## ईरान ने रूसी सेना को बैलिस्टिक मिसाइलें दीं

**अमेरिका को संदेह**

**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका का मानना है कि ईरान ने हाल ही में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दी हैं। अमेरिकी खूफिया सूत्रों के अनुसार, ईरान ने हाल ही में यूक्रेन के खिलाफ संघर्ष में उपयोग के लिए रूस को कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें प्रदान की हैं। अमेरिकी और पश्चिमी अधिकारियों ने इसके संदर्भ में लगभग एक साल से चेतावनी दी थी। उन्होंने यह नहीं बताया कि रूस को कितने हथियार प्रदान किए गए हैं या कब दिया गया।



**जांबाज** रांची के मोरहाबादी मैदान में नो योर आर्मी कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान करतब दिखाते सेना के जवान। ● एजेंसी

## हैरिस का समर्थन करने के पुतिन के फैसले से हैरान हैं ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का समर्थन करने के फैसले से हैरान हैं। गौरतलब है कि पुतिन ने पूर्वी आर्थिक मंच के पूर्ण सत्र के दौरान मज़ाक में कहा था कि रूस डेमोक्रेटिक पार्टी की अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैरिस का समर्थन करेगा, जैसा कि मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सुझाया है। उन्होंने कहा कि हैरिस की हंसी इतनी अच्छी है कि कोई भी यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि वह अच्छा कर रही हैं।

# गाय हो या व्यक्ति, किसी की भी लिंचिंग नहीं होनी चाहिए

**पटना, एजेंसी**



- पटना में बोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार
- जाति जनगणना पर बोले-जातिवाद के जहर को दूर रखना जरूरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ पदाधिकारी इंद्रेश कुमार ने रविवार को कहा कि न किसी व्यक्ति 'लिंचिंग' (पीट-पीट कर हत्या) होनी चाहिए और न ही गाय की। आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य ने पटना में कहा कि संघ अपने प्रमुख मोहन भागवत द्वारा जाति जनगणना के पक्ष में व्यक्त किए गए विचारों के साथ खड़ा है। इंद्रेश ने कहा कि भागवत जी ने जो कहा है, वह आरएसएस के शत-प्रतिशत स्वयंसेवकों का विचार है। जाति एक वास्तविकता है जिसे हम नकार नहीं सकते। लेकिन हमें जातिवाद के जहर को दूर रखने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, इसी तरह, हमारा भी मानना है कि कई धर्म हैं और रहेंगे। लेकिन हमें धार्मिक कट्टरता और उसके कारण होने वाली हिंसा से सावधान रहना चाहिए। लोगों को सभी के प्रति सम्मान रखते हुए अपने पथ का अनुसरण करना चाहिए।

गोरक्षकों द्वारा पीट-पीट कर हत्याएं किए जाने और विपक्ष द्वारा इनके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराए जाने के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि देश और दुनिया के कई हिस्सों में लोग मांस खाते हैं। लेकिन हमें यह समझना चाहिए कि लोग गायों के प्रति संवेदनशील हैं।

## डोभाल ब्रिक्स बैठक में भाग लेने रूस जाएंगे, यूक्रेन पर भी चर्चा होने की संभावना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को और कीव यात्राओं के बाद यूक्रेन संघर्ष का समाधान खोजने में भारत की संभावित भूमिका की मांग की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इस सप्ताह रूस की यात्रा पर जा रहे हैं। डोभाल मुख्य रूप से ब्रिक्स समूह के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस जा रहे हैं। यह बैठक रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग समाप्त करने के लिए दोनों देशों के बीच शांति वार्ता को लेकर नए सिरे से जारी प्रयासों के बीच हो रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एनएसए डोभाल ब्रिक्स बैठक के लिए रूस जा रहे हैं। ऐसी संभावना है कि वह अपने रूसी समकक्ष के साथ बातचीत भी करेंगे और क्षेत्र में शांति लाने के तरीकों पर विमर्श करेंगे। डोभाल की रूस यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूक्रेन की राजधानी कीव की हाई-प्रोफाइल यात्रा के ढाई सप्ताह बाद हो रही है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने शनिवार को कहा कि भारत और चीन इस संघर्ष का समाधान खोजने में भूमिका निभा सकते हैं।

# पाकिस्तान में शिक्षा आपातकाल घोषित

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



- शहबाज शरीफ ने निजी क्षेत्र और नागरिक संगठनों से मांगा सहयोग

पाकिस्तान ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर देश में स्कूलों से वंचित 2.60 करोड़ बच्चों को शिक्षित करने के इरादे से 'शिक्षा आपातकाल' की घोषणा की। सरकारी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान की खबर के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस कदम की घोषणा की और निजी क्षेत्र तथा नागरिक संगठनों से सरकार का सहयोग करने का आग्रह किया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नेता शहबाज (72) ने शिक्षा एजेंडे को आगे बढ़ाने तथा सूचना के मामले में सबल एवं टिकाऊ राष्ट्र के लिए प्रयास करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि हमने पूरे देश में शैक्षिक आपातकाल घोषित कर दिया है, छात्रों के लिए नामांकन अभियान शुरू किया है और स्कूलों में बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन शुरू किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि साक्षरता एक मौलिक मानवीय और संवैधानिक अधिकार है जो हमारे देश के भविष्य की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ने और लिखने की क्षमता नहीं है, बल्कि यह सशक्तीकरण, आर्थिक अवसरों और समाज में सक्रिय भागीदारी का प्रवेश द्वार है।

### स्कूल न जाने वाले बच्चों के दाखिले का संकल्प

इससे पहले मई में भी शहबाज शरीफ ने शिक्षा आपातकाल की घोषणा की थी और स्कूल न जाने वाले लगभग 2.60 करोड़ बच्चों को दाखिला दिलाने का संकल्प लिया था। संयुक्त राष्ट्र के निकाय यूनेस्को ने रेखांकित किया है कि विकासशील देशों में चार में से तीन बच्चे 10 वर्ष की आयु तक बुनियादी पाठ्य सामग्री को पढ़ या समझ नहीं सकते हैं, तथा विश्वभर में अब भी 75.4 करोड़ वयस्क निरक्षर हैं, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं।